सूर्योदय 6:18 सूर्यास्त 5:57

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.8 न्यू | 22.8 अधि |
| धर्मशाला | 16.4 न्यू | 27.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81634.81 |
| निफ्टी | 25013.15 |
| सोना 77,450 | चांदी 93,577 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



मिथुन चक्रवर्ती को मिला दादा साहब फाल्के पुरस्कार

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 9 अक्तूबर 2024 | 24 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 293, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## सप्तम मां कालरात्रि



**सातवें** नवरात्र पर देवी दुर्गा के मां कालरात्रि स्वरूप की पूजा की जाती है। देवी के इस रूप की आराधना करने से साधक बुरी शक्तियों से दूर रहते हैं और अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है।

माना जाता है कि इनकी पूजा करने से सिद्धियां प्राप्त होती हैं। इनकी आराधना करने से पहले देवी काली की प्रतिमा के आसपास गंगाजल का छिड़काव करें। इसके बाद घी का दीपक जलाएं। फिर आप रोली, अक्षत, गुड़हल का फूल माता की तस्वीर के सामने अर्पित करें। अंत में आप पूरे परिवार के साथ कपूर या दीपक से माता की आरती करें। मां कालरात्रि की रुद्राक्ष की माला से मंत्रों का जाप करें। यह भी बहुत फलदायी होता है।

ॐ कालरात्र्यै नमः।
एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना
खरास्थिता, लम्बोष्टी कर्णिकाकर्णी
तैलाभ्यक्तशरीरिणी।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभू
षणा, वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा
कालरात्रिर्भयंकरी॥

## प्रधानमंत्री मोदी कल से लाओस की यात्रा पर



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 10 से 11 अक्तूबर तक लाओस की दो दिवसीय यात्रा करेंगे। इस दौरान वह 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने यह जानकारी दी। लाओस, दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) का वर्तमान अध्यक्ष देश है। लाओस के अपने समकक्ष सोनेक्से सिफानदोन के निमंत्रण पर पीएम मोदी लाओस की राजधानी विएंतियाने का दौरा करेंगे।

## मोहम्मद अजहरुद्दीन ईडी के समक्ष पेश, पूछे कई सवाल



**हैदराबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में ईडी के समक्ष पेश हुए। यह मामला हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है। ईडी ने अजहरुद्दीन से कई सवाल पूछे। ईडी ने इस संबंध में पिछले साल नवंबर में छापेमारी की थी।

## असम में 11 करोड़ की ड्रग्स जब्त, 2 गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग अभियानों में करीब 11 करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामद की है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 'एक्स' पर बताया कि बिश्वनाथ और कछार जिलों से गांजा, हेरोइन और याबा टैबलेट बरामद किए हैं। इनकी कीमत 1.57 करोड़ व सिलचर और रामनगर में 7 करोड़ की ड्रग्स व एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कामरूप जिले के बोको में एक व्यक्ति से 2.4 करोड़ रुपए से ज्यादा की ड्रग्स बरामद की है।

## एसपी की लोकेशन ट्रेस करने वाले एसआई समेत 7 सस्पेंड

**भिवाड़ी (अलवर)।** भिवाड़ी साइबर सैल के सब इंस्पेक्टर (एसआई) और 6 पुलिसकर्मी एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी के मोबाइल नंबर से लोकेशन ट्रेस कर रहे थे। एसपी ने भनक लगते ही सभी आरोपी पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। अब हेडक्वार्टर के स्तर से मामले की जांच की जा रही है। एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने बताया- मैं ईमानदारी से अपना काम कर रही हूं। मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरे ही विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस तरह से मुझे निराश करेंगे।


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें



- दीपावली पर अनधिकृत निर्माण और अवैध बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध -पेज 2
- टांडा मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टर लगा रहे ओपीडी स्लिप में मुहरें -पेज 4
- ...तो कांगड़ा में 24000, प्रदेश में ब्लॉक होंगे लाखों राशन कार्ड -पेज 5
- आरजी कर मामला: 50 वरिष्ठ डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा -पेज 13
- श्रीलंका पर बड़ी जीत से नेट रन रेट में सुधार करने उतरेगा भारत -पेज 14


### जनादेश : विधानसभा चुनाव में छोटी पार्टियों को हुआ बड़ा नुकसान, हरियाणा में तीसरी बार खिला कमल, जेएंडके में पंजे का जलवा

# हरियाणा में भाजपा, जेएंडके में नेकां-कांग्रेस सरकार

विधानसभा चुनाव रिजल्ट




**एजेंसी, चंडीगढ़/जम्मू**

**हरियाणा** में भाजपा और जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस-नेकां की सरकार बनना तय है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में 90-90 सीटों पर हुए विधानसभा चुनावों के नतीजे मंगलवार को सामने आने से कई राजनीतिक दलों की धुकधुकी शांत हो गई है।

रुझानों के मुताबिक, हरियाणा में भाजपा को 48, कांग्रेस को 37 व अन्य दलों को पांच सीटें मिलती दिख रही हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस को 42 और भाजपा की 29 सीटों पर जीत मिलना तय है। कांग्रेस को छह और पीडीपी को 3 सीटें ही मिलने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस के गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुमत हासिल कर लिया है। नेकां के नेता उमर अब्दुल्ला का एक बार फिर मुख्यमंत्री बनना तय है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पार्टी का जनाधार खिसक गया है। वहीं, डोडा सीट जीतकर आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार मेहराज मलिक ने जीत दर्ज कर राज्य में पहली बार अपनी पार्टी का खाता खोला है।



### जम्मू-कश्मीर में 1.48 और हरियाणा में 0.38 फीसदी मतदाताओं ने चुना नोटा का विकल्प

**जम्मू**-कश्मीर में हरियाणा की तुलना में अधिक मतदाताओं ने नोटा बटन का प्रयोग किया। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव में दो करोड़ से अधिक मतदाताओं में से 67.90 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इनमें से 0.38 प्रतिशत ने नोटा विकल्प का इस्तेमाल किया। वहीं, जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 90 सीटों के लिए तीन चरणों में हुए चुनाव में कुल 63.88 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें से 1.48 प्रतिशत ने नोटा का विकल्प चुना।

### हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक कांग्रेस के मंसूबों पर फिरा पानी

**भाजपा** ने हरियाणा के चुनावी महाभारत में सत्ता विरोधी लहर के विपरीत लगातार तीसरी बार जीत हासिल की। पिछले विधानसभा चुनाव में राज्य में गठबंधन की सरकार चलाने वाली भाजपा ने इस बार 90 सदस्यीय विधानसभा में अकेले 48 सीटों पर स्पष्ट बहुमत हासिल करके दस वर्ष बाद सत्ता में वापसी के मुख्य विपक्षी कांग्रेस के मंसूबों पर पानी फेर दिया। भाजपा कांग्रेस पर भारी पड़ी और कांग्रेस 37 सीटों तक ही पहुंच पाई है। वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 40 और कांग्रेस को 31 सीटें मिली थी।



**बडगाम सीट**
उमर अब्दुल्ला ने पीडीपी प्रत्याशी सैयद मुंतजिर मेहंदी को 18,485 वोटों से हराया।

**गांदरबल सीट**
पीडीपी उम्मीदवार बशीर अहमद मीर को 10,574 वोटों से दी मात

**फारूक अब्दुल्ला बोले- उमर बनेंगे मुख्यमंत्री**

**नौशेरा में हार के बाद रविंदर रैना का भाजपा अध्यक्ष पद से इस्तीफा**

**लाडवा सीट :** सीएम नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस प्रत्याशी मेवा सिंह को 16054 वोटों से हराया।
**गढ़ी-सांपला सीट :** कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा 71465 वोट से चुनाव जीते।
**ऐलनाबाद सीट:** इनेलो महासचिव अभय सिंह चौटाला 15 हजार वोट से चुनाव हारे। इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी भरत सिंह बेनीवाल ने जीत दर्ज की है।



**जुलाना सीट :** कांग्रेस कैंडिडेट विनेश फोगाट ने 6015 वोटों से जीत दर्ज की है। उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार कैप्टन योगेश बैरागी को हराया है।

### इल्तिजा मुफ्ती बिजबेहरा सीट से हारीं



जम्मू-कश्मीर की श्रीगुफवारा-बिजबेहरा सीट से पीडीपी प्रमुख और पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती चुनाव हार गई हैं। इस सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के बशीर अहमद शाह वीरी चुनाव जीते हैं।

### भूपेंद्र सिंह हुड्डा बोले- हमें जनता का फैसला स्वीकार

**हरियाणा** के चुनाव परिणाम पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हमें जनता का फैसला स्वीकार है। पार्टी में तालमेल की कोई कमी नहीं थी। हमें कई जगहों से ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायतें मिली हैं। हम चुनाव आयोग से मुलाकात करेंगे।




### हरियाणा में हुई विकास और सुशासन की जीत : मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 'एक्स' पर हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत को 'विकास व सुशासन की राजनीति' की जीत करार दिया और राज्य के लोगों को भरोसा दिया कि वह उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा ने हरियाणा के इतिहास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और 48 सीट पर जीत दर्ज की। उन्होंने इस जीत के लिए अथक परिश्रम और पूरे समर्पण भाव से काम करने वाले भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

### विदेश जाकर देश का अपमान करने वालों को हरियाणा ने सबक सिखाया : शाह

**गृह** मंत्री अमित शाह ने हरियाणा की जीत पर कहा कि हरियाणा की जनता ने वोट बैंक के लिए विदेश जाकर देश का अपमान करने वालों को सबक सिखाया है। अमित शाह ने भाजपा को तीसरी बार अवसर देने के लिए हरियाणा की जनता का आभार जताया। वहीं, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भाजपा को सबसे अधिक मत प्रतिशत मिलने पर वहां की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में अब लोकतंत्र फिर से जीवित हुआ है, क्योंकि लोगों ने बिना दहशतगर्दी और आतंक के अपने प्रतिनिधि चुने हैं।

# वन्य जीवों के संरक्षण के लिए बनाएंगे नीति : सीएम सुक्खू

## 73वें वन्यजीव सप्ताह के समापन पर मोनाल को लिया गोद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को 73वें वन्यजीव सप्ताह के समापन समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने मोनाल पक्षी को गोद लेने की घोषणा की।

सीएम ने राज्य के लोगों से विभिन्न प्रजातियों के वन्यजीवों को गोद लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने तीतर प्रजातियों के संरक्षण पर व्यापक अध्ययन करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाने की घोषणा की। यह समिति तीतर प्रजाति के संरक्षण के लिए नीति बनाई जाएगी, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस खूबसूरत प्रजाति को देख सकें और जानकारी हासिल कर सकें। उन्होंने प्रदेश के चिड़ियाघरों के लिए एकीकृत टिकट प्रणाली विकसित करने की घोषणा की। सीएम सुक्खू ने स्पीति घाटी के 'सरचू' के संरक्षण रिजर्व के रूप में शामिल करने की घोषणा की।

वहीं, मुख्यमंत्री ने दुर्गेश अरणय ज्यूलोजिकल पार्क और स्पीति वाइल्ड लाइफ डिविजन के लिए दो नई वेबसाइटों का शुभारंभ किया। उन्होंने फिल्ड कंपेंडम ऑन रेस्क्यू ऑफ वाइल्ड एनिमल्स इन डिस्ट्रैस एंड देयर रेस्क्यू, आरचिडस ऑफ शिमला वाटर केचमैंट, स्पितिज नेचुरल टेपेस्ट्री और द मैनेजमैंट प्लेन ऑफ पॉटर्स हिल कंजर्वेशन रिजर्वस जैसे प्रकाशनों का भी अनावरण किया। इस मौके पर ठियोग तहसील के लायक राम और शवानु राम को वन्यजीव संरक्षण के प्रति किए गए प्रयासों के लिए सम्मानित किया।

### आग की घटनाओं पर जताई चिंता

**मुख्यमंत्री** ने प्रदेश के वनों में आग लगने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है और रोकथाम के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। देहरा में 680 करोड़ रुपए की लागत से एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के चिड़ियाघर के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इस चिड़ियाघर का पहला चरण जून-2025 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# पूर्व भाजपा प्रत्याशी राकेश चौधरी ने निगला जहर, मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**धर्मशाला** विधानसभा क्षेत्र से दो बार निर्दलीय और एक बार भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ चुके राकेश चौधरी का मंगलवार को टांडा मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया।

**सोमवार रात को निगल लिया था जहरीला पदार्थ, पत्नी की हालत स्थिर**

राकेश चौधरी ने सोमवार रात को जहरीला पदार्थ निगल लिया था। इसके बाद उन्हें रात में ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, उनकी पत्नी को भी बीच बचाव करते हुए कीटनाशक मुंह में जाने के कारण टांडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया था और उनकी हालत स्थिर है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राकेश चौधरी सोमवार आधी रात शादी समारोह से घर लौटे थे। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भारत समेत कई देशों में एक घंटे तक इंस्टाग्राम सर्विस हुई प्रभावित

**नई दिल्ली।** भारत समेत कई देशों में इंस्ट्राग्राम की सर्विस मंगलवार को करीब 1 घंटे ठप रही। इंस्ट्राग्राम सुबह करीब 11.30 बजे डाउन हो गया था। कई यूजर्स ने अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और सर्विस मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म डाउनडिटेक्टर पर इसके डाउन होने की रिपोर्ट की। इंस्ट्राग्राम डाउन होने पर कई यूजर्स को ऐप लॉगिन में समस्या आ रही थी तो वहीं कुछ यूजर्स सर्वर कनेक्शन इश्यू फेस कर रहे थे। दोपहर 12:30 बजे सर्विस फिर से चालू हो गई।

# अमेरिकी वैज्ञानिक जॉन होपफील्ड और ज्यॉफ्री हिंटन को मिला फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार

**एजेंसी, स्टॉकहोम**



**अमेरिकी** वैज्ञानिक जॉन हॉपफील्ड और ज्योफ्री हिंटन को मशीन लर्निंग को सक्षम बनाने वाली खोजों के लिए भौतिकी के नोबेल पुरस्कार मिलेगा। मंगलवार को उनके नाम की घोषणा की गई।

नोबेल समिति ने कहा कि इन वैज्ञानिकों ने शक्तिशाली मशीन लर्निंग की बुनियाद समझे जाने वाले तरीके विकसित करने के लिए भौतिकी के उपकरणों का इस्तेमाल किया। होपफील्ड ने प्रिंसटन यूनिवर्सिटी में अपना अनुसंधान किया और हिंटन ने यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में शोध कार्य किया। पिछले साल भौतिकी का नोबेल पुरस्कार उन तीन वैज्ञानिकों को दिया गया था, जिन्होंने सेकंड के सबसे छोटे हिस्से के दौरान परमाणुओं में इलेक्ट्रॉन का अध्ययन किया।



WEMBLEY® SINCE 1961
Winner of National Award 2015 | Winner of GOLDEN PEACOCK AWARD LONDON
High Gloss Emulsion For Exterior & Interior | High Build Primer for High Gloss Emulsions
(An ISO 9001-2008 Certified Co.)
Wembley Paints & Chemicals
Bring Home Wide Range of Premium Interior & Exterior Paints
WEMBLEY
THE COMPLETE SOLUTION
For WOOD & WALL COATINGS (SINCE-1961)
JAIN TRADERS UNA Mob.: 9805002437
Authorized Distributors For: Himachal Pradesh
Wembley Paints and Chemicals and Indo Wembly Paints Pvt. Ltd.

# बिलासपुर की विभूतियां 'अनंत शिखर सम्मान' से सम्मानित

**शुभम राही, बिलासपुर**

हिमालय की तलहटी हिमाचल प्रदेश में तेजी से शिखर छूते दैनिक 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र के पहले वेंबली पेंट्स एंड केमिकल्स प्रेसेंट्स शिखर सम्मान 2024 समारोह में बिलासपुर जिला से आए समाजसेवियों साहित नेशनल खिलाड़ी को 'अनंत शिखर सम्मान' से सम्मानित किया गया। ऊना की रक्कड़ कॉलोनी के शुकराना रिजॉर्ट में आयोजित हुए इस सम्मान समारोह में कला, संस्कृति, साहित्य, समाजसेवी, एनजीओ, प्रसिद्ध उद्यमी और खेल प्रतिभाओं को सम्मानित कर 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए एक गहरी छाप छोड़ी है। (अनंत ज्ञान)

**ऊना में हुआ पहला अनंत शिखर सम्मान समारोह**

## सीमा सांख्यान, बिटिया फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष



**सीमा** सांख्यान मुलत बिलासपुर जिला के बरमाणा क्षेत्र की रहने वाली है। 2015 में इन्होंने बिटिया फाउंडेशन के नाम से एक संस्था शुरू की थी, जिसके बाद उन्होंने महिला उत्पीड़न मामले, गरीब बेटियों की शादी करवाना, विभिन्न मंचों के माध्यम से महिलाओं के अधिकार व उनको सम्मान देने की बात को कहना इत्यादि पर कार्य किया। वर्तमान में इनकी संस्था ऑल इंडिया लेवन पर वर्क करती है। इनकी संस्था के साथ हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, दिल्ली व अन्य राज्यों से लगभग 5 हजार लोग जुड़कर कार्य कर रहे हैं। इन्होंने अभी तक 2 हजार से अधिक गरीब व अनाथ बेटियों की शादी करवा चुकी हैं। सीमा सांख्यान को हिमाचल सरकार, दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार व अन्य राज्यों की सरकारें सम्मानित कर चुकी है।

## एचएएस रह चुके हैं केडी लखनपाल

**केडी** लखनपाल पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एचएएस रह चुके हैं। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों और विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के पद पर वह सेवाएं दे चुके हैं। लखनपाल धर्मशाला एजुकेशन बोर्ड के चेयरमैन भी रह चुके हैं।

वर्तमान में वह बिलासपुर में सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। पूर्व कर्मचारियों की मांगें हो या फिर गरीब आदमी की आवाज वह प्रत्येक मंच पर विभिन्न तब्के के लोगों की मांगे उठाते आ रहे हैं। उन्होंने बिलासपुर के कई पौराणिक स्थानों को फिर से जीवित और इनके जौणाद्वार को लेकर भी कई मंचों पर आवाज उठाई है। इनके बेटे हितेश लखनपाल धर्मशाला पुलिस में बतौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर सेवाएं दे रहे हैं और उनकी बहु धर्मशाला में बतौर जज के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

## रवि शंकर, जिला खेल अधिकारी बिलासपुर



**रवि** शंकर बिलासपुर शहर से संबंध रखते हैं। उन्होंने छोटी सी उम्र में हॉकी खेलना शुरू कर दी थी। उन्होंने हॉकी खेल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है। रवि शंकर हॉकी खेल में 14 नेशनल खेल चुके हैं। उन्होंने भारत के विभिन्न स्थानों पर हिमाचल को रिप्रेजेंट किया है और हिमाचल का नाम रोशन भी किया है। खेल में बेहतर प्रदर्शन करने के चलते उन्होंने प्रशासनिक परीक्षा उत्तीर्ण की और वर्तमान में वह जिला खेल अधिकारी के रूप में बिलासपुर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिला खेल अधिकारी रवि शंकर अभी तक शिमला, हमीरपुर जिला में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। खेलों के क्षेत्र में उनके अहम योगदान के लिए 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र के पहले शिखर सम्मान 2024 समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया।



वेंबली पेंट्स एंड केमिकल्स प्रेजेंट्स अनंत शिखर सम्मान-2024 से जिला सोलन (बद्दी) की राष्ट्रीय निशानेबाजी खिलाड़ी मोनिका को सम्मानित करते विधायक विवेक शर्मा।

# म्यूजिक मोनिका का पैशन, अनंत शिखर सम्मान से हुई सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

म्यूजिक मोनिका शर्मा का पैशन है। वह म्यूजिक में जीती हैं और इस क्षेत्र में अपनी मेहनत के बूते मुकाम हासिल करना चाहती हैं। हालांकि, उन्हें उस तरह का बड़ा मौका अभी तक नहीं मिला है, लेकिन वह प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्याओं में अपनी मधुर आवाज की छाप सबके दिलों पर छोड़ने में कामयाब रही हैं। मोनिका ने एमकॉम तक पढ़ाई की है। वह प्रभाकर भी कर रही हैं।

वर्तमान में वह कांगड़ा जिले के जयसिंहपुर उपमंडल के जय भारत पब्लिक स्कूल हारसी में म्यूजिक टीचर हैं।

बचपन से ही सिंगिंग में उनकी रुचि रही। उनकी पहली परफॉर्मेंस स्कूल में तब हुई थी जब वह छठी कक्षा में पढ़ती थी। नौवीं कक्षा तक पहुंचने के दौरान इन्होंने जागरण शुरू कर दिए थे। उन्हें काफी देर बाद स्टेज पर गाने का मौका मिला। उन्होंने दशहरा में भाग लिया। मोनिका की जयसिंहपुर में हुए ऑडिशन की एक वीडियो काफी वायरल हुई थी। उनकी सिंगिंग कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को पसंद आई और उन्होंने कुल्लू दशहरा में स्टार नाइट में गाने का मौका दिया। जयसिंहपुर में भी एसडीएम की बदौलत गाने का मौका मिला। अब वह संगीत गुरु पंकज कलोत्रा के पास क्लासिकल सिंगिंग की तैयारी कर रही हैं।



# बचपन से ही कलाकार सूरम को सीखने को मिला संगीत

**राजेश शर्मा, ऊना**

अनंत शिखर सम्मान-2024 के मुख्य प्रायोजक वेंबली पेंट्स एंड केमिकल्स के बैनर तले ऊना की रक्कड़ कॉलोनी के शुकराना रिजॉर्ट में शानदार कार्यक्रम यादगार बन गया। अनंत शिखर सम्मान से सम्मानित कलाकार सूरम ने बताया कि उनका जन्म 21 सितंबर, 1976 को नाहरी ध्यान सिंह गांव में हुआ है। उनके पिता का नाम गुरदास राम और माता का नाम सीता देवी है।

वह पांच भाई-बहनों में सबसे छोटे है। उनके दादा के पास एक रेडियो होता था, जिसमें रफी जी और किशोर दा और लता मंगेशकर जी के हिंदी गीत सुन कर बहुत अच्छा महसूस होता था। घर में भी संगीत का माहौल था। पिता जी ट्रंपेट प्लेयर थे तो, बचपन से ही संगीत सीखने को मिला ।

उसके बाद कॉलेज में एक साल गया वहां पर डॉक्टर बलवंत ठाकुर से संगीत सीखा। उसके बाद संगीत विषारद की और चार वर्ष का डिप्लोमा तबला में किया। 1999 से ऑल इंडिया रेडियो एफएम हमीरपुर और 2002 से ऑल इंडिया रेडियो शिमला केंद्र से लोक गीत गाए और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के गीत एवं नाटक प्रभाग में एक कैजुअल आर्टिस्ट के रूप में सेवाएं दी। लोक संगीत में जिला स्तरीय आठ अवॉर्ड हासिल किए हैं। (अनंत ज्ञान)



# रबड़ डॉल निधि डोगरा अनंत शिखर सम्मान से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

हमीरपुर जिले के सुजानपुर की बेटी निधि डोगरा, जिन्हें रबड़ डॉल के नाम से भी जाना जाता है, को ऊना में अनंत शिखर सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। निधि हमीरपुर स्थित सुपर मैग्नेट स्कूल में दसवीं कक्षा की छात्रा है।

वह योगासन में नौ बार राष्ट्रीय पदक हासिल कर चुकी हैं और राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व भी किया। निधि डोगरा ने छह बार योगासनों में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए। वह योगा बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसेडर भी हैं।

इसके अलावा देवभूमि हिम कला मंच शिमला की भी ब्रांड एंबेसडर है। राष्ट्रीय स्तर पर बॉर्न टू शाइन स्कॉलरशिप 2022 की विजेता रही। 25 जनवरी 2024 को जनरल लोकसभा चुनावों में जिला हमीरपुर का स्वीप यूथ आइकन भी चुना गया। साथ ही हिमाचल प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल योगासन और आर्टिस्टिक योगासन में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। खेलो इंडिया दस का दम 2023 में नॉर्थ जोन में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। हिमालयन गॉट टैलेंट सीजन-1, 2023, 2 -3 की ओवर ऑल विजेता रही है।

कोरोना काल में ऑनलाइन लाइव माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रही। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश की बेस्ट ऑफ बेस्ट योगा प्लेयर ऑफ हिमाचल प्रदेश भी रह चुकी है। विभिन्न प्रकार के रियल्टी शो भी जीते हैं, जिनमें किसमें कितना है दम सीजन 4 की योग कैटिगरी में विजेता रही है। देवभूमि हिम कला मंच द्वारा आयोजित हुनरबाज हिमाचल सीजन 2 की भी योग कैटेगरी में विजेता रही हैं। इन्हें हिमाचल के राज्यपाल, पूर्व सीएम जयराम ठाकुर, प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल आदि ने भी सम्मानित किया।



# दीपक जोशी : इनका मूल मंत्र मानवता की सेवा

**ऊना।** दीपक जोशी को समाज सेवा क्षेत्र में योगदान के लिए 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र द्वारा वेंबली पेंट्स एंड केमिकल्स प्रायोजित 'अनंत ज्ञान शिखर' सम्मान दिया गया है।

दीपक जोशी हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज विभाग में निरीक्षक सेवाएं दे रहे हैं। वह इंजीनियरिंग के छात्र रहे हैं। दीपक जोशी के पिता भी शिक्षाविद् रहे, जिनसे उन्होंने मानवता की सेवा का मूल मंत्र लिया।

उनकी प्रेरणा से ही वह बहुत समाज सेवी संस्थाओं से जुड़कर काम करते रहे हैं। दीपक जोशी करीब डेढ़ सौ दफा रक्तदान भी करके मानवता की सेवा की बड़ी मिसाल पेश कर चुके हैं। आपने अपने जीवन में कई छात्रों को निःशुल्क शिक्षा दी है। इसके अलावा दीपक जोशी ने अध्यापन को शौक के तौर पर रखते हुए गरीब छात्रों के लिए निःशुल्क शैक्षणिक शिविर भी आयोजित किए।



# शिक्षा और समाजसेवा में 20 साल से लौ जगा रहे डॉ. राजकुमार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

इतिहास और शिक्षा के क्षेत्र में 20 साल से शिक्षा की लौ जगाने के साथ समाजसेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल करने वाले डॉ. राजकुमार को अनंत शिखर सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। डॉ. राजकुमार मूलतः गांव कैहलमी, डाकघर तनोह, तहसील बंगाणा, जिला ऊना के निवासी हैं। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में इतिहास विभाग के समन्वयक एवं सहायक आचार्य पद पर कार्यरत हैं। वह चार साल तक राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रहे और तीन साल तक हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य स्तरीय राज्य सलाहकार समिति के सदस्य रहे। वर्ष 2012 से 2014 तक जिला ऊना के जिला प्रभारी भी रहे। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा के लिए सहयोग एवं मार्गदर्शन किया, जिसके बूते वह सरकारी एवं उच्च प्रतिष्ठित निजी संस्थानों में नियुक्ति प्राप्त कर चुके हैं।

अनंत शिखर सम्मान पाकर हुए गौरवान्वित



प्रकाशित पुस्तकें और शोध पत्र डॉ. राजकुमार की दो संपादित पुस्तकें और 14 शोध पत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शोध जनरल में प्रकाशित हो चुके हैं। इनके मार्गदर्शन में 20 शोधार्थी इतिहास विषय में स्नातकोत्तर उपाधि के लिए पीजी डिसर्टेशन कर चुके हैं और तीन शोधार्थी पीएचडी कर रहे हैं। इन्होंने वर्ष 2022 में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से अनुमोदित विशेष शोध परियोजना 'अनसंग हीरोज ऑफ फ्रीडम स्ट्रगल ऑफ्र इंडिया' हिमाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले 70

**70 स्वतंत्रता सेनानियों का जीवन परिचय संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित करवाया**

स्वतंत्रता सेनानियों का जीवन परिचय संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित करवाया। डॉ. राजकुमार 70 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय इतिहास सम्मेलनों कांफ्रेंस और सेमिनार में मुख्य वक्ता सत्र अध्यक्ष एवं शोध पत्र प्रस्तुतिकरण के रूप में भाग ले चुके हैं।

वर्ष 2024 तक एक अंतरराष्ट्रीय, चार राष्ट्रीय एवं दो राज्य स्तरीय इतिहास विषय सेमिनार का आयोजन कर चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में 50 से ज्यादा राजकीय महाविद्यालय और विद्यालयों में स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास और पर्यावरण जागरूकता विषय पर व्याख्यान दे चुके हैं। इनके व्याख्यानों से हजारों विद्यार्थियों को प्रेरणा प्राप्त हुई है।

## कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से हो चुके हैं सम्मानित

**डॉ. राजकुमार** को वर्ष 2012 में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार, रोटरी इंटरनेशनल जिला 3070 द्वारा अगस्त 2012 में 'व्यावसायिक श्रेष्ठता बहु आयामी प्रतिभा' अवार्ड, वर्ष 2016 में मध्य प्रदेश में विद्या देवी श्रीवास्तव अवॉर्ड फॉर बेस्ट रिसर्च पेपर, वर्ष 2022 में हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने इतिहास विषय में उत्कृष्ट शोध कार्य करने के लिए दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद में नेताजी सुभाष चंद्र स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में पुरस्कृत किया।

WEMBLEY Presents अनंत शिखर सम्मान-2024

## 'अनंत ज्ञान' के समस्त प्रबंधन का हार्दिक आभार

डॉ. राजकुमार ने अनंत ज्ञान शिखर सम्मान प्रदान किए जाने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि विगत 20 साल से शिक्षा क्षेत्र ही मेरी कर्मभूमि रहा है। मैं इस सम्मान को प्राप्त करने के लिए अपने माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन से ही यहां तक पहुंच पाया हूं। इस शिखर सम्मान में 30 से ज्यादा बहु आयामी प्रतिभावान विद्वानों, खिलाड़ियों और कलाकारों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। देश और समाज हित में कार्य करने वाले ऐसे महान लोगों से प्रेरणा मिलती है। अनंत ज्ञान शिखर सम्मान प्रदान करने के लिए मैं दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' के समस्त प्रबंधन का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

## न्यूज ब्रीफ

### ज्वालाजी-चंबापतन बंद पड़े रूट को बहाल करे विभाग

**सालबिया शर्मा, गरली।** ज्वालामुखी से बाया चंबापतन मनियाला होशियारपुर रूट पर चलने वाली एचआरटीसी बस पिछले लंबे अर्से से बंद है, लिहाजा विभाग द्वारा उपरोक्त बस को आज तक बहाल न करने पर लोगों में आक्रोश है। इस समस्या से परेशान लोगो ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि आगामी एक हफ्ते में उपरोक्त बस का रूट बहाल न किया तो मजबूरन विभाग के खिलाफ रोष रैली निकाली जाएगी। वहीं, इस बारे मंगलवार को ग्राम पंचायत गरली, नाहण, नगरोटा, बणी, सेहरी, जिला परिषद, उपाध्यक्ष ब्लॉक पंचायत समिति आदि पंचायत प्रधानों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर क्षेत्रीय प्रबंधक देहरा के भेजकर तुरंत कारवाई की मांग उठाई है। स्थानिय ग्रामीणों ने क्षेत्रीय प्रबंधक देहरा से मांग की है कि लोगों की सुविधा हेतु इस बस को फिर से चलाने बारे विचार किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### पुन्नर में चार दिवसीय दशहरा मेला आज से

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुन्नर के शांति मैदान में चार दिवसीय दशहरा मेला 9 से 12 अक्तूबर तक होने जा रहा है। मेला कमेटी के प्रधान लेखराज शर्मा ने बताया कि इस मेले में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिला रस्सा-कस्सी, पुरुष कबड्डी और कुश्ती मुख्य रूप से शामिल हैं। इस दौरान रस्सा-कस्सी की विजेता टीम को इनाम में 6100 रुपए, जबकि उपविजेता टीम को 4100 रुपए इनाम दिया जाएगा। कबड्डी में विजेता टीम को 9100 रुपए, जबकि उपविजेता टीम को 7100 रुपए इनाम के तौर पर दिए जाएंगे। छोटी कुश्ती में विजेता टीम को 3100 एवं उपविजेता टीम को 2100 रुपए की नकद राशि दी जाएगी। इसके साथ-साथ दो दिवसीय सांस्कृतिक संध्या में 11 अक्तूबर को हिमाचल की शान सोनम चौधरी एवं अमित मित्तु, जबकि 12 अक्तूबर मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में राजेश डोगरा एवं इशांत भारद्वाज अपनी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

### 'प्रयास' संस्था को भेंट में मिली एंबुलेंस





**राकेश डोगरा, डरोह।** कोरोना काल से कुछ माह पहले जनवरी 2021 में लोगों की निस्वार्थ सेवा भाव के उद्देश्य से शुरू की गई संस्था के काम से प्रेरित होकर ग्राम पंचायत बड़घवार (भवारना) से देवेंद्र सूद व राजिंद्र सूद दोनों भाइयों ने अपनी माता स्वर्गीय प्रकाशो देवी व पिता स्वर्गीय मेला राम भागड़ा की स्मृति में एम्बुलेंस भेंट की है। अब इस एंबुलेंस को भवारना के सिविल अस्पताल के साथ अटैच कर दिया जाएगा, ताकि जल्द ही मरीजों को इसकी सुविधा मिल सके, हालांकि एंबुलेंस की देख-रेख व इसके संचालन का जिम्मा 'प्रयास' संस्था खुद अपने हाथ में रखेगी। यह एम्बुलेंस यहां आने वाले मरीजों सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। संस्था इस एंबुलेंस सेवा के बदले कुछ न्यूनतम शुल्क भी मरीजों से लेगी। यह एंबुलेंस मरीजों की सेवा के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### रामायण सांस्कृतिक संध्या प्रतियोगिता 11 को

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** श्री रामलीला सभा कांगड़ा द्वारा कांगड़ा के नगर परिषद मैदान में 11 अक्तूबर को रामायण सांस्कृतिक संध्या प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। जानकारी देते हुए सभा के अध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि 11 अक्तूबर को सास्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें परिधान प्रतियोगिता समूह नृत्य, एकल नृत्य व रामलीला से संबंधित पात्रों के अभिनयों की प्रतियोगिता करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि रामलीला सास्कृतिक संध्या दिनांक 11 अक्तूबर शाम 3.30 बजे शुरू की जाएगी, जो भी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहता है, वे रामलीला के किसी भी सदस्य के पास अपना नाम दर्ज करवा सकता है। विजेता बच्चों को रामलीला सभा की तरफ से सम्मानित व नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वहीं रामायण प्रतियोगिता के दौरान विजया दशमी को बंपर पुरस्कार निकाले जाएंगे, जिसमें वाशिंग मशीन, एलईडी टीवी रामलीला सभा द्वारा निकाले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# टांडा मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टर लगा रहे ओपीडी स्लिप में मुहरें

## सिक्योरिटी गार्ड अपना काम छोड़ दूसरे कार्य में हैं मगन


**आशीष दमीर, कांगड़ा**

डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल टांडा आए दिन सुर्खियों में रहता है। अस्पताल प्रशासन हर बार बात करने पर यही कहता है कि मामला ध्यान में आया है।

मामला यह है कि जिसको जो कार्य करना चाहिए वह शायद अपने कार्य को भूल रहा है और उसकी जगह उसका कार्य कोई और कर रहा है। जी हां, यह हम इसलिए कह रहे हैं कि टांडा मेडिकल कॉलेज में सिक्योरिटी गार्ड का जो कार्य है वह उसे कार्य को न करके कहीं और ही मगन नजर आ रहे हैं और उनका कार्य कॉलेज में अपनी पढ़ाई पूरी कर रहे प्रशिक्षु डॉक्टर द्वारा लिया जा रहा है, जबकि प्रशिक्षु डॉक्टर को मरीज को देखने के लिए लगाया जाए तो कहीं न कहीं वह वहां अच्छा कार्य भी सीखेंगे और सीनियर डॉक्टरों का भी कार्य भार थोड़ा आराम से चलेगा।

टांडा अस्पताल में जितनी भी ओपीडी है वहां पर डॉक्टर के कमरे के साथ एक ओपीडी स्लिप रजिस्टर करने का काउंटर बना हुआ है और अमूमन देखा जाता है कि मरीज अपनी पर्ची बनता है, उसके बाद ओपीडी में जाता है और तुरंत ही वहां पर उसे काउंटर में एक सिक्योरिटी गार्ड बैठा होता है, वह वहां पर मरीज की पर्ची को इंटर करता है और उस पर चीपर स्टैंप लगाकर डॉक्टर के कमरे के बाहर लाइन में खड़ा होने के लिए कहा जाता है, लेकिन यहां तो कुछ और ही चला है।

प्रशिक्षु डॉक्टर यहां पर डॉक्टरी सीखने आए हैं उन्हें ही इस ओपीडी स्लिप में मोहर लगाने का कार्य दे दिया गया है, जबकि यह कार्य सिक्योरिटी गार्ड या किसी और का होना चाहिए, लेकिन यह है कि ऐसा कार्य चल रहा है और इस कार्य पर न जाने क्यों किसी प्रशासनिक बड़े अधिकारी की नजर क्यों नहीं पड़ रही है। अगर नजर पड़ भी रही है तो उसे अनदेखा क्यों किया जा रहा है यह हम नहीं कह सकते यह तो वह प्रशासनिक अधिकारी ही बता सकते हैं। जानकारी के मुताबिक वहां पर आखिरकार किसकी ड्यूटी होनी चाहिए यह शायद प्रशासनिक अधिकारी भी तय नहीं कर पा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



ओपीडी पर्ची काउंटर पर प्रशिशु डॉक्टर लगा रहे पर्ची पर मुहर और कर रहे रजिस्टर्ड।

### क्या कहते हैं सिक्योरिटी गार्ड इंचार्ज

**इस** संदर्भ में जब हमने सिक्योरिटी गार्ड के इंचार्ज जीवन कुमार से बात की तो उन्होंने कहा कि यह हमारा कार्य नहीं है बल्कि यह वार्ड ब्वॉय का कार्य है, हमारा तो सिर्फ भीड़ को कंट्रोल करने का कार्य है जो हम कर रहे हैं, अगर वहां पर वार्ड ब्वॉय न हो तो सिक्योरिटी गार्ड वाले भी वहां पर यह कार्य कर लेते हैं।

### यह बोले-चिकित्सा अधीक्षक

चिकित्सा अधीक्षक अशोक वर्मा से बात की तो उन्होंने कहा कि ओपीडी पर्ची काउंटर के बाहर डॉक्टर तय करता है कि किसकी ड्यूटी लगानी है वह इसलिए भी तय करता है कि अपना रिकॉर्ड मेंटेन रख सकें की दिनभर में वह कितने मरीज देख रहा है।

### आतंक से दो-दो हाथ

## एनएसजी ने दो दिन की मॉकड्रिल





**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रत्येक वर्ष देश के चुन्दिा राज्यों में सुरक्षा की दृष्टी से मॉकड्रिल करने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने इस वर्ष हिमाचल प्रदेश के जिला कांगडा को चिन्हित करके मॉकड्रिल का अयोजन दिनांक 5 से 7 अक्तूबर को किया।

मॉकड्रिल में स्थानीय प्रशासन, डीडीएमए, कांगड़ा पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, एसडीआरएफ और फोरेंसिक टीम ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के सहयोग से धर्मशाला में मॉक ड्रिल (नाम गंडिव-6) का अभ्यास धर्मशाला और कांगड़ा में स्थित विश्व प्रसिद्ध क्रिकेट स्टेडियम, नामग्याल बुद्ध मठ, धर्मशाला के अति-व्यस्त स्थानों और मैक्लोडगंज जैसे संवेदनशील स्थलों में यह अभ्यास किया गया।

इस अभ्यास के दौरान विभिन्न प्रकार के आतंकवादी परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए वास्तविक स्थिति का यथार्थवादी अनुभव प्रदान किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य संभावित आतंकवादी घटनाओं का पहले से अनुमान लगाना और एकीकृत आतंकवाद संकट प्रबंधन तंत्र को लागू करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं का अभ्यास करना था।

अभ्यास में स्थानीय प्रशासन, पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों को विकट परिस्थितियों में पहले उत्तरदाताओं के रूप में शामिल किया गया, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को अंतिम उत्तरदाता के रूप में कार्रवाई हेतु शामिल किया गया। इससे विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और सहयोग की महत्ता को भी समझा गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तेजी से कार्रवाई की जा सके। इस बारे में जानकारी देते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि यह अभ्यास यह सुनिश्चित करता है कि स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बल एकजुट होकर काम करें, जिससे कोई भी आपात स्थिति बेहतर तरीके से संभाली जा सके।

### रामलीला में बच्चों से पूछे जाते हैं प्रश्न

**जयसिंहपुर।** त्योहारों का मौसम होने तथा नवरात्र उत्सव के चलते जयसिंहपुर में रामलीला का मंचन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जाता रहा है। कमेटी पिछले लगभग 65 सालों के अपनी संस्कृति को संजोए भगवान राम के आदर्शों को रामलीला मंचन द्वारा लोगों तक पहुंचा रही है, जिसमें युवाओं ने आगे आकर मंचन के माध्यम से भगवान राम की महिमा का गुणगान करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। सोमवार को रामलीला में भगवान राम और सुग्रीब की मित्रता तथा बाली वध दिखाया गया। रामलीला के दौरान बच्चों से प्रश्न पूछा जाता है, जिसका उत्तर पर्ची द्वारा निकालने पर लोगों द्वारा कमेटी के माध्यम से बच्चों में हजारों रुपए के इनाम दिए जा रहे हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में बच्चे रामलीला देखने आए तथा भगवान राम के आदर्शों पर चल सकें।

### परमार ने की जयसिंहपुर भाजपा मंडल की रिव्यू बैठक

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**



जयसिंहपुर भाजपा मंडल की सदस्यता अभियान 2024 की रिव्यू बैठक मंगलवार को जयसिंहपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय अपर लंबागांव में हुई। बैठक में पूर्व मंत्री व सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर जयसिंहपुर के पूर्व रविंद्र धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए परमार ने कहा कि कांग्रेस के लोग भी आज भाजपा की नीतियों पर विश्वास प्रकट करते हुए पार्टी के साथ जुड़ना चाहते हैं। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक प्राथमिक सदस्य बनाएं और लोगों को भाजपा की विचारधारा से जोड़ें। उन्होंने उम्मीद प्रकट की है कि शीघ्र तमाम भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने लक्ष्य को पूरा करेंगे और भाजपा को मजबूत बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरा उतर नहीं पाई है। आज महिलाएं 15 सौ रुपए के वादे को लेकर निराश हैं। 300 यूनिट बिजली बंद कर दी गई है पानी के बिल लोगों को देने पड़ रहे हैं। इस मौक पर पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए यह सौभाग्य है कि यहां चल रहे सदस्यता अभियान को तीव्रता देने और हमें मार्ग-दर्शन करने के लिए परमार द्वारा स्वयं शिरकत की गई है। इस मौके पर मंडल महामंत्री राजेश सुघा, किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय पठानिया, सुनील चौधरी, शिवा कटोच आदि मौजूद रहे।



### भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

**धर्मशाला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल धर्मशाला ने संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024 के तहत कचहरी अड्डा धर्मशाला में सदस्यता अभियान चलाया। भाजपा के सदस्यता अभियान में युवाओं में भरी जोश दिखा। इस दौरान हलवा वितरण भी किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. विशाल नेहरिया ने बताया कि धर्मशाला भाजपा मंडल का 25000 सदस्य बनाने का लक्ष्य है जबकि 20000 सदस्य बनाने का आंकड़ा पूरा कर चुका है। इस मौके पर भाजपा मंडल धर्मशाला के मंडल अध्यक्ष डॉक्टर विशाल नेहरिया, हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी व हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया को-ऑर्डिनेटर रहे एडवोकेट विश्व चक्षु आदि मौजूद रहे।

## अनंत ज्ञान फैशन



# जींस के साथ ट्राई करें डिजाइन कुर्ती

*कपड़े तभी अच्छे लगते हैं, जब आप उन्हें सही तरीके से स्टाइल करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपको सही फिटिंग और डिजाइन की जानकारी रहती है। आप भी अपने लिए अगर कुर्ती को खरीद रही हैं और उसे कैसे स्टाइल करना है, इसको लेकर कंफ्यूज हैं, तो इसके लिए आप आर्टिकल में बताए गए टिप्स का ध्यान रखें। इससे आपका कुर्ती लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आप अच्छी नजर आएंगी।*



### कुर्ती स्टाइलिंग का तरीका

**अगर** आपको लुक अच्छा क्रिएट करना है, तो इसके लिए आप कुर्ती के डिजाइन और जींस कौन-सी अच्छी लगेगी। यह जरूर जान लें। ऐसे में अगर आपको एलीगेंट लुक क्रिएट करना है, तो इसके साथ आप फ्लेयर्ड जींस और शॉर्ट कुर्ती को स्टाइल कर सकती हैं। यह कुर्ती इस तरह की जींस के साथ पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इसमें आपका लुक भी अच्छा नजर आएगा। इसके लिए आपको फ्लेयर्ड जींस को स्टाइल करना है, फिर साथ में पहनने के लिए शॉर्ट कुर्ती खरीदनी है। इसे स्टाइल करना है। इसे स्टाइल करके आपका लुक अच्छा लगेगा।

### जींस के साथ कुर्ती स्टाइल

**आप** क्लासी लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो इसके लिए आप स्ट्रेट फिट जींस को शॉर्ट कुर्ती के साथ वियर कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती पहनने के बाद अच्छी लगती है। साथ ही, इसमें लुक भी निखरकर आता है। इस तरह की कुर्ती आपको प्लेन के साथ-साथ प्रिंटेड डिजाइन में मिल जाती है। इसे आप हील्स की चप्पल और इयररिंग्स के साथ वियर करें। इससे आप सुंदर लगेंगी। मार्केट में आपको अलग-अलग डिजाइन की कुर्ती मिल जाएगी, जिसे वियर करके आप अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं।

### लॉन्ग स्ट्रेट कुर्ती स्टाइलिंग

**अगर** आपकी हाइट लंबी है, तो आप जींस के साथ पहनने के लिए लॉन्ग स्ट्रेट कुर्ती को वियर कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती में आपका लुक सबसे अलग और खूबसूरत दिखाई देगा। इसमें आपको लॉन्ग कुर्ती खरीदनी है, जो स्ट्रेट हो। साथ में वाइड लेग जींस लेनी है। इसे स्टाइल करना है। आप इसके साथ हील्स को भी पहन सकती हैं। ज्वेलरी इस लुक को परफेक्ट बनाएगा। इस तरह से कुर्ती को स्टाइल करके आपका लुक अच्छा लगेगा।

**स्टाइलिश दिखना हम सभी को पसंद होता है। इसके लिए हम आए दिन नए से नए फैशन ट्रेंड को फॉलो करते हैं। वहीं, बदलते फैशन के दौर में आजकल सस्टेनेबल फैशन ट्रेंड चल रहा है, जहां एक ही कपड़े और डिजाइन को बार-बार कैरी किया जाता है। हाल ही की बात करें तो एक्ट्रेस जेनेलिया और प्रियामणी ने एक जैसी दिखने वाली साड़ी को स्टाइल किया है। तो आइए देखते हैं जेनेलिया और प्रियामणी में से किसने किया रॉक और कौन हो गया फ्लॉपः-**

# जेनेलिया और प्रियामणी

## आईं एक जैसी साड़ी में नजर

### जेनेलिया देशमुख का साड़ी लुक

**जेनेलिया** अपने सटल अंदाज और सोशल मीडिया पर रील बनाने के कारण चर्चा में रहती हैं। इसी बीच मल्टी-कलर मिरर वर्क ब्लाउज के से साथ पहनीं यह ब्लैक साड़ी देखने में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस साड़ी लुक को डिजाइन ऋतु कुमार ने किया है। एक्ट्रेस ने सिंपल बन बनाकर बालों में गजरा लगा सकती हैं। नोज रिंग और हैवी ज्वेलरी पहनकर लुक में जान डाली गई है।



### प्रियामणी राज का साड़ी लुक

प्रियामणी साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर ऋतु कुमार ने बनाया है। इस साड़ी लुक में एक्ट्रेस काफी स्टाइलिश नजर आ रही हैं। लुक की बात करें तो एक्ट्रेस ने न्यूट्रल मेकअप के साथ ओपन हेयर लुक को चुना है। बालों के लिए ओपन कर्ल्स बनाए गए हैं। गोल बिंदी के साथ में लुक में जान डाली गई है।

### दोनों के लुक की खासियत

साड़ी का डिजाइन दोनों ही एक्ट्रेस का एक जैसा है, लेकिन दोनों ने अपने-अपने लुक में जान डालने के लिए स्टाइलिंग काफी सोच-समझकर की गई है। यह दोनों ही लुक एक-दूसरे को टक्कर देने का काम कर रहे हैं।

# साड़ी के साथ स्टाइल करें ये फैंसी ब्लाउज, फिटिंग आएगी परफेक्ट

**साड़ी में लुक खूबसूरत नजर आए। इसके लिए हम अक्सर अलग-अलग डिजाइन वाले ब्लाउज को सिलवाते हैं। कई बार टेलर से ऑनलाइन डिजाइन दिखाकर उसे तैयार करते हैं, लेकिन इसके बाद भी फिटिंग या लुक सही नहीं लगता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आप सही डिजाइन को क्रिएट नहीं करा पाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि जो टेलर तस्वीर देखकर बनाता है, उससे वह सिर्फ डिजाइन ही क्रिएट कर पाता है। ब्लाउज के सही डिजाइन के लिए आपको इसकी बारीकी के बारे में बताना होगा। ऐसे में आप आर्टिकल में दिखाए गए डिजाइन के ब्लाउज को क्रिएट करवाएं। ये बनने के बाद भी अच्छे लगेंगे। साथ ही, आपको टेलर को ज्यादा चीजें बताने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।**

**पोंचो डिजाइन वाला ब्लाउजः** आप कुछ यूनिक तरीके के ब्लाउज ट्राई करना चाहती हैं, तो इसके लिए आप पोंचो डिजाइन वाले ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज आपको रेडीमेड मिल जाएंगी। इसमें आपको अलग-अलग टेस्ल और स्टोन का डिजाइन मिलेगा।

**राउंड नेकलाइन ब्लाउजः** हम हमेशा राउंड नेकलाइन वाले ब्लाउज को डिजाइन करवाते हैं। यह दिखने में काफी सिंपल लगते हैं। ऐसे में इन्हें फैंसी बनाने के लिए आपको गले पर बॉर्डर को लगाना होगा। वहीं, स्लीव्स पर भी आपको गोटा या बॉर्डर वर्क से डिजाइन क्रिएट करना होगा।

**डीप वी नेकलाइन ब्लाउजः** ब्लाउज बनने के बाद तभी अच्छे लगते हैं। इसके आप टेलर को ये डिजाइन दिखाएं और उससे वी नेकलाइन पट्टी वाला ब्लाउज तैयार करवाएं। इसके बाद इकसी स्लीव्स और नेकलाइन पर लेस लगवाएं। नीचे लगी हुई पट्टी पर भी आप मोती या गोटा लगा सकती हैं।







## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण बैंक ने मृतका के बेटे को दी बीमा राशि

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की धीरा शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत उपभोक्ता की मौत होने पर उसके बेटे को दो लाख रुपए की बीमा राशि का चेक प्रदान किया। शाखा प्रबंधक लवीश कपूर ने बताया कि सिहोटू निवासी स्वर्गीय सुभद्रा कुमारी का बचत खाता उनकी शाखा धीरा में था। जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा करवाया था। इस बीच सुभद्रा कुमारी की कुछ माह पूर्व मौत हो गई थी। मंगलवार को कपूर ने मृतका के बेटे को दो लाख रुपए की राशि का चेक सौंपा। इस मौके पर बैंक के सहायक प्रबंधक अभिनंदन, हेड कैशियर विशाल सिंह मिन्हास व लिपिक विनय कुमार भी इस कार्यक्रम में शामिल थे।

### प्राचार्य राजेश ने नौरा कॉलेज में संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, पालमपुर।** आज अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में नवनियुक्त प्राचार्य राजेश कुमार ने महाविद्यालय के प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभाला। इससे पूर्व वह राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में एसोसिएट प्रो. जूलॉजी के रूप में कार्यरत थे। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने प्राचार्य के पदभार ग्रहण करने पर उनका स्वागत किया।

### लंबागांव पुलिस थाने की साफ-सफाई

**प्रवीण मिश्रा, जयसिंहपुर।** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंबागांव में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवियों ने लंबागांव पुलिस थाने की साफ-सफाई के साथ थाने के आसपास उगी झाड़ियों की कांट छंटाई की। इस मौके पर रिसोर्स पर्सन के रूप में फिटनेस क्लब के अध्यक्ष एवं समाज सेवी विकास राणा ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। उन्होंने छात्र छात्राओं को नशे से दूर रहने व नशे की लत में जकड़ रहे युवाओं को नशे से मुक्ति दिलाने व औरों को भी नशे के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। तीसरे दिन रिसोर्स पर्सन के रूप में विकास राणा की स्पीच छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणादायक रही। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी अशोक चौधरी व मोनिका कटोच मौजूद रहे।

### नाके दौरान अवैध शराब सहित तीन गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** हिमाचल पंजाब सीमा पर स्थित जालंधर-पठानकोट मार्ग पर थाना डंगल पुर की प्रभारी अनीता ठाकुर द्वारा नाके के दौरान एक कार में से 19 पेटी शराब पकड़ने में सफलता प्राप्त की है, जिसमें मैकडॉवेल की 11 पेटी, ऑल सीजन की एक पेटी रम की पांच पेटी तथा मोटा संतरा की दो पेटी बरामद की गई है। पुलिस द्वारा अंडर सेक्शन 318 (4) बीएन एस 3(5) तथा आबकारी अधिनियम के तहत तीन आरोपियों खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मानिक, विशांत, निवासी अंद्रोल नगर पठानकोट तथा सतनाम सिंह निवासी मुकेरिया जिला होशियारपुर के तौर पर की गई है।

### जायका मिशन टीम ने कृषि परियोजना-2 क्षेत्र का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** जायका मुख्यालय मिशन के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को परियोजना क्षेत्र का दौरा किया और हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण संवर्धन परियोजना-2 में चल रही कई कृषि पद्धतियों की समीक्षा की। पिछले दो वर्षों में जायका कृषि परियोजना-2 क्षेत्र में किसी अंतराष्ट्रीय मिशन का यह पांचवां दौरा है। हिमाचल फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना में हिमाचल सरकार के मीडिया एडवाइजर राजेश्वर ठाकुर ने बताया कि इस दल के सदस्यों में सुश्री शिनो काटो, ताकाहिरो कोइके (दोनों जायका मुख्यालय के प्रतिनिधि), केन कुनीडा और सुश्री युकारी इनागाकी (दोनों जायका इंडिया से) शामिल हैं। जायका मिशन दल का हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय में स्वागत किया गया। मिशन दल ने कुलपति डॉ. नवीन ठाकुर, जायका कृषि परियोजना-2 के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। जायका कृषि परियोजना-2 के परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने विस्तृत जानकारी दी और समीक्षा दल को प्रगति की स्थिति रिपोर्ट सौंपी।

### जयसिंहपुर का विकास मेरी प्राथमिकता : गोमा

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री, यादविंद्र गोमा ने मंगलवार को जयसिंहपुर में 60 लाख रुपए से निर्मित एसडीएम आवास और 11.5 लाख से निर्मित पुस्तकालय व अतिथि गृह का लोकार्पण का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। आयुष मंत्री ने कहा कि इलाके के छात्रों को पुस्तकालय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक बेहतर माध्यम होगा, जहां से विद्यार्थी अच्छी प्रतियोगी पुस्तकों के माध्यम से विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी अच्छे से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर में काफी लंबे समय से पुस्तकालय की मांग थी जिसे पूर्ण किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक पुस्तकालय का उपयोग कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय तथा अतिथि गृह जिला प्रशासन के सहयोग से बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तकालय में युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर में अच्छा एसडीएम आवास बनकर तैयार हुआ है और जल्द ही तहसीलदार के आवास का निर्माण कार्य भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्र में जनमानस को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध हैं।

### सुधीर शर्मा ने राकेश चौधरी के निधन पर जताया शोक

**धर्मशाला।** धर्मशाला के भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने राकेश चौधरी की मृत्यु की खबर के बाद अपने फेसबुक पेज पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने लिखा कि राकेश चौधरी के निधन का समाचार सुनकर व्यथित हूं, हमने साथ काम भी किया। एक-दूसरे के विरुद्ध चुनाव भी लड़ा, लेकिन आपसी रिश्ते बातचीत बनी रही। उनका जाना क्षेत्र के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिय प्रार्थना करता हूं और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

# ...तो कांगड़ा में 24000, प्रदेश में ब्लॉक होंगे लाखों राशन कार्ड

## जीरो ई-केवाईसी वाले राशन कार्डों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश के सबसे बड़ी जिले कांगड़ा में हजारों, जबकि प्रदेश भर में लाखों राशन कार्ड ब्लॉक होने का खतरा मंडरा रहा है। 30 सितंबर को ई-केवाईसी की मोहलत गुजर जाने के बाद प्रदेश में करीब 16 लाख यानी करीब 22 प्रतिशत ई-केवाईसी होना बाकी ही।

वहीं, अब खाद्य आपूर्ति विभाग ऐसे राशनकार्ड ब्लॉक करने पर विचार कर रहा है। हालांकि, जिन राशन कार्ड में एक भी सदस्य की ई-केवाईसी नहीं हुई होगी, उन्हें पहले चरण में ब्लॉक करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अकेले कांगड़ा जिला में ऐसे 24000 राशन कार्ड हैं, जबकि प्रदेश भर में ये आंकड़ा लाखों में है। लिहाजा ऐसे किसी भी एक्शन का प्रदेश के लाखों राशन उपभोक्ताओं पर असर पड़ेगा। प्रदेश के कुल आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक कुल 73 लाख में से 57 लाख उपभोक्ता ई-केवाईसी करवा चुके हैं, जबकि करीब सवा 16 लाख की ईकेवाईसी होना बाकी है।

बता दें कि लगातार समय सीमा बढ़ाने के बाद अब खाद्य आपूर्ति विभाग ई-केवाईसी न होने पर राशन कार्ड ब्लॉक कर सकता है। प्रदेश में सोलन सबसे ज्यादा 88 प्रतिशत ई-केवाईसी के साथ पहले, जबकि लाहौल-स्पीति 26 प्रतिशत ई-केवाईसी के साथ अंतिम पायदान पर खड़ा है।

कांगड़ा में 75 प्रतिशत ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है। यहां 177000 उपभोक्ताओं में से 133000 की ई-केवाईसी हुई है जबकि 25 प्रतिशत की ईकेवाईसी होना बाकी है। वहीं, कांगड़ा के 24000 राशन कार्ड के किसी भी सदस्य ने ई-केवाईसी नहीं करवाई है जिसके कारण कांगड़ा में 24000, जबकि प्रदेश भर में लाखों राशन ब्लॉक किए जा सकते हैं। इसी तरह प्रदेश में ऐसे राशन कार्ड लाखों में हैं जिन्हें ब्लॉक किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक



**उधर,** इस बारे में जब जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कांगड़ा पुरुषोत्तम सिंह पंवर से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि कांगड़ा जिला में 75 प्रतिशत के करीब ई-केवाईसी हो चुकी है जबकि 25 प्रतिशत लोगों की ई-केवाईसी नहीं हो पाई है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वह लोक मित्र केंद्र जाकर ई-केवाईसी को पूरा करें ताकि उनके राशन कार्ड पर उन्हें सुचारू खाद्य आपूर्ति प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि जिन राशन कार्ड में किसी भी सदस्य ने ई-केवाईसी नहीं करवाई है वैसे राशन कार्डों को ब्लॉक कर दिया जाएगा।

# रानी ककई ने महाराजा दशरथ से मांगा वर



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

नगर परिषद मैदान में चल रही श्री रामलीला देखने के लिए सैकड़ों लोग उमड़ रहें हैं, राम लीला के पांचवे दिन की शुरुआत श्री राम वंदना से हुई, जिसमें रानी ककई का महाराजा दशरथ से वर मांगना, राम वनवास, दशरथ मृत्यु सहित अन्य दृश्यों दिखाए गए।

इस दौरान मुख्यातिथि समाजसेवी सुरेंद्र ने रामायण प्रतियोगिता के दौरान विजेता रहे। दस विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं, इस दौरान दशरथ का अभिनय अंशुल चौधरी, राम के अभिनय में संजीव जसवाल, लक्ष्मण अंकुश चौधरी, सीता गोमजी, भरत अमन ,शत्रुघ्न अवनीश, ककई अभिषेक, कोशल्या रिशु, सुमित्रा विजय, वशिष्ठ रजनीश, मंथरा हरजिंदर सिंह ने अभिनय निभाया। श्री रामलीला सभा द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत कर उन्हें शाल टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के लिए अयोजनकर्ता बधाई के पात्र हैं जोकि हमारी संस्कृति को संजोए हुए है और सनातन धर्म का झंडा ऊंचा कर रहे हैं। उन्होंने राम लीला सभा को उन्होंने 5100 रूपए की राशि दान स्वरूप सभा को दी। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष अजय वर्मा, राकेश मेहरा, मुकेश मेहरा, संजय कोच अतुल चौधरी, राम स्वरूप वर्मा, कृष्ण कुमार, राजेश चौधरी, विपीन, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# धर्म के विरुद्ध टिप्पणियों को लेकर गर्माए मामले में केस दर्ज

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत निजी शिक्षण संस्थान में हुए दो गुटों के झगड़े को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों को विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी देते हुए डीएसपी संजीव कुमार यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले यहां एक निजी शिक्षण संस्थान में दो समुदायों के छात्रों में एक युवक द्वारा उसके धर्म के विरुद्ध टिप्पणियों को लेकर गर्माए मामले में पुलिस ने नियमानुसार मामले दर्ज किए हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस मामले को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है, उसे देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एसपी अशोक रतन ने इस बारे विशेष प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि अरनी विश्वविद्यालय में जो अप्रिय घटना सामने आई उस बारे थाना इंदौरा में दोनों पक्षों पर मामले दर्ज किए गए हैं। घटना कि सूचना मिलते ही पुलिस दल मौका पर पहुंचा व तत्काल स्थिति को नियंत्रण में लाने से लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने से लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त तथ्यों कि सच्चाई को जानने को लिए उपरोक्त दोनों अभियोगों कि जांच कि जिम्मेदारी उपमंडल पुलिस अधिकारी इदौरा संजीव कुमार यादव व एसडीएम इंदौरा डॉक्टर सुरेंद्र ठाकुर को को सौंपी गई है। उन्होंने लोगों से शांति व संयम बनाए रखने कि अपील करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी भ्रामक संदेश फैलाने से बचें।

उन्होंने कहा कि स्थिति पूरी तरह से पुलिस को नियंत्रण में है। दोषियों से खिलाफ सख्त कारवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति सांप्रदायिक तनाव को भड़काने कि प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कठोर कारवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# कांता कॉलेज चलवाड़ा में नया शिक्षा सत्र शुरू



**अनंत ज्ञान, जवाली**

कांता कॉलेज ऑफ एजुकेशन चलवाड़ा में नए सत्र 2024- 26 मंगलवार को हवन यज्ञ के साथ शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त थाना परभारी जवाली अशोक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया, जबकि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के अध्यक्ष संसार सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

कॉलेज पहुंचने पर चेयरमैन ठाकुर कुलतार सिंह गोल्डी, ठाकुर शुभकरण सिंह तथा प्रधानाचार्य शिवानी मेहरा व स्टाफ ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष ज्योति प्रज्वलित करने के साथ हुई।

इस अवसर पर बीएड प्रशिक्षुओ द्वार रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें मुख्य रूप से गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, पहाड़ी नृत्य, डांडिया नृत्य, पंजाबी भांगड़ा, विविधता में एकता प्रमुख रहे। इसके पश्चात कुलतार सिंह गोल्डी तथा ठाकुर शुभकरण सिंह द्वारा अतिथियों को समृति चिह्न तथा टोपी देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा नए सत्र में प्रवेश करने वाले बीएड प्रशिक्षुओ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशिक्षु अध्यापकों पर आने वाली पीढ़ी को शिक्षित करने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए पढ़ाई में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। उन्होंने प्रशिक्षु अध्यापकों को कहा कि वेएजुकेशन के सथ-साथ नैतिकता को भी अपने जीवन में अपनाएं।

इसके साथ उन्होंने अनुशासन पर विशेष ध्यान देने का संदेश प्रशिक्षु अध्यापकों को दिया। उन्होंने कहा कि जो अनुशासन में रहते हैं। वहीं, जीवन में कामयाब होते हैं, इसलिए हमें अपने जीवन में नैतिकता व अनुशासन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान प्रधानाचार्य शिवानी मेहरा ,अश्विनी चौधरी, रजत भारद्वाज, मनीष शर्मा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### नई जोड़ी



चरोला के युवी और समनाल की सुखी को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# वी-गार्ड ने अस्पताल को दिए जेनरेटर व नेत्र जांच उपकरण

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



वी-गार्ड कंपनी द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व योजना (सीएसआर) के अंतर्गत 30 किलोवाट का जेनरेटर व अत्याधुनिक नेत्र जांच उपकरण प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में विधायक मलेंद्र राजन बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। यह कार्यक्रम कंपनी के ग्रेटर पंजाब टीम के डीजीएम गौरव शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें एसडीएम इंदौरा डॉ. सुरेंद्र ठाकुर, जिला परिषद परवीन कुमार मिंदा, बीडीसी जसबीर कटोच, पौंग बांध विस्थापन पुनर्वास बोर्ड सलाहकार समिति के निदेशक कुलदीप कीपा, डॉ. विशाल ठाकुर आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान रिबन काटकर व जेनरेटर की लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर विधायक ने इस सुविधा को लोकार्पित किया।

इस अवसर पर राजन ने कहा कि वी-गार्ड कंपनी उनके क्षेत्र और विशेषकर सिविल अस्पताल इंदौरा के लिए जनसेवा कार्यों में जो उपकरण निशुल्क प्रदान कर रही है, निश्चित रूप से कंपनी की जन हितैषी सोच का परिचायक है। कंपनी के डीजीएम गौरव शर्मा, नितिन गुप्ता वीएम हिमाचल, दिलशेर कपिल पंजाब रिजन, नीरज महाजन डिस्ट्रीब्यूटर कांगड़ा चंबा, वरुण अबरोल डिस्ट्रीब्यूटर पठानकोट गुरदासपुर के सामूहिक प्रयासों के लिए वे आभार प्रकट करते हैं। विधायक ने यहां निर्माणाधीन सिविल अस्पताल भवन का भी निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक ने चैकअप करवाने आए रोगियों से मुलाकात की व कुशलक्षेम जाना। इससे पहले गौरव शर्मा व टीम द्वारा मुख्यातिथि विधायक व गणमान्यों को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

# लक्ष्मण ने शूर्पनखा की नासिका की भंग

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



धलूं पंचायत में उड़ान फाउंडेशन के बैनर तले आर्यन युवा क्लब द्वारा आयोजित की जा रही रामलीला की पांचवीं संध्या में श्री गणेश वंदना के बाद श्रीराम लीला के पहले दृश्य में श्रीराम वनवास पर जाते हैं। जब भरत को इस सारे प्रकरण के बारे में पता चलता है, तो वह अपनी माता को काफी भला-बूरा कहते हैं और अपने बड़े भाई राम से मिलने के लिए वन की ओर प्रस्थान कर जाते हैं। जब भरत अपने बड़े भाई राम के पास पहुंचते हैं, तो राम उन्हें गले लगा लेते हैं।

भरत इस षंड्यत्र के बारे में अनभिज्ञता जताते हुए भाई राम को अयोध्या वापस लौटने की जिद करते हैं, लेकिन राम उन्हें नीति का उपदेश देते हुए तथा माता-पिता की आज्ञा का पालन करने बारे में बताते हुए मना कर देते हैं।

इस दृश्य में भरत संकल्प लेते हैं कि जब तक भाई राम अयोध्या नहीं लौट आते, तब तक वे उनकी चरण पादुकाओं को अयोध्या के राज सिहांसन पर रखकर राज पाठ चलाएंगे। उसके बाद शूर्पनखा नासिका भंग और खर-दूषण उद्धार लीलाओं का भव्य मंचन किया गया। मंचन में प्रभु श्री राम की आज्ञा पर लक्ष्मण राक्षसी की नासिका भंग कर देते हैं। आगे की लीला में भगवान से बदला लेने आए राक्षसी के भाई खर-दूषण का अंत कर देते हैं।

# श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



शरद कालीन नवरात्रों के चलते मंगलवार को छठे नवरात्र में माता श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में सुबह 5 बजे ही मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का मंदिर में लगा तांता लगा रहा। आज श्रद्धालुओं का रात से ही आने का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालु गुप्त गंगा से लेकर तहसील चौक से होते हुए बाजार के मुख्य नेहरू चौक पर रुककर ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते रहे। वहीं, मंदिर से लेकर मुख्य बाजार में जगह-जगह पुलिस व होमगार्ड के कर्मचारी तैनात रहे। मंदिर अधिकारी नीलम राणा से बात कि तो उन्होंने बताया की छठे नवरात्र में मां भगवती के दर पर 4 लाख 14 हजार 713 रुपए श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए। उन्होंने बताया की मंदिर प्रांगण में सुबह का नाश्ता बीआरसी सराय द्वारा श्रद्धालुओं को दिया जा रहा है। वहीं, दिन में भी पंजाब के दानी सजन द्वारा भंडारा लगाया, जिसमें दाल-चावल पालक पनीर, राजमाह चावल, कड़ी चावल, रायता, सुखी सब्जी मीठे में खीर इत्यादि श्रद्धालुओं को भोजन के रूप में दिया गया। मंदिर प्रशासन ने सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा हुआ है, वहीं मंदिर में पीने के पानी की भी पूर्ति हो रही है, साथ में सुरक्षा व्यवस्था पर भी पूरा ध्यान है।

# धर्म जागरण समन्वय सगोंष्ठी का आयोजन

**गरली।** गांव नौशहरा के प्राचीन ऐतिहासिक शक्तिपीठ लक्ष्मी नारायण मंदिर में मंगलवार को हिमाचल सस्कृति उत्थान ट्रस्ट के सौजन्य से धर्म जागरण समन्वय सगोंष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक शंकर लगवाल की अध्यक्षता में हुआ।

इस कार्यक्रम में मंदिर कमेटी प्रधान कुलवीर सिंह, संत कृष्ण दास, देश राज सहित कई गणमान्य उपस्थित हुए। वहीं, इस दौरान प्रदेश के मुख्य प्रचारक अजय कुमार जिला देहरा सयोंजक संतोष कुमार व सुरेश कुमार ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत कर माजूद लोगो को धर्म के प्रति जागरूक किया।

# दो गुटों में हुई लड़ाई को लेकर बनाई जांच कमेटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



अरनी यूनिवर्सिटी इंदौरा हिमाचल प्रदेश के चांसलर डॉ. विवेक सिंह ने धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा छह तारीख को दो गुटों में घटना को पुलिस के साथ मिलकर प्रबंधन ने सुलझा लिया था। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक बयानबाजी व नारेबाजी नहीं की गई थी।

उन्होंने कहा कि इस तरह की बात को लेकर कोई वीडियो व अन्य सबूत सामने नहीं आई है। चांसलर ने कहा कि दो गुटों में हुई लड़ाई को लेकर जांच कमेटी गठित कर दी गई है, जोकि पूरे मामले की जांच कर रही है। इसमें शुरुआती दौर में ही 10 छात्रों संस्पेंड कर दिया गया है। अरनी विश्वविद्यालय में एंटी इंडिया व संप्रदाय को लेकर किसी भी प्रकार की बात नहीं रखी जाती है। उन्होंने कहा कि सभी छात्र विश्वविद्यालय में पढ़ते है, बावजूद इसमें भारत विरोधी कोई भी बात नहीं है। कुछ माह पूर्व एक जनवरी को उन पर हमला भी हुआ था, ऐसे में एक बार फिर से विवि को बदनाम करने का प्रयास भी हो सकता है। ऐसे में मामले को लेकर उस तरह से भी जांच की जानी चाहिए।

# ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर की सहयोगात्मक पहल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



नेस्ले इंडिया की ओर से समर्थित प्रोजेक्ट हिलदारी और नगर निगम पालमपुर ने होटल सरोवर पोर्टिको में ठोस कचरा प्रबंधन पर सहभागिता समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहर में ठोस कचरा प्रबंधन की रणनीतियों को मजबूती देना, सहभागियों के सहयोग से शहर को स्वच्छ बनाना और युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना रहा।

इस सहभागिता समारोह में कांगड़ा के डीसी हेमराज बैरवा आईएएस, एसडीएम पालमपुर कुमारी नेत्रा मेती आईएएस, नगर आयुक्त डॉ. आशीष शर्मा, पालमपुर नगर निगम के महापौर गोपाल नाग सहित अन्य पार्षदगण, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, सफाई बंधु और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रोजेक्ट हिलदारी नेस्ले इंडिया की ओर से समर्थित एक पहल है, जो प्लान फाउंडेशन और रिसीटी नेटवर्क के सहयोग से भारत के 7 प्रमुख पर्यटन शहरों- मसूरी, डलहौजी, महाबलेश्वर, मुन्नार, पोंडा, दार्जिलिंग और पालमपुर में स्वच्छता, सामूहिक सहयोग और जन भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रही है। इस संस्था का उद्देश्य इन पर्यटन शहरों को भारत के सबसे स्वच्छ शहरों में से एक बनाना है। इस अवसर पर डॉ. आशीष शर्मा आयुक्त ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने के लिए सफाईमित्र और शहर के नागरिकों का बहुत अहम योगदान होता है, हमें खुशी है कि हमारे शहर में हिलदारी जैसी परियोजना है, जो हमारे पालमपुर को स्वच्छ बनाने एवं सफाई मित्रों के विकास और कल्याण के लिए एकजुट होकर काम कर रही है। पिछले नौ महीनों में, प्रोजेक्ट हिलदारी ने नगर निगम पालमपुर के साथ मिलकर स्वच्छता को लेकर कई कदम उठाए हैं। इनमें कचरे का स्रोत पृथक्करण के लिए घर-घर जाकर लोगों को प्रोत्साहित करना, सामुदायिक बैठक करना, स्कूलों, कॉलेजों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जैसे कार्य शामिल हैं। इसके साथ-साथ, प्रोजेक्ट हिलदारी सफाई बंधुओं को पेशेवर बनाने की दिशा में भी उन्हें उचित ट्रेनिंग मुहैया करवाने, हेल्थ कैंप लगाने और सुरक्षा उपकरणों के वितरण के लिए भी प्रतिबद्ध है। हिलदारी, पालमपुर से अखिलेश बक्शी ने कहा कि पालमपुर नगर निगम की सहायता से प्रोजेक्ट हिलदारी शहर में सहजता से काम कर रही है। हमें बेहद खुशी हो रही है कि हम पालमपुर में कचरा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हिलदारी, सतत और स्थानीय समाधान लागू करने में विशेषज्ञता के साथ, पिछले 5 वर्षों में देश के 7 शहरों में व्यवहारगत बदलाव लाकर और सप्लाई चेन को स्वचालित (ऑटोमेटेड) कर 35,154 मीट्रिक टन से अधिक कचरे को लैंडफिल में जाने से रोक चुकी है। साथ ही, हमने 2,972 से अधिक कचरा प्रबंधन से जुड़े हमारे सफाई बंधुओं को सशक्त बनाया है।

**तैयारी** — बेटी है अनमोल थीम पर आधारित रहेगी अंतिम सांस्कृतिक संध्या

# शोभा यात्रा के साथ आरंभ होगा शाहपुर का दशहरा उत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर में जिला स्तरीय तीन दिवसीय दशहरा उत्सव का 9 अक्तूबर को आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा भव्य शोभा यात्रा से शुभारंभ करेंगे।

दशहरा उत्सव के सफल आयोजन के लिए धर्मशाला में अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पठानिया ने कहा कि 9 अक्तूबर को रामेश्वर मंदिर शाहपुर में राम प्रतिमा भूमि पूजन के साथ सायं चार बजे शोभा यात्रा आरंभ होगी। इसके साथ ही पहली सांस्कृतिक संध्या शाम छह बजे से दस बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संध्याओं में हिमाचली कलाकारों को अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाने का अवसर दिया जाएगा, ताकि हिमाचली संस्कृति को बढ़ावा मिल सके। दस अक्तूबर को सांस्कृतिक संध्या में केसीसीबी के चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। पठानिया ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है तथा इसी को लेकर 11 अक्तूबर की सांस्कृतिक संध्या महिला कलाकारों के लिए समर्पित रहेगी। उन्होंने कहा कि 11 अक्तूबर को विधायक कमलेश ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी तथा एडवोकेट अनूप रत्न विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस सांस्कृतिक संध्या में ममता भारद्वाज तथा वर्षा कटोच बतौर स्टार कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। पहली सांस्कृतिक संध्या 9 अक्तूबर को इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा, दूसरी सांस्कृतिक संध्या में दस अक्तूबर को इशांत भारद्वाज बतौर स्टार कलाकार अपने जौहर दिखाएंगे।

वहीं, 12 अक्तूबर को होगा आतिशबाजी शो और पुतले दहन कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त दशहरा उत्सव में कबड्डी, वॉलीबाल, बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता, विकासात्मक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी ताकि सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी आम जनमानस तक पहुंच सके।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा चुनाव में भाजपा की जीत पर बांटी जलेबी



**अनंत ज्ञान, चंबा।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष पर आज प्रदेश भाजपा संगठन मंत्री सिद्धार्थन व डल्हौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने भलेई में स्थानीय लोगों को जलेबी बांटकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के संगठनमंत्री राजपाल सिंह, भाजपा सदस्यता अभियान के संसदीय क्षेत्र के प्रभारी सुमित शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष धीरज नरयाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने हवन-यज्ञ में दी पूर्णाहूति



**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सचिवालय चालक संघ द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य पर आयोजित हवन यज्ञ में पूर्णाहूति डालकर भंडारे में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक हरीश जनारथा, कांग्रेस नेता सतपाल रायजादा, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा और संघ के अन्य सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी बहा रहे पसीना

महेंद्र कुमार, सुन्नी। राज्य सत्रीय अंडर 14 छात्रा वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहले सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए । इस दौरान कबड्डी का पहला सेमीफाइनल मुकाबला मंडी और सोलन के बीच खेला गया जिसमें मंडी विजेता रही तथा दूसरा सेमी फाइनल मुकाबला बिलासपुर और सिरमौर के बीच खेला गया जिसमें बिलासपुर विजेता रहा। जबकि खो खो का पहला सेमीफा मुकाबले हमीरपुर और सिरमौर के बीच में खेला गया जिसमें हमीरपुर विजेता रहा। निदेशालय के मीडिया प्रभारी चंचल सिंह ठाकुर ने बताया की प्रतियोगिता का समापन 9 अक्टूबर बुधवार को होगा तथा कार्यक्रम में सुन्नी बांध परियोजना के परमुख राजीव कुमार अग्रवाल बतौर मुख्याथिति शिरकत करेंगे तथा विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे।

### लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य मंडी प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह मंडी प्रवास पर आ रहे हैं। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार लोक निर्माण मंत्री 8 अक्टूबर सायंकाल मंडी पहुंचेंगे और परिधि गृह में उनका रात्रि ठहराव होगा। 9 अक्टूबर को विक्रमादित्य सिंह प्रातः 9.30 बजे मंडी संसदीय क्षेत्र के लिए कैंप कार्यालय का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत वे कुल्लू जिला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### देहवी स्कूल की पल्लवी का जिलास्तर पर दबदबा



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता जो सोमवार को मंडी में संपन्न हुई जिसमें सुलेख प्रतियोगिता कैलिग्राफी में राजकीय प्राथमिक पाठशाला देहवी की पल्लवी ने सुंदरनगर जोन की ओर से दूसरे जोन जिसमें सदर-1, बक्स्याड़, गोपालपुर-1 और द्रंग-1 को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इससे पहले पल्लवी ने क्लस्टर स्तर पर, ब्लॉक स्तर पर और उसके बाद जोन स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया था और इसी स्थान को बरकरार रखते हुए पल्लवी ने एक बार फिर से जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया।

### किसानों ने किया ड्रैगन फ्रूट के प्रदर्शन प्लॉट का भ्रमण



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा मंडी द्वारा सुंदरनगर की ग्राम पंचायत चनोल के लगभग 30 किसानों को विकासखंड गोपालपुर के किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती से लगाए गए ड्रैगन फ्रूट के प्रदर्शन प्लॉट में भ्रमण करवाया गया। सुंदरनगर कृषि विकास खण्ड के खण्ड तकनीकी प्रबंधक लेखराज और सहायक तकनीकी प्रबंधक योगराज द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

### बच्चों को बांटी पानी की बोतल और पाठन सामग्री



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विश्व मानव रूहानी केन्द्र नवांगराम के आध्यात्मिक गुरु सन्त बलजीत सिंह के द्वारा राजकीय माध्यमिक पाठशाला घरवासडा के 23 विद्यार्थियों को स्कूल बैग पानी की बोतल तीन कॉपी व स्टेशनरी सामग्री प्रदान की गई। इस सहायता हेतु पाठशाला प्रभारी अजय परवारी कपिल देव गुलेरिया व सुशील शास्त्री ने विश्व मानव रूहानी केन्द्र का हार्दिक आभार व्यक्त किया साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार की सहायता के लिए आग्रह किया।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने किया रावमा विद्यालय तेलका के भवन का शिलान्यास, कहा-

# शिक्षा में सुधार सरकार की प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, चंबा**



स्कूल भवन का शिलान्यास करते हुए रोहित ठाकुर व अन्य।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार के साथ-साथ युवाओं को उनके घर-द्वार के समीप बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की उच्च प्राथमिकता है। शिक्षा मंत्री आज डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तेलका में 5 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से बनने वाले स्कूल भवन के शिलान्यास के उपरांत उपस्थित विद्यार्थियों व क्षेत्र वासियों को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा युवाओं को उत्तरदायी नागरिक बनाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप बदल चुका है और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस बदलते स्वरूप के लिए शिक्षा व्यवस्था को बदलना भी आवश्यक है इस उद्देश्य के लिए प्रदेश सरकार द्वारा पिछले डेढ़ वर्ष के दौरान शिक्षा विभाग से संबंधित कई कड़े कदम उठाए हैं जिसके आने वाले समय में सकारात्मक नतीजे देखने को मिलेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने वर्तमान कार्यकाल में शिक्षकों के विभिन्न वर्गों की लगभग 3500 नई भर्तियां की है जबकि शिक्षा विभाग में 3000 पदों पर पदोन्नतियां भी की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के वर्तमान कार्यकाल में सबसे ज्यादा भर्तियां शिक्षा विभाग में होने जा रही हैं जिससे निकट भविष्य में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में शिक्षकों की आवश्यकता को पूरा कर लिया जाएगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तेलका में स्कूल भवन की मांग क्षेत्र के लोगों की एक चिरलंबित मांग थी जिसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2023 के दौरान लगभग 5 करोड़ 46 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी तथा अब इसके लिए एक करोड़ 75 लाख रुपए की राशि जारी की जा चुकी है उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्माण से संबंधित शेष राशि भी लोक निर्माण विभाग को शीघ्र जारी कर दी जाएगी।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि भवन के निर्माण के लिए टेंडर कर दिए गए हैं तथा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से जल्दी ही इस भवन का निर्माण कर कार्य पूरा कर लिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि अगले वित्त वर्ष के दौरान राजकीय महाविद्यालय तेलका के भवन से संबंधित मांग को भी पूरा कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा इस क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न वर्गों से संबंधित रिक्त पदों को भरने के मामले को प्रदेश सरकार के ध्यान में लाया जाएगा तथा शीघ्र ही इस पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा उनका मौके पर निपटारा भी किया।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा शिक्षा मंत्री का गर्म जोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री तथा मुख्य संसदीय सचिव (शिक्षा) को पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी व शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के अलावा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डलहौजी, डलहौजी ब्लॉक कांग्रेस ओबीसी सैल, युवा कांग्रेस, प्राथमिक सहायक अध्यापक संघ चंबा, प्राथमिक शिक्षक संघ सुंडला तथा सच्चे राही फाउंडेशन सालवां के प्रतिनिधियों ने भी हिमाचली परंपरा के अनुसार विधिवत सम्मानित किया। इससे पहले पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी, चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैयर तथा मुख्य संसदीय सचिव (शिक्षा) आशीष बुटेल ने भी जनसभा को संबोधित किया।

# महिला की मौत के मामले में पति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**अनंत ज्ञान, चंबा**



महिला की मौत के बाद भाई संजय ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत के मामले में गिरफ्तार पति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

महिला की मौत और उसके पति के कारावास जाने से दो बच्चों को संभालने वाला कोई नहीं है। पंचायत प्रतिनिधि जिला प्रशासन से दोनों बच्चों को हॉस्टल में डालने की गुहार लगा रहे हैं।

मृतका वंदना देवी (39) पत्नी रंजीत निवासी गांव लुहारका डाकघर सुनारा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया था। मृतका के मायका पक्ष ने पति पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

पुलिस को दिए बयान में कहा था कि शनिवार शाम के समय उन्हें फोन आया कि उनकी बेटी की पेट दर्द के कारण तबीयत खराब हो गई है। इस पर महिला के भाई और भाभी वहां पहुंच गए। जब वे महिला के ससुराल में पहुंचे तो वह बेसुध पड़ी थी। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज के लिए निकले। इससे पहले कि वह महिला को अस्पताल पहुंचा पाते, उसकी बीच रास्ते में मौत हो गई। महिला की मौत के बाद भाई संजय कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बहन की मौत का कारण पति की प्रताड़ना को बताया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

इसे न्यायालय से अब 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने बच्चों के बयान भी लिए हैं।

साथ ही रसोईघर में खाली मिली शीशी को भी बरामद कर लिया है। पुलिस मामले की हर पहलु से जांच कर रही है। उधर, पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## उपभोक्ता को बिजली मीटर खाता संख्या आधार कार्ड से जोड़ना जरूरी

**अनंत ज्ञान डलहौजी**

विद्युत विभाग द्वारा डलहौजी विद्युत मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू एवं होटल उपभोक्ताओं की बिजली मीटर खाता संख्या (उपभोक्ता आईडी) को आधार कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस प्रक्रिया को पूरा करने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर 2024 निर्धारित की गई है।

इसके साथ ही, उपभोक्ताओं को केवाईसी के समय अपना मोबाइल फोन साथ रखना होगा, जो उनके आधार कार्ड से जुड़ा हुआ हो। केवाईसी न कराने पर क्या हो सकता है यदि कोई उपभोक्ता केवाईसी कराने में सहयोग नहीं करता है या इसे कराने से इनकार करता है, तो उसे भविष्य में बिजली बिलों में मिलने वाली सुविधाओं से वंचित किया जा सकता है, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। विद्युत विभाग उपभोक्ताओं से अनुरोध करता है कि अंतिम तिथि से पहले केवाईसी प्रक्रिया को पूरा कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

यह जानकारी विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता पंकज राठौर द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग से बिल आबंटित करने वाले कर्मचारी स्वयं अपने मोबाईल में एप्प के माध्यम से इस प्रक्रिया को अंजाम देंगे फिर भी यदि कोई उपभोक्ता इस प्रक्रिया में छूट जाता है तो वह सम्बंधित उपमंडल कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

## मीराबाई के भजनों पर छात्राओं ने दी प्रस्तुति

**अनंत ज्ञान, चंबा**



मीराबाई के भजनों पर प्रस्तुति पेश करती हुई छात्राएं व अन्य।

जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा ने बताया कि संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली द्वारा भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के सहयोग से आज कला धरोहर श्रृंखला के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा में संत मीराबाई के भजनों पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ।

उन्होंने बताया कि 'कला धरोहर' श्रृंखला के 55वें संस्करण के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में इलाहाबाद के प्रख्यात लोक कलाकार सुरेंद्र कुमार ने रेशम की डोरी, बांध ले पालन, झुलाए माई यशोधा आपन ललना, कैसे आऊं मैं काहनाइ, तोहे गोकुल नगरी, बड़ी दूर नगरी, बड़ी दूर नगरी मीरा कहे प्रभु गिरिधर नागर, तोहे दर्श बिना भई बाबरी, अरे रंग सारी गुलाबी चुनारिया रे, मोहे मारे नज़रिया सबरिया रे, बीत रही है सारी सारी रतियां, अभी लौटे नहीं हैं सबरियां रे, कहें वे बनाइ झूठी बतियां हमसे, हमरा नाता है जन्म जन्म से, छात्राओं को मीराबाई के भजनों का प्रशिक्षण प्रदान किया तथा इस दौरान अपनी प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यशाला के अंतिम दिन में विद्यालय की छात्राओं ने भी अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर संगीत नाट्य अकादमी नई दिल्ली से अनिता कत्याल, प्रधानाचार्य राजकीय मॉडल बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विकास महाजन तथा विद्यालय के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

## जिले के कामगार जरूर करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला श्रम कल्याण अधिकारी श्वेता ने जिला के सभी कामगारों से अपील की है कि वह अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र में जाकर या कामगार कल्याण बोर्ड के कार्यालय में आकर अपना ई-केवाईसी (आधार वेरीफिकेशन) आधार वेरिफिकेशन करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य रहेगा। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी के लिए कोई भी व्यक्ति श्रम कल्याण अधिकारी जिला चंबा के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में स्वयं आकर संपर्क कर सकते हैं।

## भद्रकाली भलेई माता मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



जिला चंबा का ऐतिहासिक भलेई मातामंदिर में शरद नवरात्रों के शुभ अवसर पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। बता दें कि भलेई माता मंदिर का इतिहास लगभग 5 सौ साल पुराना है। इससे जुड़ी हुई कई कथाएं हैं जो माता भलेई के मंदिर के इतिहास को और भी ज्यादा रोचक बना देती हैं।

बता दें कि चंबा के राजा प्रताप सिंह को स्वप्न में मां भद्रकाली ने दर्शन दिए की वे भलेई से थोड़े ऊपर भ्राम नामक स्थान पर हैं और वह चंबा आना चाहती हैं इस पर राजा ने अपने लावो लश्कर के साथ स्वप्न में बताई गई जगह का रुख किया और वहां से माता को विधिवत पूजा-अर्चना करने के उपरांत माता को चंबा ले जाने लगे किंतु जैसे ही गांव भलेई में राजा वे उसके साथ आए श्रद्धालु माता की पालकी को लेकर विश्राम करने लगे। विश्राम करने के उपरांत जैसे ही उन्होंने पालकी को उठाने की कोशिश की तो पालकी वहां से हिली तक नहीं और मां ने पुनः स्वप्न में हुकुम देकर वही रहने की इच्छा जाहिर की,तभी से राजा ने उस स्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण करवाया जो आज भी विश्व प्रसिद्ध भलेई माता मंदिर के नाम से जाना जाता है।

इस वर्ष भी नवरात्रों को लेकर मंदिर प्रबंधन ने खास इंतजाम किए हुए हैं मंदिर कमेटी के अध्यक्ष कमल ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष नवरात्रों में माता के मंदिर भक्तों का जन सैलाब उमड़ता है।

उसके मद्देनजर इस वर्ष भी भक्तों की रहने खाने पीने हुए सुरक्षा संबंधी तमाम इंतजाम मंदिर कमेटी द्वारा किए गए हैं जहां हिमाचल पुलिस 24 घंटे सेवा में तत्पर है तो वहीं मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी सभी पर अपनी नजर बनाए हुए हैं।

इस आयोजन में आज चंबा दौरे पर आए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भी विशेष रूप से मां भद्रकाली भलेई का आशीर्वाद प्राप्त किया इस आयोजन में पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं समर्थक भारी मात्रा में मौजूद रहे।

## विधायक से मिला रिटायर वेलफेयर एसो. का शिष्टमंडल

**सरकाघाट।** रिटायर वेलफेयर एसो. की ओर से धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर को मांग पत्र दिया गया जिसमें आग्रह किया गया की रिटायर बुजुर्गों को पेंशन पहले की तरह हर माह पहली तारीख को दी जाए जीसीसी का गठन किया जाए।

2016 से देय पेंडिंग एरियर का भुगतान हो तथा जो डी ए सरकार को देय है उसे तत्काल प्रभाव से दिया जाना वांछित है। धर्मपुर ब्लॉक के प्रधान हरि नंद शास्त्री के सौजन्य से हरीश शर्मा जिला प्रधान की अगुवाई में मिले शिष्टमंडल ने विनीत आग्रह किया कि विधायक महोदय अपने निजी प्रभाव का इस्तेमाल कर प्रदेश स्तरीय वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान व सदस्यों को आमंत्रित करके सदभाव पूर्ण वार्ता करवाई जाए।

## तीसा में वाहनों में तोड़-फोड़ करने वाला गिरोह सक्रिय

**अनंत ज्ञान, चुराह**



भंजराड़ू-चनवास-शहवा मार्ग पर शिरयारी के समीप एक बार फिर वाहनों में तोड़-फोड़ करने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है।

बीते 7 अक्तूबर को रात शरारती तत्वों ने सात बाइकों और तीन कारों की तोड़-फोड़ की। इस तरह का मामला पहली बार सामने नहीं आया है, जबकि इससे पहले भी यह गिरोह 15 वाहनों को नुकसान पहुंचा चुका है। ऐसे में ग्रामीणों को सड़क किनारे वाहन पार्क करना काफी महंगा पड़ रहा है। रात के अंधेरे में शरारती तत्व बाइक तोड़ रहे हैं। जब बाइक मालिक सुबह बाइक के पास पहुंचते हैं। तब तक शरारती तत्व वहां से भाग चुके होते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस बारे में तीसा पुलिस में भी शिकायत दर्ज करवा चुके हैं। ग्रामीणों में मन्नू कुमार, सोनू कुमार, जगदीश चंद, कमलजीत, योग राज, अनिल कुमार, संजू, नरैण सिंह और उमेश ठाकुर ने बताया कि इससे पहले भी 15 बाइकों की तोड़-फोड़ हो चुकी है। डीएसपी सलूनी रंजन शर्मा ने बताया कि मामला ध्यान में लाया गया है। जल्द ही इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

### सूडोकु 0081 (*****  कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0080 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

## प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के हितों के लिए प्रतिबद्ध : यादविंद्र गोमा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

युवा सेवा एवं खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर प्रदेश में खेल खिलाड़ी टैक्स योजना के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों से टैक्स वसूले जाने संबंधी नेता प्रतिपक्ष के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा एथलेटिक टैऊक्र धर्मशाला और बिलासपुर में खिलाड़ियों और खेल संघों से कोई भी धनराशि नहीं ली गई है। नेता प्रतिपक्ष के आरोप पूरी तरह से आधारहीन और भ्रामक है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के आरोपों को भ्रामक बताते हुए कहा कि विभाग द्वारा खिलाड़ियों से ट्रायल और खेल उपकरणों के लिए किसी भी प्रकार की फीस नहीं ली जा रही है और न ही इस तरह का कोई प्रस्ताव है।

जिला खेल परिषद द्वारा हर खेल परिसर के लिए निर्धारित शुल्क सारे तथ्यों के आकलन करने के पश्चात ही तय किए जाते हैं।

## सिद्धार्थ ने किया कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



संगठन महामंत्री सिद्धार्थन को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान 2024 के संदर्भ में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने आज भाजपा मंडल डल्हौजी के प्रमुख कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ भाजपा सदस्यता अभियान के के अंतर्गत एक समीक्षात्मक बैठक कर उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन एवं भाजपा द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला।

इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का व्याख्यान भी किया । बता दें कि इस बैठक में चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के संगठनमंत्री राजपाल सिंह, अभियान के सम्मानित प्रभारी सुमित शर्मा, जिला अध्यक्ष धीरज नरयाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगठन द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए भाजपा मंडल डल्हौजी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

9 अक्तूबर, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : आश्विन, **तिथि** षष्ठी : (12:16): **नक्षत्र** मूल (5:15), **पक्ष** : शुक्ल **योग** : सौभाग्य (6:35) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:08-1:35)।

### विशेष दिन

- 9 अक्तूबर 2024 : आमेर में छठ मेला आज।
- 9 अक्तूबर : गुरु रामदास जयंती आज।

**मेषः** कार्यस्थल पर आ रही समस्या के निदान के लिए कार्यस्थल पर वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तुरंत लाभ होगा।

**वृषभः** बेहतर उन्नति के लिए व्यवहार और कार्य प्रणाली में बदलाव की जरूरत है। एक समय पर एक ही काम करें। अधिकारी वर्ग प्रभावित होगा।

**मिथुनः** ग्रह अनुकूल है। आज के दिन आपके कार्यों में गति आयेगी। मन प्रसन्न रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सफलता मिल सकती है।

**कर्कः** सफलता के पीछे परिश्रम के साथ कई लोगों की दुआ भी है। स्वास्थ पर धन खर्च होगा। पारिवारिक आयोजन से दूरियां मिट सकती हैं।

**सिंहः** कानूनी अड़चनें आ सकती हैं। बेचैन रहेंगे। तेल व्यापारी आज ज्यादा मुनाफा कमा सकेंगे। विदेश जाने के योग है।

**कन्याः** जीवन बहुत छोटा है। समय रहते अपनी गलतियां सुधार लें। कई दिनों से अटके मसले आज सुलझ सकते हैं।

**तुलाः** चिंता त्यागें, जो होगा अच्छा होगा। व्यर्थ सोचना बंद करें। आपके वाक चातुर्य से कार्य बन जाएंगे।

**वृश्चिकः** पड़ोसियों से आज विवाद हो सकता है। स्वास्थ में सुधार के लिए डॉक्टर बदलना पड़ सकता है। मौज-मस्ती पर धन खर्च होगा।

**धनु :** समय की अस्थिरता से परेशान रहेंगे। परिवार में आई समस्या का निदान होगा। संमंच से जुड़े जातकों के मान में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर खुशनुमा माहौल रहेगा।

**मकरः** किसी अनजान पर भरोसा ना करें। आज भी कार्य पूरे नहीं हो पाएंगे। खान-पान पर पूर्ण नियंत्रण रखें।

**कुंभः** व्यापारिक उन्नति के अवसर है। कार्यों में आ रही परेशानी से सहज ही निकल जाएंगे। बर्तन व्यापारियों के लिए समय उपयुक्त है। परोपकारी बनें।

**मीनः** धैर्य रखें, जल्दबाजी में नुकसान हो सकता है। कानूनी कार्यों में उलझ सकते हैं। मामूली बात पर विवाद संभव है।

## स्कूल को बचाने के लिए बच्चों ने की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, मंडी**



प्रदर्शन करते हुए स्कूली बच्चे।

भगवाहन मोहल्ले की राजकीय प्राथमिक पाठशाला को बंद करनें के विरोध में स्थानीय लोगों ने बैठक कर स्कूल के बच्चों के साथ धरना प्रदर्शन किया इस दौरान बच्चों ने शहर एक से एक आवाज मिलाकर नारेबाजी की बच्चों द्वारा स्कूल को बचाना है हमें यही पढ़ना है जैसे नारे लगाए। पन्ना लाल रक्षा मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कपूर और स्थानीय निवासी गोपाल कपूर भी मौजूद रहे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटे बच्चे कहां पढ़ने जाएंगे इस स्कूल के बंद होने से बहुत से लोगों को भारी परेशानी होगी और स्कूल करीब 56 साल पूराना है जहां पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के पत्नी स्व. प्रो सिम्मी अग्निहोत्री ने भी पढ़ाई की है।

राजेश कपूर ने बताया कि जो नोटिस स्कूल को भेजा गया है उस नोटिस में यह स्कूल एग्जीस्ट ही नहीं करता है। क्योंकि स्कूल वहां मर्ज किए जा रहे है वो वहां पर है जहां पांच या फिर पांच से कम बच्चे पढ़ते है, लेकिन प्राथमिक पाठशाला भगवाहन में 36 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

### देव बाला कामेश्वर के भवन में हो रहा स्कूल का संचालन

जानकारी के अनुसार भगवान मोहल्ला स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला का संचालन देव बाला कामेश्वर के भवन में कई सालों से हो रहा है। वहां पर देवता महाशिवरात्रि उत्सव के दौरान अन्य देवी देवताओं के साथ ठहरते आए हैं। अब देवता कमेटी वहां पर उचित भवन का निर्माण करना चाहती है। क्योंकि यह जगह शहर में प्राइम लैंड है ।

## धर्म से जुड़ी कुरीतियों के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी : विनोद

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास के सौजन्य से 'अपराजिता...मैं चम्बा की' अभियान के तहत आज पंचायत घर जगत में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान बाल विकास परियोजना भरमौर के खंड समन्वयक विनोद ने कहा कि मासिक धर्म को लेकर समाज में फैली भ्रान्तियों को मिटाने के लिए कार्य करने की आवश्यकता और मासिक धर्म से जुड़ी विभिन्न कुरीतियों का समाज से उन्मूलन करने के प्रति जागरूकता बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर रशमी ने मासिक धर्म से संबंधित जानकारी सांझा की।



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं व अन्य।

# ओपिनियन



**जितना** अधिक आप प्रेम से प्रेरित होंगे, आपका कार्य उतना ही अधिक निडर और स्वतंत्र होगा। -**दलाई लामा**

## संपादकीय

# जनादेश सर्वोपरि

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के नतीजे कई राजनीतिक दलों के भविष्य पर सवालिया निशान लगा गए हैं। निश्चित रूप से इन नतीजों का असर आगामी राज्यों के विधानसभा चुनावों पर भी पड़ेगा। हरियाणा में जहां कांग्रेस तो वहीं, जम्मू-कश्मीर में भाजपा को शिकस्त मिली है। हरियाणा में रुझानों में भाजपा को बहुमत मिल गया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन ने जादुई आंकड़ा पार कर लिया है। सभी दल अब अपनी जीत और हार की समीक्षा के बहाने पोस्टमार्टम करेंगे। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और भाजपा की हार के कारणों को समझने के लिए, हमें कई कारकों पर विचार करना होगा। हरियाणा में कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण राज्य स्तरीय नेतृत्व में कमी उभरकर सामने आ रहा है। स्थानीय मुद्दों पर ध्यान नहीं देना भी कांग्रेस को भारी पड़ा तथा पार्टी के भीतर आंतरिक मतभेद के कारण उसे हार का मुंह देखना पड़ा है। हरियाणा के नतीजों पर कांग्रेस की रार सामने आई है। पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा नतीजों को निराशाजनक बता रही हैं। इससे कार्यकर्ताओं में बहुत निराशा है। दस साल तक उन्होंने कांग्रेस पार्टी के लिए खून पसीना बहाया, लेकिन अब उन्हें नए सिरे से आगे सोचना होगा।

कहां कमियां हैं, क्यों कमियां हैं, कौन लोग हैं जो जिम्मेदार हैं, इन सब चीजों का आकलन होना बाकी है। राहुल गांधी ने जो महौल बनाया था वो आगे क्यों नहीं हो पाया, इस पर पार्टी को सोचना होगा। बहुत कुछ होते हुए, सारी चीजें ढकते हुए चुनाव लड़ा गया। निश्चित रूप से यह आरोप गंभीर है और पार्टी हाई कमान को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उधर, जम्मू-कश्मीर में भाजपा की हार का मुख्य कारण क्षेत्रीय मुद्दों पर असफलता को बताया जा रहा है। राज्य के विकास में ज्यादा ध्यान नहीं देना भी भाजपा को भारी पड़ा तथा स्थानीय नेताओं की अनदेखी से तो बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ये केवल संभावित कारण हैं और वास्तविक कारणों के लिए अधिक विस्तृत विश्लेषण की आवश्यकता होगी। बहरहाल हरियाणा में भाजपा ने इतिहास रचा है और जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन का जादू चला है। दूसरी पार्टियां चाहे जो मर्जी कह लें, लेकिन यह हकीकत है और इस हकीकत को सबको स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि यह जनता का आदेश है। चुनाव में मतदाताओं द्वारा दिया गया निर्णय ही जनादेश होता है, जिसमें वे अपने प्रतिनिधि और सरकार चुनते हैं। लोकतंत्र में जनादेश महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह लोगों की इच्छा को दर्शाता है। जनादेश सरकार को बनाने और राजनीतिक दलों को शक्ति प्रदान करता है। जनादेश राजनीतिक दलों को जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व की भावना से काम लेने के लिए प्रेरित करता है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में वोटों की गिनती ने साफ कर दिया है कि जनता ही राजनीतिक दलों और उसके प्रतिनिधियों का भविष्य तय करती है। रुझानों में हरियाणा में जहां भाजपा बड़ी जीत की ओर अग्रसर हुई है तो वहीं, जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कांग्रेस यानी नेकां गठबंधन को बहुमत मिलना तय है। हरियाणा में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सत्ता में आकर मोदी सरकार की नीतियों पर मुहर लगाई है।

इसका मतलब है कि वहां की जनता केंद्र सरकार के कामकाज से काफी संतुष्ट है तभी तो बार-बार वह कमल के फूल वाला बटन दबा रही है। हालांकि जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश है, बावजूद इसके जनता ने कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस पर ही सबसे ज्यादा भरोसा जताया है। जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद चुनाव हुए हैं। इस चुनाव में कुल 63.45 प्रतिशत वोट डाले गए थे। इस बार के चुनाव में सीधा मुकाबला भाजपा और नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस के बीच बताया जा रहा था, जो कि नतीजों से अब स्पष्ट भी हो गया है। वहीं, पीडीपी और अवामी इत्तेहाद पार्टी जैसे दलों की किंगमेकर की भूमिका निभाने की लालसा धरी की धरी ही रह गई। बीते दिनों आए एग्जिट पोल त्रिशंकु विधानसभा की तरफ इशारा कर रहे थे, लेकिन ये नतीजे उसके एकदम उलट निकले हैं। एग्जिट पोल में कोई भी पार्टी एक-दूसरे पर पूरी तरह से हावी होती नहीं दिखी थी, लेकिन इसमें सबसे ज्यादा चालाक नेशनल कांफ्रेंस निकली। नेकां ने कांग्रेस के सहारे अपने नैया पर लगाई है। दूसरी तरफ हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही थी, जो कि नतीजों से स्पष्ट दिखाई दे रही है। भाजपा और कांग्रेस के बीच जीत हार का अंतर ज्यादा नहीं है। ■

# आध्यात्मिकता की शिक्षा बचपन से ही दिलाई जाए

आध्यात्मिकता एक ऐसा विषय है, जिसका वास्तविक अर्थ ज्ञात न होने के कारण अधिकतर लोग इसे आयु के अंतिम पड़ाव या विरक्तता के साथ जोड़ने लगते हैं। कुछ लोग इसे धर्म के पर्याय के रूप में भी देखते हैं। वे इसे संतों, ऋषि-मुनियों, संन्यासियों और प्रवचन कर्ताओं के साथ जोड़ देते हैं। जबकि वास्तव में अध्यात्म का अर्थ इतना सीमित नहीं है। वर्तमान समय में अध्यात्म की शिक्षा की प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यकता है, बल्कि इस बात में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, यदि ऐसा कहा जाए कि आध्यात्मिकता को बचपन से ही विद्यार्थियों को सिखाने की नितांत आवश्यकता है। वैसे तो नैतिक शिक्षा के रूप में इसका एक अंश पहले से ही स्कूली पाठ्यक्रम में सम्मिलित है और विद्यार्थी इसे अतिरिक्त बोझ न समझें, इस कारण से संज्ञानात्मक स्तर पर ग्रेडिंग में इसका अंकन नहीं किया जा रहा।

इसे मूल पाठ्यक्रम में सहगामी के तौर पर रखा गया है, परंतु इसके सकारात्मक परिणाम इतने अधिक संतोषजनक नहीं प्राप्त हो रहे हैं। कारण स्पष्ट है कि इसे व्यवहारिक तौर पर नहीं अपनाया जा रहा। समाज में व्याप्त हिंसा, चोरी, अश्लीलता, भ्रष्टाचार आदि कहीं न कहीं इस ओर इशारा कर रहे हैं कि आज हमें अपना मुख और रुख दोनों आध्यात्मिकता की ओर कर लेना चाहिए। आध्यात्मिकता जो कि सर्वप्रथम हमें स्वयं का ज्ञान देती है। इससे व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप को पहचान पाता है, क्योंकि अधिकतर लड़ाई इसी कारण से होती है कि व्यक्ति स्वयं को नहीं जानते हैं और न ही जानना चाहते हैं। वे बाहरी दुनिया में ही मस्त रहते हैं। जितना वे स्वयं के बारे में जानते हैं, वह मिथ्या होने के साथ-साथ उनके अहंकार को भी बढ़ाता है। जबकि एक आध्यात्मिक व्यक्ति इस बात के लिए कभी अहंकार नहीं करता कि उसका जन्म जिस परिवार में हुआ है, वह किस धर्म, जाति, समुदाय या क्षेत्र से संबंधित है। वह इस अहंकार में भी नहीं रहता कि वह किस पद पर आसीन है या उसके पास कितनी धन संपत्ति, ऐश्वर्य के साधन, शक्ति संपन्नता आदि है। वास्तव में यह सब नश्वर है और एक आध्यात्मिक व्यक्ति के लिए इनका कोई मूल्य नहीं है। हमारा स्वयं का अस्तित्व यही है कि हम एक आत्मा हैं। आत्मा जो कभी मरती नहीं, केवल शरीर मरता है और आत्मा नए जन्म के साथ पुनः नया शरीर धारण करती है। हमें सुख सुविधाएं, अधिकता या अभाव सब हमारे कर्मों के अनुसार मिलता है। आध्यात्मिकता हमें वर्तमान में जीना सिखाती है। ऐसे में आध्यात्मिकता की शिक्षा यदि व्यक्ति को बचपन से ही दी जाए, तो आगे चलकर वह न केवल स्वयं के लिए, बल्कि समाज के लिए भी हितकर होगा। वर्तमान समय में लोगों में दंभ भरा हुआ है।



**लेखक : यश गोरा**
योल कैंट

वे स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को तुच्छ समझते हैं। अहंकार से भरे होने के बावजूद उन्हें इस बात का तनिक भी एहसास नहीं होता। अपने रुतबे, बल, सौंदर्य के आधार पर वे अपनी आत्मीयता को भूलने लगे हैं। अपने क्षणिक सुख को उन्होंने चिरस्थायी मान लिया है। इतना ही नहीं लोग मृत्यु तक को भी भूल चुके हैं, जो कि शाश्वत सच्चाई है। कोरोना काल में लोगों ने इस बात को फिर से महसूस किया था कि आध्यात्मिकता की सबको आवश्यकता है, परंतु स्थिति सामान्य होते ही वे फिर से सब भूलने लगे हैं। आध्यात्मिक गुरु दादी जानकी से जब किसी ने पूछा था कि आप हमेशा जनसेवा के लिए कैसे तैयार रहती हैं, तो उन्होंने कहा था कि मैं हर घड़ी को अपनी अंतिम घड़ी समझती हूं। पता नहीं अगले पल सेवा का अवसर मिले या न मिले, इसलिए हर समय तैयार रहती हूं। आध्यात्मिकता हमें ईश्वर के साथ जुड़ने का अवसर भी प्रदान करती है। यह विभिन्न धर्मों की दीवार को तोड़कर हमें एक होना सिखाती है। यदि सबको एकता के साथ रहना आ जाए, तो पूरे संसार का कल्याण हो सकता है। आध्यात्मिकता हमें सिखाती है कि प्रत्येक व्यक्ति का अपना एक अस्तित्व होता है।

दूसरों के विचार-संस्कार हमसे अलग हो सकते हैं, परंतु इसका तात्पर्य यह नहीं है कि वे गलत, हीन या तुच्छ हैं। वास्तव में प्रत्येक आत्मा अपनी एक लंबी यात्रा पर अग्रसर है। यात्रा से तात्पर्य आत्मा द्वारा बार-बार नए जन्म के साथ नया शरीर धारण करने से हैं। इस दौरान आत्मा अनेक व्यक्तियों के संपर्क में आती है और उसकी भावनाओं, संवेदनाओं आदि का विकास होता है। इससे आत्मा के स्वभाव- संस्कार का भी निर्माण होता है, जिसे हम उसकी आदतें कह सकते हैं। जैसे हम देखते हैं कि कुछ व्यक्ति बचपन से ही क्रोधी स्वभाव के होते हैं और कुछ जोश, कुछ भय आदि अनेक गुण पहले से ही लेकर आए होते हैं। यह सब आत्मा अपनी यात्रा के दौरान आगे लेकर चलती जाती है। इस प्रकार नए परिवेश में उसके नए संस्कार पनपते जरूर हैं, परंतु पुराने संस्कारों का प्रभाव भी उस पर रहता ही है। कभी-कभी आत्मा के संस्कारों को बढ़ाने, घटाने या बदलने की आवश्यकता महसूस होती है और ऐसा किया भी जा सकता है, परंतु इस सब में काफी समय लगता है। यदि किसी व्यक्ति के संस्कार में गुस्सा, चिड़चिड़ापन जैसी बुरी आदतों का समावेश हो तो उन्हें बदलने में आध्यात्मिकता बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अच्छी आदतों की वृद्धि और बुरी आदतों की समाप्ति किया जाना बहुत आवश्यक होता है। साथ ही इस बात का एहसास होना भी बहुत आवश्यक है कि व्यक्ति अपनी बुरी आदतों की पहचान स्वयं कर सके। अकसर व्यक्ति दूसरों की तो अनेक गलतियां पहचान लेता है, परंतु स्वयं की ओर देखना भूल जाता है।

जबकि आध्यात्मिकता इसी बात की ओर विशेष ध्यान देती है। स्वामी विवेकानंद जी ने भी यही कहा था कि हम बदलेंगे तो युग बदलेगा और हम सुधरेंगे तो युग सुधरेगा, परंतु व्यक्तियों में स्वयं को बदलने की सोच का होना आवश्यक है। ऐसी मानसिकता ही समाज को उन्नति के पथ पर अग्रसर कर सकती है। अधिकतर हम सब व्यक्तियों को अच्छाई के पथ पर चलाने के उद्देश्य से उनके कर्म पर विशेष ध्यान देते हैं। यह भी सभी जानते हैं कि मनुष्य अपने कर्मों के फल से नहीं बच सकता, परंतु आध्यात्मिकता में मनुष्य को इस बात का भी ज्ञान हो जाता है कि कर्म निर्धारण में हमारी सोच का अहम रोल होता है।

हमारे मन में प्रतिदिन लाखों विचार चलते हैं, जिनमें से अधिकतर नकारात्मक और व्यर्थ होते हैं। अपने विचारों पर ध्यान देकर व्यक्ति सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार कर सकते हैं। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, माउंट आबू के तत्वावधान में जयपुर में चलाई जा रही 'विचार प्रयोगशाला' इसी दिशा में कार्य कर रही है। जब व्यक्ति का अपने विचारों पर नियंत्रण स्थापित हो जाता है, तो वह स्वयं पर भी नियंत्रण रख सकता है और यह भी वर्तमान समय की एक आवश्यकता बन चुकी है। व्यक्ति यह तो जानते हैं कि मन का काम सोचना भी है, परंतु यह नहीं जानते कि अपनी सोच को सकारात्मक कैसे बनाया जाए। मन में उठने वाले विचारों पर नियंत्रण करने के लिए मन पर नियंत्रण करना जरूरी है। इसे संभव करने का एक तरीका यह भी है कि अपने मन को सत्कार्य की तरफ लगा लिया जाए। यदि हम अच्छाई का प्रसार करेंगे तो हमें अच्छाई ही प्राप्त होगी। आध्यात्मिकता में व्यक्ति इन सब बातों का गहनता से अध्ययन करता है तथा न केवल अपना वर्तमान बल्कि भविष्य भी संवार लेता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# कैसा सशक्तिकरण है यह ? कहां पूजनीय है स्त्री ?

पितृ पक्ष में अपने पितरों को जल और भोजन अर्पित कर सब हिंदू अपने पूर्वजों को एक बार फिर विदा कर चुके और अब नवरात्र के साथ शुरू हो गया त्योहारों का मौसम।

नवरात्र यानी कि शक्ति की पूजा, मां की पूजा, देवी की पूजा। छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मान उनका कन्या पूजन होता है। उत्तर भारत में सब ओर माता के जगरातों की धूम है, तो दक्षिण में गोलू पर्व चल रहा है। उधर पश्चिम में डांडिया और गरबा की धूम है तो पूर्व में मां एशेचे की गूंज के साथ आरंभ हो गई दुर्गा पूजा। दसवें रोज सिंदूर खेला और ढाकी की थाप के साथ धुनुची नाच और फिर मां का विसर्जन। जीवन में खुश रहने के रंग, ऊर्जावान बने रहने के रंग और हजार मुश्किलों के बाद भी जीवन में मुस्कुराने के रंग भरती हैं मां। कितनों की मुरझाई हुई जिंदगी इन रंगों द्वारा भर कर फिर मां अपने बच्चों से मिल कर अगले साल आने के वादों के साथ विदाई ले लेती है। 'यस्य पूजयंते नार्यस्तु तत्र रमंते देवता: ', यही है हिंदू संस्कृति। रीति-रिवाजों, मान्यताओं, परंपराओं को चलाने वाली, घर को घर बनाने वाली, सहेजने वाली नारी ही तो है । यह नारी को नारायणी कहने वाला देश है। मातृशक्ति का स्मरण ईश्वर से पहले होता है, सीता राम, राधा कृष्ण, गौरी शंकर, लक्ष्मी नारायण आदि। स्वतंत्रता के पश्चात हमारे संविधान में महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार मिले।



**लेखिका :अलका कांसरा**
रिटायर्ड प्रोफेसर

नारी इस समाज का मूल आधार है, ईश्वर द्वारा समाज को दिया गया खूबसूरत उपहार है। पर आज ऐसी समृद्ध संस्कृति वाले देश में निर्भया और अभया कांड हैं, हाथरस और कठुआ की निर्मम घटनाएं हैं, बदलापुर का घिनौना अपराध है। आज बंगाल की पूजा थोड़ी बेरंग है, जहां की मुख्यमंत्री एक महिला है, जो मां काली, मां दुर्गा का शहर है, मां भी चुप है अभया कांड के कारण। यह वही देश है जिसके सर्वोच्च पद, राष्ट्रपति पद पर एक नारी आसीन है पर रोज ऐसी घटनाएं घट रही हैं। निर्भया के अपराधियों को सजा मिलने में आठ बरस लग गए और अब अभया के माता-पिता इंसाफ के लिए हाथ जोड़े खड़े हैं। कोलकत्ता के डाक्टर अभी भी धरने पर हैं, जन जन में आक्रोश है। पर हमारे नेताओं के कण पर जूं तक नहीं रेंगती। कानून न्याय दिलवाने में सालों साल लगा देता है पर राजनीतिक अपराधियों के लिए न्यायालय आधी रात को भी खुल जाते हैं।

आज भी शाम ढलने पर लड़कियों को घर के बाहर जाने से रोका जाता है। आज भी उसे पूछा जाता है कि ऐसे कपड़े क्यों पहनती हो, वैसे कपड़े क्यों पहनती हो। घर में सब कुछ पिता या पति की मर्जी से चलता है फिर चाहे पत्नी पति के बराबर या उससे अधिक ही क्यों न कमाती हो। महिला सशक्तिकरण पर भाषण दिए जाते हैं और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी धूमधाम से मनाया जाता है। एक दिन के लिए उसका महिमामंडन किया जाता है, उसे गौरवान्वित किया जाता है । रात गई, बात गई और अगले ही दिन बन जाती है भोग की वस्तु। कैसा सशक्तिकरण है यह ? कहां पूजनीय है स्त्री ?

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## कविता

### झूठ उनका मंत्र है



डॉ कौमार्या मनोज

*है आ रहा चुनाव यारों, फिर बिछ रहा शतरंज है।*
*नेताओं के झूठे वादे, झूठ हीं उनका मंत्र है।।*
*तोड़ दें आसमां के तारे, वादें उनके हो हजार।*
*जन जन घर के दरवाजे, वोट हित करते मनुहार।।*
*सब कुछ मैं ठीक-ठाक करूंगा, बस अबकी जितला देना।*
*मैं तेरा बेटा-भाई हूं, मुझे मेरा हक दिलवा देना।।*
*काम करूंगा दिल से अपनी, वादों पे वादा अब नहीं यार।*
*बस मुझको इस बार जितादो, लगाता सबसे है वो गुहार।।*
*जब तक चले चुनाव शहर में, सूबे शाम नज़र वो आते हैं।*
*जीत गए जो बाजी अपनी, फिर नज़र कहां वो आते हैं।।*
*है आ रहा चुनाव यारों, फिर बिछ रहा शतरंज है।*

# बदलाव की ओर हिमाचल की शिक्षा का भविष्य

हिमाचल प्रदेश की स्कूली शिक्षा भारी बदलाव के दौर से गुजर रही है। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री शिक्षा में गुणवत्ता को लेकर प्रतिबद्ध हैं। जिसे प्रदेश के कर्मठ शिक्षाविद व शिक्षा सचिव राकेश कंवर तथा प्रारंभिक शिक्षा निदेशक आशीष कोहली द्वारा धरातल पर सुनियोजित ढंग से अमलीजामा पहनाया जा रहा है। बहुत सारी गुणात्मक गतिविधियां प्री-प्राइमरी से लेकर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं तक उकेरी जा रही हैं। उधर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी शिक्षा गुणवत्ता को लेकर इसकी गंभीरता के प्रति ध्यानकर्षित करती है। अंवेषणयुक्त, कौशल आधारित व व्यावसायिक शिक्षा समय की मांग है, जिसे प्रदेश सरकार द्वारा सुनियोजित तरीके से विभिन्न सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के माध्यम से लाभार्थी बच्चों को उपलब्ध करवाया जा रहा है।

राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे एनएएस जिसे कि अब वर्ष 2024 से 'परख' (प्रदर्शन, मूल्यांकन, समीक्षा एवं समग्र विकास के लिए ज्ञान का विश्लेषण ) के नाम से जाना जा रहा है व जिसमें कक्षा तीसरी, छठी व नौवीं के बच्चों का भाषा, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व गणित आकलन किया जाएगा, की पूर्व तैयारियां प्रदेश भर में जोर-शोर से चल रहीं हैं। इस हेतु प्रदेश के माननीय शिक्षा मंत्री व शिक्षा सचिव द्वारा गत 13 सितंबर को स्वयं प्रदेश भर के समस्त स्कूलों के लगभग 8,000 शिक्षकों से आनलाइन जुड़ कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया है, जिसका असर धरातल पर उत्साहवर्धन के रूप में दिखने लगा है। ये सब प्रयास प्रदेश को शिक्षा की गुणवत्ता में अव्वल लाने की प्रतिवद्धता दर्शाते हैं। यही नहीं, सरकार की पहल से बहुत सारे शिक्षाविदों, व्यवसाइयों, पूर्व छात्रों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेकेदारों, समाजसेवियों व शिक्षा से जुड़े लोगों द्वारा गोद भी लिया जा रहा है। प्रदेश के लगभग 55 प्रतिशत स्कूलों को गोद लिया जा चुका है। इस से एक तो स्कूलों की दशा सुधरेगी, वहीं ऐसी गतिविधि के माध्यम से समाज की स्कूलों तक पहुंच बढ़ेगी, जिस से शिक्षा में समाज का योगदान भविष्य की जरूरतों के प्रति गंभीर होना इंगित करता है।



**लेखक :** संजय चौधरी
बानोरडु, ( योल कैंट, धर्मशाला )

समुदाय आधारित व समुदाय सहयोगी शिक्षा जनमानस के बच्चों को सीखने में नए अनुभव प्रदान कर उनकी शिक्षा में सुधार करेगी। प्रत्येक स्कूल में क्लस्टर स्तर की रिसोर्स मैनेजमेंट कमेटी भी बनाई गई है, जिस के अंतर्गत सभी वरिष्ठ माध्यमिक, हाई, मिडल व प्राथमिक स्कूलों के संचालकों को अपने रिसोर्स एक दूसरे से शेयर करने होंगे व प्रार्थना सभा, मिड-डे-मील, खेलकूद तथा अन्य शिक्षण, गैरशिक्षण गतिविधियां भी सामूहिक तौर पर इकट्ठे करवानी होंगी। इससे शिक्षा में व्यापक सुधार के साथ-साथ बच्चों व स्कूलों को भी फायदा होगा। यू-डाइस के माध्यम से बच्चे के ब्लड-ग्रुप से लेकर उसकी भाषा, लंबाई, भार, पारिवारिक विवरण, स्वास्थ्य, उसकी रुचियों व अन्य उपलब्धि स्तरों को भी रिकार्ड किया जा रहा है। इसके माध्यम से प्रत्येक बच्चे का स्कूल में दाखिल होने पर तमाम रिकॉर्ड इकट्ठा करके एक जगह रखा जा रहा।

यहीं से ही हिमाचली सरकारी शिक्षा में भविष्य के लिए आने वाले बदलावों की आशा को शिक्षाविद पैनी नजर से देख रहे हैं। व्यापक आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के प्रयोग से बच्चों के परमानेंट एजुकेशन नंबर सृजित किए जाएंगे जिसके माध्यम से बच्चों के उपलब्धि-स्तर से लेकर मूल्यांकन, स्कूल आने से लेकर स्कूल छोड़ने तक का पूरा डाटा इंगित होगा व उसके स्कूल छोड़ने वाले सर्टिफिकेट भी डिजिलोकर में सुरक्षित होंगे। इससे शिक्षा में धोखाधड़ी पर अंकुश लगेगा। उधर सरकारी स्कूलों में पढ़ने-पढ़ाने की तकनीकों में भी व्यापक फेरबदल हो रहा है। एक ओर शिक्षा में तकनीक का उपयोग बढ़ने लगा है, वहीं, पढ़ने-पढ़ाने के परंपरागत कालातीत विधियों को कक्षाकक्ष से विदा करने पर बल देते हुए, शिक्षकों को व्यावसायिक रूप से निखारने पर सरकार ध्यान दे रही है। इस हेतु गतिविधि आधारित, ज्ञान से ओतप्रोत, प्रेरणात्मक तरीकों तथा नई डिजिटल तकनीकों से युक्त पढ़ाई करवाने के लिए प्रदेश भर के सभी वर्ग के समस्त शिक्षकों को अध्यापन-ट्रैनिंग करवाई जा रही है। शिक्षकों के लिए ट्रैनिंग देने के तौर-तरीकों में भी व्यापक फेरबदल किए गए हैं। जिससे शिक्षक सहजता से नवीनतम पाठ्य-विधाओं को सीख सकें।

समस्त स्कूल मुखियाओं को भी पढ़ने-पढ़ाने के साथ-साथ डेटा-जेनरेशन व प्रशासनिक कार्यों के लिए सक्षमता की भी ट्रैनिंग विभिन्न स्तरों पर दी जा रही है, जिस से स्कूली व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनेगी। गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध सरकार का ऐतिहासिक महत्वपूर्ण कदम 'नवनियुक्त शिक्षकों को 15 दिवसीय इंडक्शन ट्रैनिंग' प्रदान करना है, जिस के अंतर्गत इस वर्ष से प्रत्येक नवनियुक्त अध्यापक को कक्षा में जाने से पूर्व 15 दिन का आवश्यक प्रशिक्षण से गुजर कर आवश्यक गुर सीखने के उपरांत ही अध्यापन करवाना होगा। इस वर्ष नवनियुक्त जेबीटी व टीजीटी अध्यापकों का यह प्रशिक्षण हाल ही में पूर्ण हुआ है, जिसके बेहतरीन परिणाम आना शुरू हो गए हैं।

अतः ये तो तय है कि भविष्य में हिमाचल की शिक्षा की तस्वीर बदलने वाली है, जिनमें शिक्षकों को भी ऐसे बदलाबों से गुजरना होगा। परंतु दूसरी तरफ सैकड़ों की तदाद में बंद होते स्कूल, शिक्षकों की भारी मात्रा में कमी, प्री-प्राइमरी अध्यापक आज तक उपलब्ध न हो पाना, शिक्षकों की भर्ती व पदोन्नति नियमों में विषमताएं, पदोन्नति पर उच्च पदों को योग्यता प्रतियोगिताओं से न भरा जाना, डाइट व एससीईआरटी में नियुक्ति के ऐसे नियम जिनमें जेबीटी से लेकर प्रवक्ता तक में से योग्यता व अनुभव आधारित चयनित अध्यापकों की नियुक्ति के अभाव में भविष्य की गुणवत्ता कायम रखना थोड़ा मुश्किल जरूर है, परंतु मुद्दों के निदान के साथ न मुमकिन नहीं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' ( कृत्रिम बुद्धिमत्ता )

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव मस्तिष्क जैसी बुद्धिमत्ता को कृत्रिम रूप से विकसित करने का विज्ञान है। एआई ऐसे सिस्टम या मशीनों को तैयार करने की प्रक्रिया है ,जो मानव मस्तिष्क की तरह सोच सके, निर्णय ले सके और समस्याओं का समाधान कर सके। यह कंप्यूटर विज्ञान की एक ऐसी शाखा है जो मशीनों को ऐसी क्षमताएं देती हैं कि वे मनुष्य के समान कार्य कर सकें जैसे कि समझना, सीखना, अनुभव से सुधार करना यह निर्णय लेना। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एआई दिन-प्रतिदिन तेजी से विकसित हो रहा है और भविष्य में यह मानव जीवन को बड़े पैमाने पर बदलने जा रहा है। आधुनिक युग में हमारा जीवन काफी हद तक कंप्यूटर पर निर्भर करता है।

कंप्यूटर के बिना जीवन की कल्पना करना लगभग असंभव है, इसीलिए कंप्यूटर को बुद्धिमान बनाना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है, ताकि हमारा जीवन आसान हो जाए। एआई कंप्यूटर का सिद्धांत एवं विकास है जो मन, बुद्धि और इंद्रियों की नकल करता है जैसे दृश्य धारण करना, भाषण पहचान, निर्णय लेना और भाषाओं के बीच अनुवाद करना। ए आई को तीन मुख्य श्रेणियों में बांटा गया है-नैरो, जनरल और सुपर इंटेलिजेंस। नैरो को कमजोर ए आई भी कहा जाता है। यह विशेष कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है जैसे चेहरे को पहचानना, आवाज को पहचानना और स्पैम फिल्टर लगाना। यह सिस्टम एक निश्चित दायरे में ही काम करते हैं और इंसान की बुद्धिमता का अनुकरण नहीं कर पाते। उदाहरण के तौर पर अलेक्सा और सीरी इसी श्रेणी में आते हैं। जनरल एआई में मनुष्यों की तरह सभी प्रकार के कामों को करने की क्षमता होती है इसका मतलब यह है कि यह विभिन्न स्थितियों में खुद को ढाल सकता है और विभिन्न कार्यों को प्रभावित रूप से कर सकता है। सुपर इंटेलिजेंस एआई का वह स्तर है, जहां मशीनों की बुद्धिमत्ता मानव से कहीं अधिक हो जाती है। इसे एआई का सबसे उन्नत रूप माना जाता है, जहां मशीनें खुद को सुधारने और नई जानकारी के आधार पर निर्णय लेने में सक्षम होंगी।



**लेखिका : वसुंधरा धर्माणी**
घुमारवीं, बिलासपुर

हालांकि यह एक सैद्धांतिक अवधारणा है और वास्तविकता से अभी बहुत दूर है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ कार्य करने पर गलती होने की संभावना न के बराबर होती है। इसकी सहायता से हम शत-प्रतिशत सही कार्य कर सकते हैं। एआई में इंसान की तरह सोचने की शक्ति तो होती है, लेकिन भावनाएं नहीं होती। हम जो आदेश देते हैं वह इन्हें फॉलो करते हैं। एआई का उपयोग दिन-प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है जिनमें स्वास्थ्य के क्षेत्र में, व्यवसाय, शिक्षा, सुरक्षा और निगरानी के क्षेत्र में उपयोग किया जा रहा है। एआई का उपयोग चिकित्सा में निदान, इलाज की योजना और दवाओं की खोज में किया जा रहा है। एआई आधारित मशीन जटिल बीमारियों का निदान तेजी से तथा सटीकता के साथ कर सकती हैं जिससे चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांति आई है। एआई का उपयोग उपभोक्ता डाटा के आधार पर व्यापारिक नीतियां बनाने में किया जा रहा है।

यह ग्राहकों की प्राथमिकताओं को समझने में मदद करता है और कंपनियों के अधिक विज्ञापन देने की क्षमता प्रदान करता है। स्वचालित वाहनों, ड्रोन और स्मार्ट फैक्ट्री के निर्माण में ए आई की महत्वपूर्ण भूमिका है। एआई आधारित लर्निंग प्लेटफॉर्म छात्रों को व्यक्तिगत रूप से निर्देशित और अनुकूलित सामग्री प्रदान करते हैं जिससे छात्रों को समझने और सीखने में गति मिलती है। एआई का उपयोग निगरानी कैमरा, साइबर सुरक्षा और धोखाधड़ी का पता लगाने के लिए भी किया जा रहा है। इससे समाज में सुरक्षा की भावना को बढ़ावा मिलेगा और अपराधों की दर को कम किया जा सकता है।

एआई के जहां इतने फायदे हैं वहां इसके उपयोग में चुनौतियां भी हैं। एआई के कारण स्वचालन में वृद्धि हुई है, जिससे कुछ उद्योगों में नौकरियां खतरे में है। खासकर मानव निर्मित कई रोजगार खतरे में हैं। एआई के माध्यम से डाटा का गहन विश्लेषण किया जाता है, जिससे उपभोक्ताओं की निजता पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा एआई के युग में अहम मुद्दा बन गया है। निर्णय लेने की जिम्मेदारी किसकी होनी चाहिए। इस पर भी नैतिक और कानूनी सवाल उठते हैं। जैसे-जैसे एआई सिस्टम विकसित हो रहे हैं साइबर हमले का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।

एआई आधारित सुरक्षा उपायों के बावजूद यह सिस्टम ही खुद हैकिंग तथा अन्य खतरों के शिकार हो सकते हैं। ' कृत्रिम बुद्धिमत्ता' प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक ऐसी क्रांति है जिसने हर क्षेत्र में अपने पांव पसार लिए हैं इनके लाभ तो अनगिनत हैं, लेकिन साथ ही चुनौतियां भी हैं जिन्हें हल करना अत्यावश्यक है। आने वाले समय में 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' का विकास और विस्तार समाज और उद्योग के स्वरूप को बदल सकता है, लेकिन इसके लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम इसकी शक्तियां समझे और सकारात्मक तरीके से इनका उपयोग करें, ताकि यह मानवता के लिए एक चुनौती न होकर वरदान साबित हो सके।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व मुख्यमंत्री

**मिनजुर** भक्तवत्सलम प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और मद्रास प्रांत (अब तमिलनाडु) के पूर्व मुख्यमंत्री थे। मिनजुर भक्तवत्सलम का जन्म चिंगलपट में हुआ था। मद्रास से उन्होंने कानून की शिक्षा ली। राजनीति की ओर उनका आकर्षण विद्यार्थी जीवन से ही था और एनी बीसेंट के होमरूल लीग आंदोलन में और रौलट बिल के विरोध में उन्होंने भाग लिया। उसी समय वे राजगोपालाचारी के संपर्क में आए और गांधी जी के प्रभाव से आंदोलन में सक्रिय हो गए। 1932 के सविनय अवज्ञा आंदोलन में 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में और भारत छोड़ो आंदोलन में उन्होंने जेल की यातनाएं सहीं थी। 1937 के मद्रास मंत्रिमंडल में भक्तवत्सलम ने सभा सचिव के रूप में प्रवेश किया। फिर वे मंत्री बन गए। 1946 में टी. प्रकाशुय के मंत्रिमंडल में बाद में राजा जी और कामराज के मंत्रिमंडल में भी वे कैबिनेट मंत्री थे। जब कामराज ने 'कामराज योजना' के अंतर्गत अपना पद छोड़ दिया तो भक्तवत्सलम तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने। वे 1967 तक इस पद पर रहे। गांधी जी के रचनात्मक कार्यों में विश्वास करने वाले भक्तवत्सलम ने अपने मंत्रित्व और मुख्यमंत्रित्व के कार्यकाल में लोक कल्याण की अनेक योजनाएं अग्रसरित कीं। वे समाज सुधार और हरिजनोद्धार के कार्यों में तथा शिक्षा के प्रसार में भी पूरी रुचि लेते थे। ■



**मिनजुर भक्तवत्सलम**
**जन्म** : 9 अक्तूबर, 1897
**मृत्यु** : 31 जनवरी 1987

## अपनी बात

**नवरात्र** के सातवें दिन मां दुर्गा की सातवीं शक्ति माता कालरात्रि की पूजा अर्चना की जाती है। शास्त्रों में माता कालरात्रि को शुभंकरी, महायोगीश्वरी और महायोगिनी भी कहा जाता है। माता कालरात्रि की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना और व्रत करने से मां अपने भक्तों को सभी बुरी शक्तियां और काल से बचाती हैं अर्थात माता की पूजा करने के बाद भक्तों को अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। माता के इसी स्वरूप से सभी सिद्धियां प्राप्त होती है इसलिए तंत्र मंत्र करने वाले माता कालरात्रि की विशेष रूप से पूजा-अर्चना करते हैं। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार देवी कालरात्रि शनि ग्रह को नियंत्रित करती हैं अर्थात इनकी पूजा से शनि के दुष्प्रभाव दूर होते हैं। माता कालरात्रि के नाम के उच्चारण मात्र से ही भूत, प्रेत, राक्षस और सभी नकारात्मक शक्तियां दूर भागती हैं। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने वाली हैं और ये ग्रह-बाधाओं को भी दूर करने वाली हैं। इनके उपासक को अग्नि-भय, जल-भय, जंतु-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय आदि कभी नहीं होते। अतः हमें निरंतर इनका स्मरण, ध्यान और पूजन करना चाहिए। पुराणों में बताया गया है कि मां कालरात्रि की पूजा व उपवास करने से सभी नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और आरोग्य की प्राप्ति होती है। **विपिन, सदरपुर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### आत्मरक्षा पर आधारित प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में रेडक्रॉस सोसायटी (ऊना) के सहयोग से कॉलेज के जेंडर इक्विटी इनिशिएटिव द्वारा छात्राओं के लिए सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर थे। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि उपनिरीक्षक सुरेश पाल एवं कुमारी नीरज कुमारी थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेंडर इक्विटी इनिशिएटिव के संयोजक प्रोफेसर निकिता गुप्ता थे। मंच का संचालन प्रो. कृष्ण चंद ने की।

### जिला श्रम विभाग ने करियर गाइडेंस दी

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** जिला श्रम एवं रोजगार विभाग ऊना की ओर से करिअर गाइडेंस शिविर का आयोजन पीएम श्री वीरेंद्र गौतम मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संतोषगढ़ में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल उपिंदर राणा ने की। इस दौरान विभागीय काउंसलर कृति भारद्वाज ने यहां विद्यार्थियों को जीवन निर्माण एवं 12वीं के बाद अपने रुचिबद्ध विषय में सफलता के टिप्स दिए। अतिथि वक्ता के रूप में मीडिया कर्मी सुरेश कुमार ने पत्रकारिता के क्षेत्र में करिअर बनाने के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई। प्रिंसिपल उपिंदर राणा ने कहा कि यह शिविर विद्यार्थियों के जीवन मे सफलता का सूत्र भी है।

### राम-सीता के मिलन ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं रामलीला कमेटी गगरेट द्वारा आयोजित रामलीला के पांचवें दिन का मंचन धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ के प्रमुख अतिथियों के रूप में डेरा बाबा हरी शाह के मुख्य सेवादार बाबा राकेश शाह, प्रतिष्ठित समाजसेवी और उद्योगपति वेद गोयल, औद्योगिक संघ गगरेट के महासचिव सुरेश शर्मा, व्यापार मंडल गगरेट के प्रधान सुरेंद्र लखनपाल के पुत्र पदम लखनपाल और प्रतिष्ठित व्यापारी लवली सूद सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पांचवें दिन की रामलीला में सबसे पहले अहिल्या उद्धार की लीला का मंचन किया गया। इसके बाद गंगा अवतरण की लीला, पुष्प वाटिका का मंचन, जिसमें भगवान राम और माता सीता का पहला मिलन दिखाया गया। इस दृश्य ने दर्शकों को मोह लिया। कार्यक्रम का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। रामलीला के पांचवें दिन की लीला ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### देश में कांग्रेस लुप्त होने के कगार पर : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हरियाणा की जनता ने कांग्रेस की झूठी गारंटियों पर जोरदार तमाचा मारकर भाजपा की जीत के आंकड़े को 50 पार करवाया है। इससे यह दर्शाता है कि देश में अब कांग्रेस पार्टी लुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी है और अब देश की जनता केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के साथ आगे बढ़ने की शपथ ले चुका है। भाजपा के पूर्व राज्य अध्यक्ष सतपाल सत्ती और कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक कुमार भुट्टो ने कहा कि जिस प्रकार हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू अपनी झूठी गारंटियों को बैग में डालकर हरियाणा के विस चुनावो में गए थे। मुख्यमंत्री को ऐसा लग रहा था कि मेरी झूठी गारंटियां का भाव और बढ़ेगा, लेकिन हरियाणा की देव तुल्य जनता ने कांग्रेस की झूठी गारंटियों पर नेताओ को ऐसा तमाचा मारा कि भाजपा की जीत का आंकड़ा 50 तक पहुंच गया।

### साक्षी का विधायक कालिया ने किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** इंस्पायर मानक प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के सरकारी स्कूलों का परचम लहराने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल जाड़ला कोयड़ी की छात्रा साक्षी भारद्वाज को विधायक राकेश कालिया ने शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया।



### युवाओं ने एड्स जागरूकता शिविर आयोजित किया

**विनोद शर्मा, लठियानी।** शहीद भगत सिंह मैमोरियल क्लब लठियाणी द्वारा एचआईवी एड्स के बारे में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । यह आयोजन नेहरू युवा केंद्र जिला ऊना की तरफ से रहा । इसमे ग्राम पंचायत प्रधान जोगिंद्र शर्मा (पोणू) मुख्यतिथी रहे । इस कैंप में क्लब के सदस्य अतुल दत्त ने एड्स से बचाव के तरीके बताए।

### मासूम बच्चियों के साथ गंदी हरकत, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला के एक गांव में आठ साल की दो जुड़वा बहनों के साथ एक व्यक्ति द्वारा अश्लील हरकत करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस घटना को लेकर पीड़ित बच्चियों की मां की शिकायत के आधार पर उसी गांव के आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम को जिले के एक गांव की दो जुड़वा बहनें अपने अन्य तीन चचेरे भाई बहनों के साथ घर से कुछ दूरी पर शादी समारोह में दावत पर खाने जा रही थी। इसी दौरान आरोपी रास्ते में इन बच्चों को मिल गया और वह भी दावत खाने की बात कहकर सभी बच्चों को अपने घर ले गया, जहां उसने दोनों पीड़ित बच्चियों को अपने कमरे में बुला लिया, जबकि बाकी बच्चों को घर के बाहर खड़े कर दिया। आरोपी ने कमरे में ले जाकर इन बच्चियों के साथ अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया, जिसे देख यह बच्चियां रोने लग गई। दोनों बहनों की रोने की आवाज सुनकर घर के बाहर खड़े बच्चे भी घबराकर दरवाजा खटखटाते हुए रोना शुरू हो गए।इसके चलते आरोपी ने इन दोनों बहनों को तुरंत अपने कमरे से बाहर निकाल दिया और उन्हें यह बात किसी को न बताने की धमकी देकर वहां से भेज दिया। इसके बाद सभी बच्चे रोते हुए घर पहुंचे और उन्होंने शिकायतकर्ता महिला और उसकी जेठानी को पूरी घटना की जानकारी दी। महिलाओं ने तुरंत अपने घर के पुरुषों को भी इस घटना के बारे में बताया और सभी लोग आरोपी युवक को खोज में निकल पड़े, लेकिन आरोपी युवक ने पीड़ित बच्चों के परिजनों से इस घटना को लेकर सबूत मांगने शुरू कर दिए। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि जिला के दो सगी बहनों के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में पुलिस में युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## दो माह की गर्भवती का पेड़ से लटका मिला शव

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पुलिस थाना मैहतपुर के तहत वनगढ़ पुखरू में 29 वर्षीय नवविवाहिता का शव घर के बाहर एक पेड़ में फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतक महिला की पहचान रुकसाना पत्नी आमिर खान निवासी वार्ड नंबर चार वनगढ़ पुखरू के रूप में हुई है, जिसकी शादी मात्र 6 माह पहले हुई थी।

मायके पक्ष ने आरोप लगाया है कि रुकसाना को उसके ससुराल वाले तंग कर रहे थे। मृतक की बहन ने बताया कि शादी के बाद से रुकसाना लगातार परेशानियों की शिकायत करती रही थी। वह दो माह से गर्भवती थी। जानकारी के मुताबिक रूकसाना निवासी वनगढ़ पखरू का शव सोमवार शाम को घर के बाहर पेड़ पर फंदे पर झूलता हुआ मिला। शव को नीचे उतार परिजन क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद मायका पक्ष अस्पताल पहुंचे। मृतक के भाई मोहम्मद आर्यन निवासी नंगल का कहना है कि मेरी बहन रूकसाना की शादी आमिर खान निवासी पूखरू के साथ अप्रैल, 2024 को हुई थी। शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले तंग करते रहते थे। उन्होंने पुलिस से मामले की विस्तृत छानबीन करके दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मृतक महिला के पति समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।

# बल्क ड्रग पार्क परियोजना : औद्योगिक विकास का नया अध्याय

### हरोली विस क्षेत्र में बनने वाली परियोजना का उद्देश्य राज्य के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयां देना और फार्मास्यूटिकल उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना है

**राजेश शर्मा, ऊना**

औद्योगिक विकास किसी भी राज्य की प्रगति और समृद्धि का मूल स्तंभ होता है, जो न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा करता है, बल्कि जनजीवन में व्यापक सुधार और आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग भी प्रशस्त करता है। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के हरोली विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन बल्क ड्रग पार्क परियोजना इसी दिशा में एक निर्णायक कदम है।

1405 एकड़ क्षेत्र में लगभग 2000 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली वाली इस परियोजना का उद्देश्य राज्य के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयां देना और फार्मास्यूटिकल उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। हिमाचल सरकार ने इसमें 1000 हजार करोड़ के पूंजी निवेश के साथ इसके संचालन का जिम्मा भी स्वयं लिया है। सरकार का प्रयास है कि इस परियोजना के जरिए हिमाचल के औद्योगिक परिदृश्य को एक नई दिशा दी जाए, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक अंशुल धीमान बताते हैं कि



बल्क ड्रग पार्क परियोजना के निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

बल्क ड्रग पार्क परियोजना का मुख्य उद्देश्य दवाओं के निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री, जिसे एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रेडिएंट (एपीआई) कहा जाता है, की आपूर्ति में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है। यह परियोजना हिमाचल प्रदेश को फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के कुशल नेतृत्व में इस परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

वह बताते हैं के प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार उद्योग विभाग के निदेशक राकेश प्रजापति परियोजना के तहत बुनियादी ढांचे का विकास तीव्र गति से करने के पलिए प्रतिबद्धता से जुटे हैं। इससे राज्य को एपीआई के आयात पर निर्भरता समाप्त करने में मदद मिलेगी। इसके परिणामस्वरूप, भारत की फार्मास्यूटिकल आपूर्ति शृंखला सुदृढ़ होगी और दवाओं की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में आपूर्ति में भी सुधार आएगा।

**गदगद जनता बोली-जीवन में व्यापक बदलाव की गारंटी :** बल्क ड्रग पार्क परियोजना की आमद से उत्साहित ऊना और हरोली की जनता इसे अपने जीवन में व्यापक बदलाव की गारंटी मानती है। वे इसके लिए मुख्यमंत्री सुक्खू और उपमुख्यमंत्री व हरोली के विधायक मुकेश अग्निहोत्री का आभार जताते नहीं थकते। पोलियां बीत के निवासी दिदार सिंह के अनुसार, यह परियोजना उनके छोटे से गांव को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिलाएगी। उनका मानना है कि यह उद्योग न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों में आर्थिक समृद्धि भी लेकर आएगा। पोलियां टिब्बियां के निवासी संत रतन प्रकाश का कहना है कि बल्क ड्रग पार्क के स्थापित होने से हरोली विधानसभा क्षेत्र में विकास को नए आयाम मिलेंगे। बेरोजगार युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मिलेंग। लाल सिंह, जो पोलियां माजरा के निवासी हैं, का मानना है कि बल्क ड्रग परियोजना के निर्माण से न केवल औद्योगिक विकास होगा, बल्कि स्थानीय भूमि की कीमतों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि परियोजना के चलते पोलियां बीत और आसपास के इलाकों में बुनियादी ढांचे का विकास होगा। (अनंत ज्ञान)

### औद्योगिक विकास में क्रांतिकारी कदम

उल्लखेनीय है कि हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जून महीने में अपने हरोली दौरे में बल्क ड्रग पार्क परियोजना से जुड़े 150 करोड़ रुपए की लागत वाले चार बड़े विकास कार्यों की आधारशिला रखी थी। इनमें प्रशासनिक भवन, जल परियोजनाएं, और अन्य बुनियादी सुविधाओं का निर्माण शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने पन्जुआना से कुठेड़ बीट तक 42.04 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले संपर्क मार्ग, 73.84 करोड़ रुपए से निर्मित प्रशासनिक और आवासीय ब्लॉक और पोलियां गांव में 14.44 करोड़ रुपए की लागत से 10 एमवीए बिजली आपूर्ति जैसी प्रमुख परियोजनाओं के शिलान्यास किए थे। इसके अलावा, टाहलीवाल में 15.83 करोड़ रुपए की लागत से 220/132 केवी सब-स्टेशन की स्थापना की जाएगी। वहीं, मुख्यमंत्री ने जैजों से पोलियां तक 5 किलोमीटर लंबी रेललाइन बिछाने की भी घोषणा की है, जिसकी लागत 3,400 करोड़ रुपए होगी। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए हिमाचल सरकार ने विशेष प्रोत्साहन योजनाएं भी शुरू की हैं, जिनमें एक रुपए प्रति वर्ग मीटर भूमि और सस्ती दरों पर बिजली आपूर्ति जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके साथ ही, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर परियोजना के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सहायता की मांग भी की है, ताकि इसे समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

### आत्मनिर्भर हिमाचल की ओर बढ़ते कदम

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आत्मनिर्भर हिमाचल के आह्वान को बल्क ड्रग पार्क परियोजना ठोस दिशा दे रही है। यह परियोजना राज्य के औद्योगिक विकास का एक नया अध्याय लिखेगी, जिससे न केवल हरोली विधानसभा क्षेत्र, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश और देश को आर्थिक विकास, औद्योगिक आत्मनिर्भरता, और रोजगार के असीमित अवसर प्राप्त होंगे। ऊना के उपायुक्त जतिन लाल के अनुसार बल्क ड्रग पार्क परियोजना को समयबद्ध पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह हिमाचल प्रदेश को एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आज से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला स्तरीय सीबीएसई स्कूलों द्वारा ऊना में लगातार दूसरे वर्ष सहोदय कांप्लेक्स ऊना के तत्वावधान में 9 से 11 अक्तूबर तक एसएसआरवीएम वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ऊना में जिला स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इन खेलों में कबड्डी, वॉलीबाल, खो-खो, शतरंज और कुश्तियां शामिल हैं।

ये प्रतियोगिताएं लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में आयोजित की जाएंगी। यह आयोजन तीन दिनों तक चलेगा। सहोदय कांप्लेक्स ऊना सभी सहोदय मेंबर्स सीबीएसई स्कूलों के छात्रों को उनके सर्वांगीण शारीरिक और मानसिक विकास के लिए यह अनूठा मंच प्रदान कर रहा है। 9 अक्तूबर को सुबह 9 बजे उद्घाटन समारोह में सभी टीमों द्वारा किया गया मार्चपास्ट विशेष आकर्षण होगा। विजेता और उपविजेता टीमों को पदक, ट्रॉफी और अन्य को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी सहोदय कॉम्प्लेक्स ऊना के महासचिव प्रमोद शर्मा एमडी रुद्रा इंटर नेशनल स्कूल बसाल ने सांझा की है।

## पंचायत डंगोली में 1.14 करोड़ रुपए से बनने वाले पंचायत भवन का विधायक विवेक ने किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने सोमवार को ग्राम पंचायत डंगोली में 1 करोड़ 14 लाख से निर्मित होने पंचायत भवन का शिलान्यास करने के बाद ग्राम पंचायत थानाकलां में 45 लाख की लागत से 237 सोलर लाइट्स पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन के माध्यम से वितरित की, वहीं कार्यालय बंगाणा और जोगी पंगा में जन समस्याएं सुनी और मौके पर ही उनका समाधान भी किया।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि हमने अपने चार माह के कार्यकाल में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में पंचायत स्तर से विकास को रफ्तार देने पर बल दिया है और कुटलैहड़ के हर गांव हर वार्ड स्तर पर जाकर जन समस्याओं को सुनकर उसका समाधान भी किया है। विवेक शर्मा ने कहा कि आज भी कुटलैहड़ विस क्षेत्र में ऐसे परिवार हैंख्जिन्हे न तो सड़क सुविधा है और न ही पक्का रास्ता नसीब हुआ है और आज भी कई किमी पैदल सफर करके सड़क सुविधा लेते हैं। विवेक शर्मा ने पूर्व में कुटलैहड़ में लंबे अंतराल पर राज करने वाली भाजपा पर इसको लेकर प्रश्न खड़े किए। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि हमारे लिए राजनीति एक सत्ता सुख नहीं बल्कि समाज सेवा का एक जरिया है और जिस कुटलैहड़ की जनता ने हमारे कंधो पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है, हम उसका ईमानदारी से निर्वाहन भी कर रहे है।

इस मौके पर उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल, खंड विकास कार्यालय से विजय कुमार और अन्य विभागों से के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



विकास कार्य का शिलान्यास करते विधायक विवेक शर्मा।



**ऊना।** ऊना के बसाल गांव में चल रही रामलीला में सीता स्वयंवर का कलाकारों ने शानदार दृश्य मंचित किया।

### सेना में भर्ती होने पर युवक का किया सम्मान



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** उपमंडल हरोली के तहत पड़ती ग्राम पंचायत सिंगा में आए दिन कई युवा देश सेवा के लिए आगे आ रहे हैं, जो पंचायत व गांव के लिए एक गौरव की बात है। इनका गौरव बढ़ाने के लिए स्थानीय पंचायत के प्रधान गुरदेव सिंह उर्फ ज्ञानी बाबा भी इनके जज्बे को हर तरह से निहारते रहते हैं। मंगलवार को सिंगा निवासी जसप्रीत सिंह को अग्निवीर में भर्ती होने पर ज्ञानी बाबा की तरफ से 1100 रुपए की प्रोत्साहित राशि भेंट की। भविष्य में भी गांव के मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव स्नेह लता, पटवारी जगतार सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्य कुलबीर सिंह व रोशन सिंह, माता गीता देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

### राजेंद्रण कर रहे अगले सीजन की तैयारी



**विनोद शर्मा, लठियानी।** कुछ ही समय पहले स्वीडन के गोथन वर्ग शहर में आयोजित वर्ल्ड मास्टर एथलीट चैंपियनशिप में तमिलनाडु के राजेंद्रण 85 वर्षीय तमिलनाडु के मास्टर एथलीट में 100 मीटर में स्वर्ण पदक, 800 मीटर में स्वर्ण पदक और 1500 मीटर में रजत पत्र पदक जीतकर भारत का मान-सम्मान बढ़ाया था, अब वह अगले मुकाम के लिए तैयारी कर रहे हैं। तमिलनाडु के राजेंद्रण ने दूरभाष के माध्यम से बताया कि वह हर रोज अभ्यास करते हैं। उन्होंने बताया कि वह इससे पहले भारत की ओर से कई बार वर्ल्ड मास्टर चैंपियनशिप में भाग ले चुके हैं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में रायसरी स्कूल अव्वल



**अनंत ज्ञान, ऊना।** क्लस्टर लेवल के बाल मेले का आयोजन गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसाल में हुआ, जिसमें क्लस्टर के सभी विद्यालयों ने भाग लिया, वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में सीनियर सेकेंडरी स्कूल रायसरी की छात्राएं दिया कक्षा 8-दीपिका साथ, प्रीति 6, साक्षी 6, अनमोल 6, जास्मीन 6 ने ग्रुप सॉन्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। उनके प्रथम स्थान हासिल करने पर विद्यालय के सभी बच्चों अध्यापकों ने खुशी जाहिर की है। प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने बताया कि किसी भी इवेंट में यदि बच्चों की तैयारी मन से करवाई जाए तो बच्चों को आगे निकलने का मौका मिल सकता है। सभी बच्चों को किसी न किसी एक्टिविटी में भाग अवश्य लेना चाहिए। इससे बच्चों का हौसला खुलता है।

## जायका मिशन टीम ने कृषि परियोजना-2 क्षेत्र का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जायका मुख्यालय मिशन के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को परियोजना क्षेत्र का दौरा किया और हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-2 में चल रही नई कृषि पद्धतियों की समीक्षा की। पिछले दो वर्षों में जायका कृषि परियोजना-2 क्षेत्र में किसी अंतरराष्ट्रीय मिशन का यह पांचवां दौरा है।

हिमाचल फसल विविधकरन प्रोत्साहन परियोजना में हिमाचल सरकार के मीडिया एडवाइजर राजेश्वर ठाकुर ने बताया कि इस दल के सदस्यों में सुश्री शिनो काटो, ताकाहिरो कोइके (दोनों जायका मुख्यालय के प्रतिनिधि), केन कुनीडा और सुश्री युकारी इनागाकी (दोनों जायका इंडिया से) शामिल हैं।

जायका मिशन दल का हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय में स्वागत किया गया। मिशन दल ने कुलपति डॉ. नवीन ठाकुर, जायका कृषि परियोजना-2 के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने जानकारी



जायका मिशन टीम ने टिकाऊ कृषि प्रणालियों की समीक्षा भी की।

दी और समीक्षा दल को प्रगति की स्थिति रिपोर्ट सौंपी। जायका मिशन प्रतिनिधिमंडल ने पपरोला में संग्रह केंद्र का दौरा किया और लाभार्थी किसान उत्पादक कंपनी और इसके स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिला सदस्यों के साथ बातचीत की।

परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने गणमान्य व्यक्तियों को बताया कि केंद्र की स्थापना 2017 में परियोजना-1 अवधि के दौरान 36.77 लाख रुपए के कुल परिव्यय के साथ की गई थी। बाद में, परियोजना-2 के दौरान जून 2023 में केंद्र को मौजूदा किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)-बैजनाथ प्रगतिशील किसान उत्पादक निर्माता कंपनी लि. को सौंप दिया गया। पीएफओ की स्थापना पिछले साल 19 मार्च को जिला कांगड़ा के थारू (पपरोला) गांव में कार्यालय के साथ की गई थी। यह एफपीओ कृषि उपज के भंडारण, प्रसंस्करण और खुदरा बिक्री, संग्रह ग्रेडिंग और ऊन, दूध संग्रह, बोतलबंद और बिक्री के प्रसंस्करण में काम कर रहा है। इसके 450 सदस्य हैं और गबली कुहल, हरटाडा, रग्लू, धरेर, छू नाला और बड़ाग्राम और नहलोट के लगभग छह स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) भी इससे जुड़े हैं। इस एफपीओ द्वारा खरीदे गए ऊन का भारत के बाहर भी निर्यात किया जा रहा है।

जायका मिशन टीम ने पालमपुर में शिटाके खेती और प्रशिक्षण केंद्र (एससीटीसी) का भी दौरा किया, जिसे जापान की यात्स कॉरपोरेशन के तकनीकी सहयोग से स्थापित किया गया था। टीम के सदस्यों ने केंद्र के कर्मचारियों और शिटाके उत्पादकों के साथ बातचीत की। परियोजना के चरण-1 के दौरान राज्य फार्म विश्वविद्यालय परिसर में 3.25 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित किया गया, जबकि जायका कृषि परियोजना-2 अवधि के नौ वर्षों में 5.9 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

केंद्र के बारे में बताते हुए डॉ. सुनील चौहान ने कहा कि यह केंद्र भारत में एक मॉडल के रूप में अपनी तरह का एक केंद्र है, और लकड़ी के ब्लॉकों पर शिटाके मशरूम उगाना शुरू कर दिया है। इस साल अगस्त के अंत तक 53.57 किलोग्राम सूखे मशरूम का उत्पादन किया गया। स्थानीय स्तर पर 65.575 किलोग्राम ताजा शिटाके मशरूम बेचे गए हैं। केंद्र ने तैयार ब्लॉकों के साथ-साथ ताजे और सूखे शिटाके मशरूम बेचकर 3.31 लाख का राजस्व अर्जित किया है। इस मौके पर परियोजना के कांगड़ा जिले के तमाम पदाधिकारी भी मौजूद थे।

**आस्था** हटली में रामलीला के मंचन का हर कोई उठा रहा लुत्फ

## रामायण हमारी आस्था का ग्रंथ : बाबा पिंटू

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा का श्रीराम नाटक क्लब हटली श्री राम जी की मर्यादाओं को मंच से अभिनय करके जो समाज को दिखा रहा है, इससे बेहतर कार्य समाज सुधार के लिए कोई और नहीं हो सकता है। श्री रामायण हमारे लिए कोई मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन को मर्यादित रखने का एक जरिया है, ताकि हमारा जीवन सार्थक बन सके और समाज में जो कुरीतियां फैली हुई हैं, उनको जड़ से खत्म किया जा सके। ये शब्द वरिष्ठ समाज सेवी बाबा बालकनाथ के अनन्य भक्त एवं सानिध्य सार्थक बाबा पिंटू लठियानी वाले श्री राम नाटक क्लब हटली में चल रही श्री रामलीला के चतुर्थ नवरात्र पर मुख्य तिथि पहुंचकर संबोधन में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि श्री रामायण हमारी धार्मिक आस्था का वह ग्रंथ है, जिसे पढ़ कर ही हजारों पापों से मुक्ति मिल जाती है और व्यक्ति का जीवन सार्थक बन जाता हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम नाटक क्लब हटली बीते 66 वर्षों से त्रेतायुग में भगवान में भगवान विष्णु के अवतार भगवान श्री राम की बताए सदमार्ग और उनकी मर्यादाओं को मंच से दर्शा रहे हैं। यह बहुत पुनीत कार्य हैं। बाबा जी ने कहा कि क्लब का हर सदस्य निशुल्क सेवाएं देकर जो हमारी पौराणिक संस्कृति को जिंदा रखते हुए ऐसे धार्मिक कार्य कर रहे है, यह सभी कलाकर बधाई के पात्र हैं। बाबा जी ने कहा कि श्री रामायण हमे माता-पिता, भाई ,गुरु का आदर सत्कार करना सिखाती है। और किस प्रकार भाई के लिए भाई ने राज ताज को छोड़कर कैसे वन जाने के लिए तैयार हो गए और कैसे माता सीता पति व्रत धर्म को निभाती हुई पति श्रीराम जी के साथ 14 वर्ष के लिए वनवास पर चली गई थी। उन्होंने कहा कि मंच संचालक बड़े भाई विपन साजन, संजय सोनी, विवेकशील शर्मा, कुलदीप शर्मा आदि सभी सदस्यों का आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने मुझे इतना मान सम्मान दिया है।

बाबा पिंटू लठियानी ने श्री राम नाटक क्लब को 5001 रुपए का नकद दान दिया। वहीं कमेटी के प्रधान मदन सोनी, सुरेश शर्मा कमल देव शर्मा, अम्बे एचपी सेंटर के प्रबंधक एवं क्लब के सदस्य विनोद सेंटी, अनिल बंटू, विवेक शर्मा फौजी, राहुल शर्मा ने बाबा पिंटू लठियानी वालों को पटका और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)



सेफ भवन बनाने को लेकर जागरूक करते पूर्वी कला मंच जलग्रां टब्बा के कलाकार।




## न्यूज ब्रीफ

### दशहरा उत्सव के लिए जारी किया पार्किंग प्लान

**कुल्लू।** कुल्लू में अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के लिए प्रशासन ने पार्किंग प्लान जारी कर लिया है। दशहरा उत्सव में लोगों को कोई समस्या न आए इसके लिए कुल्लू में 18 पार्किंग जगहों को चिन्हित किया गया है इसमें करीब 2000 छोटे-बड़े वाहनों को पार्क करने की क्षमता होगी। डीसी तोरुल एस रवीश ने एक आदेश जारी करते हुए जानकारी दी कि अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव कुल्लू में सात दिन तक वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर पार्क करने के लिए जिला प्रशासन ने यहां विभिन्न स्थानों पर पार्किंग स्थल चिन्हित कर लिए हैं। यातायात को सुचारु बनाए रखने तथा वाहनों को खड़ा करने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से इस प्लान के अनुसार लोग अपने वाहनों को इन स्थलों पर खड़े कर सकेंगे। 13 अक्तूबर से मनाए जाने वाले कुल्लू दशहरा के लिए जिला प्रशासन के साथ पुलिस विभाग ने भी रूपरेखा तैयार कर दी है। दशहरा में नो पार्किंग जोन में वाहनों को खड़ा करने पर कार्रवाई की जाएगी और इसके लिए क्रेन को तैनात किया जाएगा। ढालपुर चौक से जाने वाले यातायात को कुल्लू अस्पताल से होते हुए चलाया जाएगा। लगवैली जाने वाले यातायात को भुट्टी चौक से तथा आने वाले यातायात को बाइपास रोड से चलाया जाएगा। ये दोनों तरफ वन वे रहेगा। शहर में फॉरेस्ट मैदान नजदीक ओएलएस में 30 वाहन, नगर परिषद की मोनाल कैफे के पास 75 वाहन, पशु मैदान में 50 वाहन, टूरिज्म होटल सरवरी में 100 वाहन, खोरी रोपा में 900 वाहन, कैलाश थियेटर सरवरी में 80 वाहन, अखाड़ा बाजार टापू पुल के पास 100 वाहन, विपाशा मार्केट में 40 वाहन, सब्जी मंडी अखाड़ा बाजार में 100 वाहन, सरवरी के पीछे 30 वाहन, डीएवी पब्लिक स्कूल मैदान में 50 वाहन पार्क हो सकते हैं।

### पीएमएफबीवाई पर किया नुक्कड़ नाटक

**कुल्लू।** कुल्लू जिला मुख्यालय में कृषि मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से कलाकारों द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई जीओवी) पर आधारित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया, जिसमें किसानों की समस्याओं और उनके समाधान पर मनोरंजक तरीके से जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक के द्वारा बताया गया कि किस तरह छोटे-बड़े किसान और बागवान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठा सकते हैं। कलाकारों ने ऑनलाइन पंजीकरण, टोल फ्री नंबर और अन्य जानकारियां बेहद ही चुटकुल अंदाज में लोगों से साझा की। साथ ही अन्य गुदगुदाते संवादों ने दर्शकों को लोट-पोट किया। नाटक खत्म होने के बाद कलाकारों ने जानकारी दी कि वे हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में इस नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर किसानों एवं बागवानों के बीच प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित जानकारियां साझा कर रहे हैं।

### शिक्षा के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण भी जरूरी

**कुल्लू।** कुल्लू कॉलेज के विद्यार्थियों का एक दल लीडरशीप डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत लाहौल और लद्दाख की जास्कर घाटी का भ्रमण किया। 52 विद्यार्थियों के दल का नेतृत्व टूरिज्म विभाग के डॉ. हीरामणि ने किया। सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी की ओर से बीए तृतीय वर्ष (जेनरिक टूरिज्म) के तहत लीडरशीप डेवलपमेंट प्रोग्राम का प्रावधान है। इसके तहत तृतीय वर्ष के 25 छात्राओं और 27 छात्रों के दल ने बीते दिनों जिस्पा के वातावरण का अनुभव किया तथा आस-पास के क्षेत्रों का भ्रमण कर अध्ययन की दृष्टि से जानकारी एकत्र की। डॉ. हीरामणि ने बताया कि लीडरशीप डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी रहा। विद्यार्थियों ने 16580 फुट की ऊंचाई पर स्थित शिंकोला दर्रा पास किया और 4500 मीटर पर स्थित गोंबो-रांगजन का भ्रमण किया। इस दौरान भ्रमण दल ने रामजक पिक 6318 मीटर, मूल किला पिक 6517 मीटर, गेपन-गो 5870 मीटर की भौगोलिक परिस्थिति का अध्ययन किया।

### एनएसयूआई छात्र हित में रहती है खड़ी : अभिनंदन

**कुल्लू।** कुल्लू कॉलेज में एनएसयूआई की ओर से छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर टोनी उपस्थित रहे। एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष अमर नाथ की अगुवाई में मालाएं और फूल-टोपी पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष का कुल्लू कॉलेज में स्वागत किया। इस मौके पर अभिनंदन ठाकुर ने एनएसयूआई सदस्यों से अपील की कि संगठन को आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करें। इसके अलावा नए विद्यार्थियों को एनएसयूआई की विचार धारा और छात्र हित के लिए किए जा रहे कार्य से अवगत करवाएं। एनएसयूआई हमेशा छात्र हित में खड़ी रहती है। संगठन ने पहले भी छात्र हित में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर मांगों को पूरा करवाया है।

### गौरव ने 62 मतों से जीता स्कूल कैप्टन का चुनाव

**कुल्लू।** ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला में स्टूडेंट कौंसिल के चुनाव हुए। चुनाव की पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाया गया। छात्र चुनाव में सबसे पहले चुनाव आयोग का गठन किया गया। नामांकन पत्र भरने, नाम वापस लेने, प्रचार करने से लेकर मतदान और मतगणना की तिथियां घोषित की गईं। मतदान केंद्र बनाकर पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए। दो पदों के लिए हुए चुनावों में स्कूल कैप्टन के लिए तीन प्रत्याशियों गौरव, भारती व आयुष ने तथा वाईस कैप्टन के लिए दो उम्मीदवारों अक्षिता व कृतिका शर्मा ने नामांकन भरे। वोट देने का अधिकार पांचवीं से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को दिया गया। दसवीं कक्षा के गौरव कुमार ने 62 मतों से बढ़त बना कर स्कूल कैप्टन का चुनाव जीता, तो दसवीं की ही अक्षिता ने 5 मतों से बढ़त बनाकर स्कूल वाइस-कैप्टन का चुनाव जीता।

### मीडिया व डीजीआरई ने जीती डिपार्टमेंटल ट्रॉफी

**मनाली।** मनाली मीडिया व डीजीआरई की संयुक्त टीम ने डिपार्टमेंटल क्रिकेट टूर्नामनेट ट्राफी जीत ली है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में होटल एसोसिएशन मनाली की टीम को हराया। होटल एसोसिएशन मनाली की टीम ने पहले बलेबाजी की। शरुआत अच्छी नहीं हुई, जिस कारण टीम मात्र 97 रन ही बना पाई। मनाली मीडिया व डीजीआरई टीम ने कप्तान संदीप सिंह के नेतृत्व में इस लक्ष्य हो आसानी से हासिल कर लिया। उन्होंने सात ओवर में मैच जीतकर ट्राफी अपने नाम कर ली।

### होटल में करियर के अवसरों पर किए जागरूक

**कुल्लू।** बंजार कॉलेज में कॅरियर काउंसलिंग गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल द्वारा आतिथ्य प्रबंधन और वोकेशनल डिग्री पर विशेष जानकारी देने के लिए एक व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को होटल और पर्यटन उद्योग में करियर के अवसरों के बारे में जागरूक करना था, जिसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेणुका थपलियाल ने की। इस व्याख्यान को राहुल भट्ट, चेयरमैन, आईएचएम रामपुर ने प्रस्तुत किया साथ ही विनय गौर, मैनेजर, कलिंगा विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने होटल उद्योग में विभिन्न पदों जैसे जनरल मैनेजर, फ्रंट ऑफिस मैनेजर, फैमिली सर्विस, हाउसकीपिंग, एचआर फाइनेंस और एचआर मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं पर भी विस्तार से जानकारी दी।

### शिकारी माता मंदिर में गूंजे मां के जयकारे

**आनी।** आनी के खोबड़ा स्थित शिकारी माता मंदिर में पांचवे शरद नवरात्र के पावन अवसर पर आनी के युवा विधायक लोकेंद्र सिंह के सौजन्य से एक अखंड जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। इस मौके पर मां शिकारी देवी मंदिर में विधायक लोकेंद्र सिंह व उनके परिवार द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत भक्तों में भंडारे का प्रशाद वितरित किया गया। भजन संध्या में कैलाश म्युजिकल् ग्रुप सुंदरनगर की भजन मंडली ने अपने मधुर भजनों से संध्या में मां के खूब जयकारे लगाए।

### डॉ. लाल सिंह बने नेहरू युवा केंद्र के राज्य निदेशक

**कुल्लू।** नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के उपनिदेशक डॉ. लाल सिंह को अब नई जिम्मदारी मिली है। अब डॉ. लाल सिंह देश की राजधानी दिल्ली में नेहरू युवा केंद्र संगठन दिल्ली के राज्य निदेशक के रूप में सेवाएं देंगे। डॉ. सिंह ने अपने करियर की शुरुआत उत्तर प्रदेश के सीतापुर में जिला युवा समन्वयक के रूप में की और हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी, नागालैंड और अन्य राज्यों में सेवा दी। 2021 में डॉ. सिंह को उपनिदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया और 2024 में उन्हें राज्य निदेशक के रूप में कार्यभार सौंपा गया। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने 17 राष्ट्रीय युवा महोत्सवों का आयोजन किया और कई प्रमुख राष्ट्रीय परियोजनाओं का नेतृत्व किया है।

### दशहरे से जुड़ी स्मृतियों को लेकर जानकारी की एकत्र

**भुंतर।** पनारसा के कॉलेज कॉमिनिटी डेवलपमेंट और एंगेजमेंट सेल ने हिमतरु प्रकाशन समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'स्मृतियों में कुल्लू दशहरा' कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों एवं शोधार्थियों द्वारा फील्ड स्टडी कुल्लू के वरिष्ठजनों के साथ साक्षात्कार कर दशहरा उत्सव से जुड़ी स्मृतियों को लेकर जानकारी एकत्र की। कॉलेज की लाइब्रेरी सोसायटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखक एवं समीक्षक डॉ. निरंजन देव शर्मा, वरिष्ठ लेखक एवं संस्कृतिकर्मी डॉ. सूरत ठाकुर, वरिष्ठ कवि अजेय, वरिष्ठ लेखिका ईशिता राजन तथा कुल्लू कॉलेज से डॉ. राकेश राणा तथा प्रो. सोम नेगी से शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने साक्षात्कार किया। इस दौरान हिमतरु के सचिव किशन ने बताया राजकीय महाविद्यालय सहित विभिन्न कॉलेज एवं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालयों के छात्रों/शोधार्थियों द्वारा दशहरा उत्सव से जुड़े विभिन्न पहलुओं एवं वरिष्ठजनों की स्मृतियों को लेकर एक दस्तावेज तैयार किया जाएगा।

# कैच फैक्टरी के सामने डेमेज हाईवे का काम शुरू

## लोगों ने रखी मांगें, एनएचएआई पूरा करे जल्द अधूरे काम को, डंगा लगाकर इसे ठीक किया जाएगा

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

मनाली-हाईवे पर कैच फैक्टरी के नजदीक पिछले लगभग छह महीने पहले क्षतिग्रस्त हुए सड़क मार्ग की मरम्मत का कार्य मंगलवार को शुरू हो गया है। अनंत ज्ञान ने इस मुद्दा को प्रमुखता से उठाया था।

नेशनल अथॉरिटी ने संज्ञान लेते हुए मंगलवार से हाइवे पर क्षतिग्रस्त सड़क का कार्य शुरू कर दिया गया है व कुछ दिनों में इस स्थान पर डंगा लगाकर इसे ठीक कर दिया जाएगा। एनएचएआई द्वारा कार्य शुरू किए जाने पर लोगों ने एनएचएआई का धन्यवाद किया। बेंची पंचायत के प्रधान जोगिंद्र मेहरा ने एनएचएआई का धन्यवाद करते हुए कहा कि छाटनसेरी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला होने के कारण बच्चों को सड़क पार करने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस स्थान पर आने वाले वाहनों के लिए चेतावनी बोर्ड लगाने की जरूरत है, ताकि वे स्कूल से कुछ मीटर पहले ही सचेत होकर गाड़ी की स्पीड कम कर सकें, जिससे दुर्घटना से बचा जा सके। (अनंत ज्ञान)



कैच फैक्टरी के सामने क्षतिग्रस्त हुए सड़क की मरम्मत में जुटे मजदूर।

अनंत ज्ञान
खबर का असर



कुल्लू-मनाली हाईवे पर कैच फैक्टरी के पास धंसा सड़क का एक हिस्सा

### रायसन में बनाया जाए ओवर हेड ब्रिज

रायसन पंचायत के प्रधान कर्म चंद, पंच प्रोमिला सूद, नवनीत सिंह, अनिल सूद, राजीव सूद ने भी ढंगे का काम शुरू करने पर एनएचएआई का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने साथ ही एनएचएआई से मांग की है कि रायसन स्कूल में बच्चों सहित बुजुर्गों को सड़क क्रॉस करने में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इस स्थान पर सीधी सड़क होने के कारण गाड़ी की रफ्तार भूत तेज होती है, जिस कारण कभी भी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने कहा कि नैरचोक से आगे इस समस्या से निपटने के लिए एनएचएआई की ओर से ओवर हेड ब्रिज बनाए गए हैं, उसी तर्ज पर रायसन में भी ओवर हेड ब्रिज का निर्माण किया जाए।

> कैच फैक्टरी के पास क्षतिग्रस्त हाईवे आंशिक रूप से ठीक किया जा रहा है। इसका ढंगा का काम दशहरा उपरांत शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा हाईवे से संबंधित जो भी कार्य हैं, वे सभी प्राथमिकता के आधार पर जल्द शुरू होंगे।
>
> **अशोक चौहान प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई।**

# शिंकुला दर्रे में ट्रैक्टर्स व पेट्रोलिंग टीम को ठहरने के लिए वन विभाग ने स्थापित किया हट

**कमलेश वर्मा, केलांग**



जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के शिंकुला दर्रा पर (16,580 फुट) ऊंचाई वाले क्षेत्र में ट्रैक्टर्स के लिए व पेट्रोलिंग टीम को ठहरने की सुविधा के लिए वन विभाग द्वारा हट स्थापित किया गया है।

विधायक ने 12 लाख की लागत से निर्मित ट्रैकर्स व पेट्रोलिंग टीम हट का विधिवत रूप से लोकार्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले के अनछुए पर्यटक स्थलों पर इस प्रकार के ट्रैक्टर्स व पेट्रोलिंग हट, जहां एक और साहसिक गतिविधियों से जुड़े पर्यटकों को ठहरने की सुविधा प्रदान करेंगे। वहीं, दूसरी और किसी भी आपात स्थिति के समय राहत व बचाव दलों में भी मददगार साबित होंगे। विधायक ने कहा कि जिले में पर्यटन व्यवसाय से जुड़ी गतिविधियों को और अधिक बल दिया जा रहा है, ताकि युवाओं को स्वरोजगार से अधिक से अधिक जोड़ा जा सके। शिंकुला दर्रे के नीचे टनल निर्माण कार्य अगले वर्ष से युद्धस्तर पर शुरू होने जा रहा है। लिहाजा, नॉर्थ पोर्टल वाले हिस्से में जांस्कर सुमदो व छूमित छौमो नामक रमणीक स्थलों को भी पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर मौजूद सीमा सड़क संगठन योजक प्रोजेक्ट के मुख्य अभियंता कर्नल विकास गुलिया, ऑफिसर कमांडिंग मेजर उत्कर्ष के साथ चर्चा करते हुए शिंकुला टनल निर्माण कार्यों में दारचा पंचायत व लाहौल-स्पीति के कामगारों को भी प्राथमिकता दी जाए। वन मंडल अधिकारी लाहौल-स्पीति अनिकेत वनवे (आईएफएस) ने विधायक का व महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष शशि किरण का टोपी व खतक पहनकर दर्रा पर स्वागत किया और बताया की ट्रैक्टर व पेट्रोलिंग हट में सभी मूलभूत सुविधाएं जुटाई गई हैं। जल्द ही इस दर्रे पर प्रदेश व जिले का तोरणद्वार भी स्थापित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# विधायक अनुराधा आज से 14 तक स्पीति के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राधा आज से 14 तक स्पीति घाटी के प्रवास पर होंगी। इस दौरान वह विभिन्न विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगी तथा लोगों की समस्याएं सुनेंगी।



सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विधायक आज बातल में टूरिस्ट फैसिलिटेशन रिफ्रेश रूम कैफेटेरिया का उद्घाटन करेंगी। इसके बाद लोसर स्कूल के निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगी और सुमलिंग में सेमथन स्वयं सहायता समूह को बुनाई मशीन वितरित करेंगी तथा खुरिक सोनम स्वयं सहायता समूह को ऊन कताई का वितरण करेंगी। 10 को विधायक लांग्जा में स्टार गेजिंग और जीवाश्म संग्रहालय भवन का निरीक्षण करने के बाद सेमथन स्वयं सहायता समूह को खड्डी सामग्री वितरित करेंगी। उसके बाद कौमिक में पर्यटन सुविधा रिफ्रेश रूम कैफेटेरिया का लोकार्पण और कॉन्फ्रेंस हॉल एवं लाइब्रेरी का निरीक्षण करेंगी तथा हिक्किम में सामुदायिक हॉल का शिलान्यास करेंगी। उसके पश्चात् वृद्धाश्रम का निरीक्षण करने के उपरांत किब्बर में मेडिटेशन एवं पर्यटक सूचना केंद्र और चिचम पुल के समीप क्यूबिकल ग्लास हाउस की आधारशिला रखेंगी। 11 को विधायक लिंगती से लालूंग पीएमजीएसवाई सड़क तथा प्राथमिक पाठशाला डंखर के निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगी। उसके उपरांत शिचलिंग में बाढ़ सुरक्षा कार्यों एवं पीएमजीएसवाई सड़क का निरीक्षण करेंगी तथा रावमापा माने योग्मा में शिक्षक आवीय भवन की आधारशिला रखेंगी। 12 को विधायक पीएमजीएसवाई सड़क गुलिंग और रावमापा गुलिंग का निरीक्षण करेंगी। 13 को क्वांग में ऊन कताई का वितरण करने के उपरांत केवलिंग में आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण करेंगी और वहां भी ऊन कताई का वितरण करेंगी। विधायक 14 को न्यू सर्कट हाउस काजा में कार्यालय अध्यक्षों के साथ बैठक भी करेंगी।

### सीसीटीवी कैमरों से अपराध की घटनाओं पर लगेगा अंकुश

**कुल्लू।** लाहौल-स्पीति के केलांग में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ पुलिस विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

बैठक की अध्यक्षता पुलिस थाना केलांग के प्रभारी (उप-निरीक्षक) जवाल सिंह ने की। इस बैठक में गांव में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पंचायत के हर गांव में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाने पर विशेष जोर दिया गया। उपनिरीक्षक जवाल सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की स्थापना से गांव में अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगेगा और सुरक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा। बैठक में पुलिस और पंचायत के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग पर भी विस्तृत चर्चा की। उप-निरीक्षक ने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे स्थानीय सुरक्षा मामलों में पुलिस का पूरा सहयोग करें और सीसीटीवी कैमरों की स्थापना में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# कंप्यूटर प्रश्न मंच बाल में शिमला प्रथम

## सरस्वती विद्या मंदिर बाशिंग में 23वें राज्य स्तरीय गणित-विज्ञान मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

हिमाचल शिक्षा समिति की ओर से सरस्वती विद्या मंदिरों के प्रतिभागियों के लिए आयोजित 23वें राज्य स्तरीय गणित-विज्ञान मेले का शुभारंभ सरस्वती विद्या मंदिर बाशिंग में किया गया। उद्घाटन अवसर पर हिमाचल शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष दिलेराम चौहान ने कहा कि विद्या भारती की ओर से आयोजित होने वाले गणित विज्ञान मेला प्रतिभागियों के लिए गणित व विज्ञान जैसे विषयों में अभिरुचि बढ़ाने एवं उनकी जटिलताओं का सहज भाव से समाधान प्रदान करने का एक मंच उपलब्ध करवाता है, जहां पर गणित जैसे कठिन विषय पर प्रश्न मंच और प्रदर्शन व वहीं विज्ञान के लिए प्रश्न मंच, प्रयोग, प्रदर्शनी का आयोजन इस मेले में किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सभी प्रतियोगिताएं विद्यालय स्तर से प्रारंभ होकर अखिल भारतीय स्तर तक संपन्न होती हैं। ये प्रतियोगिताएं शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग एवं तरुण वर्ग के समस्त प्रतिभागियों के लिए आयोजित हो रही हैं।





मॉडल प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी(दाएं) कार्यक्रम में मौजूद लोग।

विद्यालय स्तर से प्रथम आने वाली टीम को संकुल स्तर पर, संकुल स्तर पर प्रथम आने वाली टीम जिला स्तर पर, जिला स्तर पर प्रथम आने वाली टीम प्रांत और प्रांत की प्रथम टीम क्षेत्र में एवं क्षेत्र में प्रथम आने वाली टीम अखिल भारतीय स्तर पर प्रतिभागिता करती है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक राकेश कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वह विज्ञान को सही शब्दों में समझेंगे, तो जितनी भी पर्यावरण संबंधित समस्याएं आज पूरे विश्व के सामने हैं। वह कहीं हद तक कम हो सकती हैं। इस दौरान उन्होंने स्टूडेंट्स के द्वारा बनाए गई प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया, जिसमें उन्होंने बच्चों के द्वारा बनाई गई प्रदर्शनी को सराहा और भविष्य में इसी तरह से अपने नवाचारित सोच को इस्तेमाल कर नई-नई तकनीक खोजने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित भी किया। इस दौरान लगभग 465 प्रतिभागियों ने विज्ञान मेले में भाग लिया।

आयोजित मुकाबलों में कंप्यूटर प्रश्न मंच बाल व किशोर वर्ग में शिमला ने पहला, सोलन ने दूसरा तथा मंडी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग में कुल्लू ने पहला, मंडी ने दूसरा तथा सोलन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग में सोलन ने पहला, शिमला ने दूसरा तथा कांगड़ा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तरूण वर्ग में शिमला ने पहला, कांगड़ा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# लवी मेले में 5000 महिलाएं करेंगी महानाटी

## 25 से शुरू होगा प्लाट का आवंटन, कमेटी ने बैठक में लिए कई अहम निर्णय

**अनंत ज्ञान आनी**

आनी में 2 से 4 नवंबर तक मनाए जाने वाले आउटर सिराज क्षेत्र के प्रमुख लवी मेला सिराज उत्सव की तैयारियों और प्रबंधों को लेकर मेला कमेटी की एक अहम बैठक आनी प्रशासन के साथ आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागाध्यक्षों, कर्मचारियों और मेला कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम नरेश वर्मा ने की।

इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष यूपेंद्र कांत मिश्रा ने उपस्थित अधिकारियों और सदस्यों के समक्ष मेले का प्रारूप सामने रखा और मेले के सफल आयोजन के लिए प्रशासन से बेहतर सहयोग की अपील की। वहीं, सिराज उत्सव लवी मेला कमेटी के महासचिव शिवराज शर्मा ने इस वर्ष होने वाले सिराज उत्सव लवी आयोजन का प्रारूप सामने रखा। बैठक में अध्यक्ष यूपेंद्र कांत मिश्रा ने कहा कि इस बार लवी मेला सिराज उत्सव क्षेत्र के आराध्य देवता शमशरी महादेव, पनेवी नाग और देवता कुलक्षेत्र महादेव के सानिध्य में नए रंग रूप में मनाया जाएगा। मेले का शुभारंभ 2 को देवताओं के भव्य आगमन से होगा। मेले में लोगों के भरपूर मनोरंजन के लिए इस वर्ष दिन व रात में बहुत ही आकर्षक कार्यक्रम रखे गए हैं, जिसमें स्थानीय लोक कलाकारों व महिला मंडलों के अलावा प्रदेश व प्रदेश से बाहर के कलाकारों को कार्यक्रम प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा। मेले में इस वर्ष लोगों के भरपूर मनोरंजन के लिए तीन सांस्कृतिक संधाएं होंगी, जबकि मेले का मुख्य आकर्षण दंगल 4 के बजाए 3 नवंबर को होगा। उसके बाद महिलाओं की प्राईड ऑफ आनी के नाम से महानाटी भी होगी, जिसमें आनी ब्लॉक की करीब 5000 महिलाएं शामिल होंगी, जिसके लिए आनी ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों से महिला मंडलों को आमंत्रित किया जाएगा।



### 10 को होगा वार्षिक समारोह

**पतलीकूहल।** कुल्लू के लराकेंलो में स्थित परी एंजल मॉडल स्कूल में आगामी 10 को धूमधाम के साथ वार्षिक समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में पिछले साल दसवीं की कक्षा में प्रथम रही वंशिता के अभिभावकों को समारोह में बतौर मुख्यातिथि आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। वंशिका के पिता राम लाल और माता ममता वैद्य समारोह के दौरान पाठशाला के अन्य विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाएंगे। इस समारोह में पाठशाला के स्टूडेंट्स द्वारा कई तरह के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जैसे कि कुल्लवी नाटी, पुराने रीति-रिवाज को दर्शाता कुल्लू का फैशन शो, देश भक्ति से प्रेरित गीत, अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को दर्शाता लोक नृत्य, सोशल मीडिया और ड्रग्स के दूष्प्रभाव को दिखाती प्रस्तुति शामिल है।

# निधि सकलानी ने नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**





पर्यटन नगरी मनाली में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राज योगा मेडिटेशन सेंटर मनाली की संस्था द्वारा नशा निवारण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

मनाली में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में नायब तहसीलदार निधि सकलानी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। निधि सकलानी ने कहा कि नशे के बढ़ते प्रचलन के प्रभावी रोकथाम के लिए इस तरह के कार्यक्रम सराहनीय हैं। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है। निधि ने मीडिया से भी आह्वान किया कि लोगों को जागरूक करने के लिए अपना योगदान दें। मनाली केंद्र की कार्यक्रम प्रभारी राज योगनी संध्या बहन ने निधि सकलानी का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। निधि ने जागरूकता वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संध्या बहन ने नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर बताया कि लाहौल घाटी के बाद अब मनाली में नशा निवारण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# 'जिम्मेदार यात्री नामक' खेल से दी रोचक जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति के सिस्सू में लायूल उत्सव का आयोजन किया गया।

रोहतांग टनल बनने से यह जिला पर्यटन के क्षेत्र में देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में अपनी अलग पहचान बना चुका है। हर साल की भांति सिस्सू में आयोजित होने वाले लायुल महोत्सव के दौरान पीटीडीसी सिस्सू और कोकसर ने पंचायत स्तर पर आयशर ग्रुप फाउंडेशन, स्थानीय समुदाय के माध्यम से, टिकाऊ पर्यटन पर काम कर रहे पीपल फॉर हिमालयन डेवलपमेंट (पीएचडी) जो पर्यटन प्रबंधन और योजना पर काम कर रहे संगठन के सहयोग से एक जागरूकता स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल का मुख्य उद्देश्य पर्यटकों और स्थानीय लोगों को जिम्मेदार यात्रा और पर्यटन के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इसके तहत, अपने स्थान को जानें और जिम्मेदार यात्री नामक एक मजेदार खेल का आयोजन किया गया, जिसके द्वारा लोगों को रोचक जानकारी प्रदान की गई। खेल जीतने पर विजेताओं को उपहार भी दिए गए।



इस स्टॉल के माध्यम से स्थानीय समुदाय और पर्यटकों को पर्यटन योजना और प्रबंधन के बारे में बताया गया, जिसमें जोर दिया गया कि स्थानीय लोग अपने क्षेत्र को सबसे अच्छी तरह जानते हैं और वे ही पर्यटन को सही दिशा में संचालित कर सकते हैं। सिस्सू और कोकसर पंचायतों में पीटीडीसी (पंचायत टूरिज्म डेवलपमेंट कमेटी) का गठन किया गया है, जो स्थानीय स्तर पर पर्यटन की योजना और प्रबंधन का कार्य कर रही है। पीटीडीसी का उद्देश्य है कि पंचायत अपने संसाधनों और सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करते हुए जिम्मेदार और टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देना है। पीपल फॉर हिमालयन डेवलपमेंट पीएचडी ने इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए कोकसर के पंचायत प्रधान सचिन मिरुपा और सिस्सू के पंचायत प्रधान राजीव खंगसारापा एवं मेला आयोजन कमेटी के अध्यक्ष सुशांत मिरुपा को बधाई दी।





**आयोजन** दशहरा उत्सव के दौरान दिन और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाए जाएंगे

# अटल सदन भवन परिसर में बनेगा दूसरा सांस्कृतिक मंच

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुछ ही दिनों के अंदर कुल्लू जिला मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

7 दिनों तक मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अपना ही महत्व होता है और मेले के दौरान आने वाले लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जम कर लुत्फ उठाते हैं। वैसे तो दशहरे के दौरान सिर्फ लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता था, लेकिन वर्ष-2023 से सांस्कृतिक संध्या के कार्यक्रम के लिए कुछ बदलाव लिए गए थे और इसी बदलाव के मद्देनजर प्रदर्शनी मैदान में अस्थायी मंच का निर्माण कर दिन के समय बहुत से कार्यक्रम करवाए गए। इस साल फिर से बदलाव करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अटल सदन भवन के परिसर में एक अस्थायी मंच का निर्माण किया जा रहा है, जहां पर दिन के बहुत से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा साथ ही ऑडिशन में चयनित हुए नवोदित कलाकारों को भी मंच पर प्रस्तुति का मौका दिया जाएगा। रथ मैदान के बीच में बनी दीवार को तोड़ा कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच बनाने की प्रकिया को शुरू किया गया। (अनंत ज्ञान)



अटल सदन भवन परिसर के प्रांगण में मंच के निर्माण के लिए तोड़-फोड़ करते मजदूर।

### खेलकूद प्रतियोगिताओं पर पड़ सकता है असर

**दशहरा** उत्सव के दौरान रथ मैदान में आयोजित होने वाले भव्य रथयात्रा के उपरांत खेलकूद से संबंधित बहुत सी गतिविधियां करवाई जाती रही हैं और इन खेलकूद प्रतियोगिताओं का लुत्फ मेले में आने वाले हजारों लोग उठाते हैं, लेकिन अब इस स्थान पर सांस्कृतिक मंच के बनने से खेलकूद प्रतियोगिताओं और दर्शकों के बैठने की जगह के लिए प्रशासन किस तरह से तालमेल बैठा पाते हैं ये गौर करने वाली बात होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा चुनाव : चंडीगढ़ भाजपा ने जीत का जश्न मनाया



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चंडीगढ़ के अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने आज हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर पार्टी कार्यालय कमलम में चंडीगढ़ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर मिठाई बांटी गई और कार्यकर्ताओं ने पटाखे चलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। जश्न के दौरान जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि हरियाणा की जनता ने एक बार फिर से भाजपा की विकास और सुशासन की नीतियों पर विश्वास जताया है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व और केंद्र की योजनाओं का नतीजा है, जिससे आम जनता का जीवन स्तर सुधरा है। मल्होत्रा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा नेतृत्व की भी तारीफ की, जिन्होंने राज्य में भाजपा की जीत को सुनिश्चित किया। (अनंत ज्ञान)

### पंचकूला सीट से कांग्रेस के चंद्रमोहन जीते

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजों में पंचकूला विधानसभा सीट से कांग्रेस को बड़ी जीत हासिल हुई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार और हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता को कड़े मुकाबले में 1,976 मतों से हराया। 17 राउंड की मतगणना के बाद चंद्रमोहन को 67,253 मत मिले, जबकि गुप्ता को 65,277 मत प्राप्त हुए। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार प्रेम गर्ग तीसरे स्थान पर रहे, उन्हें 3,329 वोट मिले, जोकि विजेता से 63,924 मतों से पीछे थे। इनेलो के उम्मीदवार डॉ. क्षितिज चौधरी को मात्र 1,374 वोट मिले। जजपा के सुशील गर्ग को 1,153 वोट मिले जबकि निर्दलीय उम्मीदवार एम. पी. शर्मा ने 305 मत प्राप्त किए। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब में आढ़तियों ने हड़ताल वापस ली

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आढ़तियों (कमीशन एजेंटों) के एक प्रतिनिधिमंडल को केंद्र के समक्ष उनके मुद्दों को उठाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद उन्होंने अपनी हड़ताल वापस लेने का फैसला किया। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई है। पंजाब के आढ़ती एसोसिएशन के आढ़ती अपने कमीशन में बढ़ोतरी सहित बाकी अन्य मांगों के समर्थन में हड़ताल पर थे। सीएम मान ने कहा कि राज्य सरकार आढ़तियों की वास्तविक मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनकी अधिकांश मांगें केंद्र से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि आढ़ती शुल्क में वृद्धि का मुद्दा केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा, क्योंकि इससे आढ़तियों को 192 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। सीएम मान ने पूरी खरीद प्रक्रिया में आढ़तियों की भूमिका की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह राज्य में खरीद कार्यों की निगरानी के लिए मंडियों का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धान की खरीद और उठान को सुचारू और परेशानी मुक्त तरीके से सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मान ने कहा कि राज्य सरकार को फसल खरीद सत्र के दौरान 185 लाख टन धान की खरीद की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि राज्य में 32 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती की जा रही है।



### बांग्लादेशी तस्करों ने किया हमला, एक ढेर



**नई दिल्ली।** त्रिपुरा में सालपोकर के सीमावर्ती इलाके में भारतीय सीमा में अपने साथियों के साथ घुसपैठ करने वाले एक बांग्लादेशी तस्कर को बीएसएफ के जवानों ने जवाबी कार्रवाई में ढेर कर दिया। हथियारों से लैस बांग्लादेशी तस्कर भारत में तस्करी करने का प्रयास कर रहे थे। समूह में 12 से 15 तस्कर शामिल थे और यह घटना सोमवार की शाम करीब छह बजे त्रिपुरा के गोकुल नगर के सालपोकर में हुई।

### जॉर्डन ने लेबनान से 44 नागरिकों को निकाला

**अम्मान।** जॉर्डन के सैन्य बलों के एक विमान में सवार होकर 44 जॉर्डनियों के एक समूह को लेबनान से निकाला गया। जॉर्डन सशस्त्र बल-अरब सेना की ओर से संचालित निकासी विमान मानवीय सहायता लेकर लेबनान के राफिक हरीरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। जॉर्डन के उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों और प्रवासी मंत्री अयमान सफादी ने कहा कि यह समूह लेबनान में जॉर्डनियों की सबसे बड़ी संख्या का प्रतिनिधित्व करता है, जो बढ़ते क्षेत्रीय संघर्षों के बीच घर लौटने की मांग कर रहे हैं।

### अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने के मामले में केस दर्ज

**बलिया (उप्र)।** नगरा थाना क्षेत्र के कोठियां गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरेशी ने बताया कि नगरा थाना में अंबेडकर सेवा समिति, कोठियां के अध्यक्ष हिमांशु कुमार की तहरीर पर कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### देश का चाय निर्यात 23.79 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का चाय निर्यात इस साल जनवरी से जुलाई के बीच सालाना आधार पर 23.79 प्रतिशत बढ़कर 14.45 करोड़ किलोग्राम हो गया। चाय बोर्ड के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2023 इसी अवधि में निर्यात 11.67 करोड़ किलोग्राम रहा था। हालांकि, निर्यात से प्राप्ति 2024 के पहले सात महीनों में सालाना आधार पर 264.96 रुपए प्रति किलोग्राम से घटकर 256.37 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। इस बीच, चाय बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय ने चाय उद्योग के विकास और संवर्धन के लिए 664.09 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है।

# यूसीसी क्रियान्वयन की अंतिम रिपोर्ट तैयार, जल्द मुख्यमंत्री को सौंपी जाएगी

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के क्रियान्वयन के लिए नियमावली बना रही समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट तैयार कर ली, जिसे जल्द ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया जाएगा। घटनाक्रम से संबंधित एक सूत्र ने बताया कि प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय समिति ने यहां बीजापुर राज्य अतिथिगृह में हुई अपनी अंतिम बैठक में यूसीसी के क्रियान्वयन के लिए अंतिम मसौदा रिपोर्ट पर अपनी मंजूरी की मुहर लगा दी।




उन्होंने बताया कि समिति द्वारा मंजूर की गई 500 पृष्ठों की इस अंतिम मसौदा रिपोर्ट को अब छपवाया जाएगा और उसके बाद एक सप्ताह या 10 दिन के अंदर मुख्यमंत्री को सौंप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री यूसीसी को लागू करने के लिए 9 नवंबर को प्रदेश के स्थापना दिवस की समयसीमा पहले ही तय कर चुके हैं। समिति द्वारा अंतिम मसौदा रिपोर्ट को वक्त पर सौंपे जाने से यूसीसी को तय समयसीमा में लागू किए जाने का रास्ता साफ हो जाएगा।

समिति की सिफारिशों में शादी और लिव-इन के पंजीकरण और वसीयत के दस्तावेजीकरण और सुधार के लिए डिजिटल सुविधाओं को विकसित करना भी शामिल है। समिति द्वारा यह सुझाव भी दिया गया है कि विवाह के पंजीकरण के लिए डिप्टी रजिस्ट्रार या ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सक्षम अधिकारी होना चाहिए। आजाद भारत के इतिहास में यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य होगा।

## सीएम धामी ने किया 7 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**जगदीश शर्मा, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बेतालघाट, नैनीताल में शहीद खेमचन्द्र डोरबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने 1486.75 लाख की कुल 7 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिसमें 691.06 लाख की 6 योजनाओं का लोकार्पण एवं 795.69 लाख की 1 योजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कई घोषणाएं की, जिसमें सुयालबाड़ी ओडाखान मोटर मार्ग के मध्य से 4 किमी लंबे छीनी मटेला मोटर मार्ग के निर्माण की स्वीकृति, सुयालबाड़ी ओडाखान मोटर मार्ग के मध्य से सुयालबाड़ी गांव की ओर 2.5 किमी लंबे मोटर मार्ग का निर्माण, छीयोड़ी सुयालखेत मोटर मार्ग के मध्य से चाफा गॉव तक 2 किमी लंबे मोटर मार्ग का निर्माण, विकासखण्ड बेतालघाट एवं कोटाबाग के नोनिया विनायक मोटर मार्ग से बिडारी पोखरधार मोटर मार्ग का मिलान एवं चौड़ीकरण कर हॉटमिक्स का कार्य, बेतालघाट दुर्गापुरी माता के मंदिर को मानसखंड परियोजना के अन्तर्गत स्वीकृति, सूखा मल्ली चुलिया गोल्जयू देवता मैतू मुकोटी मंदिर को मानसखण्ड परियोजना के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान करने, भवाली रामनगर एवं भीमताल नगर पालिका क्षेत्र में सीवर एवं ड्रेनेज प्लान, लेटीबुंगा एवं भीमताल में मिनी स्टेडियम की स्वीकृति, रामनगर-बेतालघाट टू लेन सडक मार्ग की तथा महाविद्यालय बेतालघाट में आडिटोरियम के निर्माण कार्य करने घोषणा शामिल है। (अनंत ज्ञान)

### पीएम से शिष्टाचार भेंट



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर प्रधानमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये जीत प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आम जन के विश्वास को प्रदर्शित करती है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति और बाबा केदारनाथ जी का प्रसाद भी भेंट किया।

## दुकान पर दो हमलावरों ने की गोलीबारी

**एजेंसी, कपूरथला**

पंजाब के कपूरथला में दो लोगों ने बस स्टैंड के पास स्थित एक मोबाइल की दुकान पर करीब 15 गोलियां चलाईं और पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (जांच) सरबजीत सिंह राय ने बताया कि नकाबपोश हमलावरों ने दुकान की खिड़कियों के शीशों पर गोलियां चलाईं। राय ने बताया कि वे मोटरसाइकिल पर आए और एक कर्मचारी के हाथ में एक पर्चा थमाकर पांच करोड़ रुपए की मांग की। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## 15 बीमार पाकिस्तान सिख श्रद्धालुओं को हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित श्री हेमकुंड साहिब से 15 बीमार पाकिस्तानी सिख श्रद्धालुओं को मंगलवार को हेलिकॉप्टर की मदद से गोविंदघाट पहुंचाकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने यहां बताया कि ये श्रद्धालु अपने 87 अन्य साथियों के साथ सोमवार को लगभग 16,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा पर आए थे।

उन्होंने बताया कि 16 किलोमीटर (किमी) की खड़ी पैदल चढ़ाई पार कर हेमकुंड साहिब पहुंचे इस जत्थे में शामिल 15 श्रद्धालुओं को ऊंचाई और थकान के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होने लगीं।

पुलिस ने बताया कि चिंताजनक स्थिति होने पर स्थानीय चौकी प्रभारी अमनदीप सिंह ने इन बीमार श्रद्धालुओं के लिए हेलिकॉप्टर की व्यवस्था कर उन्हें गोविंदघाट पहुंचाया।

उन्होंने बताया कि उन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

हेमकुंड साहिब पहुंचने के लिए बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बदरीनाथ से 18 किलोमीटर पहले गोविंद घाट से अलग रास्ते पर जाना पड़ता है। गोविंदघाट से पुलना गांव तक सड़क से और फिर वहां से 16 किमी की पैदल यात्रा कर हेमकुंड साबिह पहुंचा जा सकता है।

# मिथुन चक्रवर्ती को मिला दादा साहब फाल्के पुरस्कार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को मंगलवार को सिनेमा के क्षेत्र में सरकार का सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां विज्ञान भवन में 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के दौरान 'मृगया', 'डिस्को डांसर' और 'प्रेम प्रतिज्ञा' जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुके चक्रवर्ती को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया।



तालियों की गड़गड़ाहट के बीच चक्रवर्ती (74) ने अपने संबोधन में कहा, ''मैं आपके आशीर्वाद से एक बार फिर इस मंच पर आया हूं। मुझे कोई भी चीज थाली में परोस कर नहीं मिली, मैंने बहुत संघर्ष किया। लेकिन आज, यह पुरस्कार प्राप्त करने के बाद, मैंने शिकायत करना बंद कर दिया है। भगवान का शुक्र है, आपने ब्याज सहित मुझे सब कुछ वापस दे दिया।''

चक्रवर्ती का असली नाम गौरांग चक्रवर्ती है। उन्हें वर्ष 2022 के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य चक्रवर्ती को तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने के कुछ महीने बाद मिला है।

अभिनेता पुणे के भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) के पूर्व छात्र हैं। मिथुन ने मुख्य रूप से हिंदी और बांग्ला सिनेमा में काम किया है।

मृणाल सेन की 1976 में आई फिल्म 'मृगया' से चक्रवर्ती ने फिल्मों में अभिनय की शुरुआत की थी जिसके लिए उन्होंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीता था।

उन्होंने 1992 की फिल्म 'तहादेर कथा' (सर्वश्रेष्ठ अभिनेता) और 1998 की फिल्म 'स्वामी विवेकानंद' (सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता) के लिए भी दो और राष्ट्रीय पुरस्कार जीते।

## देश-विदेश

# ताजमहल को देखकर मंत्रमुग्ध हुए मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू

**एजेंसी, आगरा**

**मालदीव** के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और उनकी बेगम साजिदा मोहम्मद ने मंगलवार को ऐतिहासिक ताजमहल का दीदार किया और 17वीं शताब्दी की वास्तुकला के इस अद्भुत नमूने को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। चार दिवसीय द्विपक्षीय यात्रा पर भारत आए मुइज्जू ने आगंतुक पुस्तिका में लिखा कि इस मकबरे की खूबसूरती का वर्णन करना कठिन है। मंत्रमुग्ध कर देने वाली यह धरोहर उत्कृष्ट प्रेम तथा वास्तुशिल्प का प्रमाण है।



# इसराइली हमले में हिज्बुल्लाह का कमांडर ढेर

**एजेंसी, यरुशलम**

**इसराइली** सेना ने सोमवार रात को बेरूत में हमला किया। इस हमले में हिज्बुल्लाह का एक वरिष्ठ कमांडर को मार गया।

सेना ने कहा कि हमले में सुहैल हुसैनी मारा गया, जो आतंकवादी समूह के साजोसामान, बजट और प्रबंधन की देखरेख के लिए जिम्मेदार था। वहीं, हिज्बुल्लाह ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। सेना ने कहा कि हुसैनी ईरान से आधुनिक हथियारों की आपूर्ति करने तथा हिज्बुल्लाह की विभिन्न इकाइयों में उनके वितरण में शामिल था तथा वह समूह की सैन्य परिषद का सदस्य था। इसराइल ने हाल ही में हिज्बुल्लाह के शीर्ष नेता हसन नसरल्ला और कई शीर्ष कमांडरों को मार गिराया है।



### लेबनान पर समंदर के रास्ते हमला करेगा इसराइल

**तेल अवीव।** इसराइली सेना ने कहा कि वह जल्द ही लेबनान के दक्षिणी तटीय इलाके में ऑपरेशन शुरू करेगी। सेना ने लेबनान के लोगों को समुद्र तटों से दूर रहने की सलाह दी है। मछुआरों को भूमध्य सागर से सटे 60 किलोमीटर तक के इलाके में न जाने की चेतावनी दी गई है। इसराइली सेना ने कहा कि लेबनान में हिज्बुल्लाह के 120 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया। लेबनान की हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक इस हमले में 10 फायर फाइटर्स (दमकलकर्मी) की मौत हो गई। इसके अलावा अभी भी कई लोग मलबे में दबे हुए हैं।

## पीएसएलवी-37 रॉकेट के ऊपरी हिस्से का पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश : इसरो

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को घोषणा की कि पीएसएलवी-37 रॉकेट का ऊपरी हिस्सा पूर्वानुमान के अनुरूप पुन: पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश कर गया है।

इस रॉकेट ने सात वर्ष से अधिक समय पहले रिकॉर्ड संख्या में 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण किया था। बेंगलुरु मुख्यालय वाले इसरो ने बताया कि पीएसएलवी-सी37 को 15 फरवरी, 2017 को कार्टोसैट-2डी को मुख्य पेलोड के तौर पर व 103 अन्य उपग्रह के साथ प्रक्षेपित किया गया था। उसने कहा कि इसने एक ही यान से 104 उपग्रहों को प्रक्षेपित करने वाले पहले मिशन के रूप में इतिहास रच दिया।

## आरजी कर मामला : 50 वरिष्ठ डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी, कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल सरकार द्वारा चिकित्सकों से काम पर लौटने का अनुरोध किए जाने के बावजूद, कनिष्ठ चिकित्सकों ने दुर्गा पूजा उत्सव के बीच लगातार चौथे दिन मंगलवार को अपना 'आमरण अनशन' जारी रखा। करीब 50 चिकित्सकों ने बलात्कार एवं हत्या की शिकार प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के लिए न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता दर्शाने के लिए मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया। आरजी कर अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार एवं हत्या की घटना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों के साथ एकजुटता दर्शाने के लिए करीब 15 वरिष्ठ चिकित्सकों ने प्रतीकात्मक अनशन किया।



### झारखंड में ईडी ने डाली डीटीओ-सीओ समेत कई के ठिकानों पर रेड, कैश बरामद

**रांची।** झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची और धनबाद में डीटीओ और सीओ समेत कई के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने छह करोड़ की वसूली के मामले में यह कार्रवाई की है। डीटीओ दिवाकर प्रसाद के देव विहार स्थित आवास पर पहुंची और यहां से भारी मात्रा में कैश बरामद किया।

# किम जोंग ने दक्षिण कोरिया, अमेरिका के खिलाफ परमाणु हमले की दी धमकी

**एजेंसी, सियोल**

**उत्तर** कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक बार फिर चेतावनी दी है कि वह दक्षिण कोरिया और अमेरिका के साथ संभावित संघर्ष में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। किम ने दोनों देशों पर उत्तर कोरिया को युद्ध के लिए उकसाने और कोरियाई प्रायद्वीप में दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।



किम पहले भी कई बार इस तरह की धमकी दे चुके हैं। किम की हालिया चेतावनी अमेरिका में अगले महीने होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले उत्तर कोरिया की ओर से दुश्मनी को बढ़ावा देने के इरादे से दी गई है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के अनुसार, किम जोंग उन ने अपने नाम पर बने विश्वविद्यालय किम जोंग उन यूनिवर्सिटी ऑफ नेशनल डिफेंस में अपने संबोधन में कहा कि अगर उत्तर कोरिया के खिलाफ सशस्त्र बलों का उपयोग करने का प्रयास किया जाता है तो उत्तर कोरिया बिना किसी हिचकिचाहट के अपने शत्रुओं के खिलाफ अपनी सारी आक्रामक क्षमताओं का उपयोग करेगा। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## माउंट धौलागिरी चोटी पर गिरने से 5 रूसी पर्वतारोहियों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में विश्व की सातवीं सबसे ऊंची चोटी 'माउंट धौलागिरी' पर फिसलकर गिर जाने से पांच रूसी पर्वतारोहियों की मौत हो गई है।

पर्वतारोही अभियान संचालित करने वाले एक आयोजक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूसी पर्वतारोही नेपाल के शरदकालीन पर्वतारोहण सत्र के दौरान 8,167 मीटर ऊंचे माउंट धौलागिरी शिखर के लिए चढ़ाई चढ़ रहे थे। काठमांडू स्थित 'आई एएम ट्रैकिंग एंड एक्सपीडिशन' के पेम्बा जंगबू शेरपा ने बताया कि ये पर्वतारोही रविवार से लापता थे और मंगलवार को राहत बचाव के लिए निकले एक हेलिकॉप्टर से उनके शव देखे गए।

### भारतीय वायुसेना के 92वें वार्षिक दिवस समारोह पर बोले वायुसेना प्रमुख अमरप्रीत

# वायुसेना हर स्थिति से निपटने को तैयार

**एजेंसी, चेन्नई**

**वायुसेना** प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने मंगलवार को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) से वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इसे पुन: संगठित करने का आह्वान करते हुए कहा कि वैश्विक सुरक्षा का माहौल लगातार बदल रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा संघर्षों ने एक मजबूत और सक्षम वायुसेना की आवश्यकता को दर्शाया है।





भारतीय वायुसेना को हमारे राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। भारतीय वायुसेना के 92वें वार्षिक दिवस समारोह के अवसर पर यहां के निकट ताम्बरम स्थित वायुसेना स्टेशन पर परेड की समीक्षा करने के बाद उन्होंने कहा कि नवोन्मेष और लीक से हटकर सोच के साथ नवीनतम प्रौद्योगिकी को अपनाना, आज के बहुक्षेत्रीय वातावरण में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। हमारी वायुसेना हर चुनौती से निपटने को तैयार है। पिछले साल वायुसेना ने परिचालन की क्षमताओं को मजबूत करने, अपने पेशेवर रुख को बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति की और निरंतर विकसित होते चुनौतीपूर्ण आधुनिक युद्ध को लेकर खुद को उसके अनुकूल ढालने का प्रयास किया।

# सेंसेक्स 584 और निफ्टी में 217 अंक का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**




**सेंसेक्स** मंगलवार को 584 अंक की तेजी के साथ 81,634 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 217 अंक की तेजी रही, ये 25,013 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 1,322 अंक चढ़कर 55,439 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 36 में तेजी और 14 में गिरावट रही। मीडिया सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.11 फीसदी की तेजी रही। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.00 फीसदी की गिरावट रही। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 9.41 फीसदी की गिरावट और चीन का शंघाई कम्पोजिट 4.59 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार बंद हुआ।

# श्रीलंका पर बड़ी जीत से नेट रन रेट में सुधार करने उतरेगा भारत

**एजेंसी, दुबई**

बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैच में मिला-जुला परिणाम हासिल करने वाली भारतीय टीम महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप-ए में बुधवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने नेट रन रेट में सुधार करने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसे अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 106 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसने 18.5 ओवर खेले।

भारत की टूर्नामेंट में अभी तक सबसे बड़ी समस्या बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन रहा है, विशेष कर शेफाली वर्मा और उप-कप्तान स्मृति मंधाना अभी तक टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे पाए हैं।

शेफाली ने जहां पहले दो मैच में दो और 32 रन बनाए वहीं मंधाना 12 और सात रन ही बना सकी। मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर दबाव कम करने के लिए इन दोनों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

अभी तक दो मैच में 15 और 29 रन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर का गर्दन में चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ खेलना संदिग्ध है, जिससे भारत की समस्या और बढ़ गई है। हरमनप्रीत पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी करते समय चोटिल हो गई थी और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा था।



शाम 7:30 बजे शुरू होगा मैच

ऐसी परिस्थितियों में जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और रिचा घोष को बल्लेबाजी ने अधिक जिम्मेदारी निभानी होगी।

मध्यम गति की गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में 19 रन देकर तीन विकेट हासिल करके अच्छा प्रदर्शन किया था, भारतीय टीम स्पिन विभाग में दीप्ति शर्मा पर बहुत अधिक निर्भर है, लेकिन वह टूर्नामेंट में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। श्रीलंका के खिलाफ भारत को केवल जीत नहीं बल्कि बड़ी जीत की जरूरत है जिससे कि उसके नेट रन रेट में सुधार हो सके।

ICC WOMEN'S T20 WORLD CUP

### संभावित टीमें

**भारत।** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजना सजीवन में से।

**श्रीलंका।** विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, अनुष्का संजीवनी, नीलाक्षिका सिल्वा, चमारी अटापट्टू (कप्तान), कविशा दिलहारी, अमा कंचना, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, सचिनी निसानसाला, उदेशिका प्रबोधनी, इनोका राणावीरा में से।

## युवा ब्रिगेड बांग्लादेश के खिलाफ दबदबा बरकरार रखने उतरेगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय युवा ब्रिगेड बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना दबदबा बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी।

बांग्लादेश की टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके तीन मैच की सीरीज को जीवंत बनाए रखने की कोशिश करेगी, लेकिन सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पहले मैच में जिस तरह का प्रदर्शन किया था उसे देखते हुए मेहमान टीम के लिए यह आसान काम नहीं होगा।

ऋषभ पंत, अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम दिए जाने के बावजूद भारतीय टीम ने ग्वालियर में पहले मैच में जिस तरह से शुरू से लेकर आखिर तक अपना दबदबा बनाए रखा उससे सीमित ओवरों की क्रिकेट में उसकी मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' का पता चलता है।



शाम 7 बजे शुरू होगा मैच

संजू सैमसन इस मैच में अपनी चमक बिखेरने के लिए आतुर होंगे। उन्होंने 2015 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था, लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होने के कारण वह अंदर बाहर होते रहे। सैमसन और उनके साथ पारी की शुरुआत करने वाले अभिषेक शर्मा पिछले मैच में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए थे। वहीं बांग्लादेश के अनुभवी हरफनमौला महमूदुल्लाह ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की और भारत के खिलाफ मौजूदा सीरीज का तीसरा और अंतिम मुकाबला इस प्रारूप में उनका आखिरी मैच होगा।

### स्पोर्ट्स विंडो

#### पोस्टर गर्ल बनी निशानेबाज मनु भाकर

**नई दिल्ली।** निशानेबाजी में भारत के लिए दो ओलंपिक पदक लाने वाली मनु भाकर ने खेल जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। अपने असाधारण निशानेबाजी कौशल के लिए जानी जाने वाली भाकर ने अपने करियर में कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें विभिन्न निशानेबाजी प्रतियोगिताओं में कई पदक शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक में अपनी शानदार प्रतिभा दिखाने के बाद, वह भारत की पोस्टर गर्ल बन गई हैं।



#### विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप 12 से 17 नवंबर तक मुंबई में

**मुंबई।** विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप (डब्ल्यूपीसी) 12 से 17 नवंबर तक मुंबई में आयोजित की जाएगी, जिसमें दुनिया भर के लगभग 650 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ (एआईपीए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे पहले यह प्रतियोगिता वियतनाम और बाली में आयोजित की गई थी, जिसमें भारतीय टीमों ने अच्छा प्रदर्शन करके कई पदक जीते थे। आयोजकों के अनुसार मुंबई में होने वाली प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, ताइवान, पोलैंड, सिंगापुर जैसे देशों के लगभग 650 खिलाड़ी भाग लेंगे। एआईपीए के अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने विज्ञप्ति में कहा, ''इससे पिकलबॉल से जुड़े लोगों को भारत में वैश्विक प्रतिभा देखने का मौका मिलेगा। यह हमारे लिए सभी स्तरों पर खेल के विकास को बढ़ावा देने का भी मौका है।'' पिकलबॉल टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के मिश्रण वाला खेल है।

#### मेरे बेटे को पांच करोड़ और फ्लैट मिलना चाहिए : स्वप्निल के पिता

**मुंबई।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज स्वप्निल कुसाले के पिता ने महाराष्ट्र सरकार से उनके बेटे को मिली दो करोड़ की पुरस्कार राशि पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उनका बेटा इससे अधिक सम्मान राशि पाने का हकदार है। कोल्हापुर के रहने वाले 29 वर्षीय स्वप्निल कुसाले ने अगस्त में पेरिस ओलंपिक खेलों की निशानेबाजी प्रतियोगिता में 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उनके पिता सुरेश कुसाले ने कहा कि उनके बेटे को पांच करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि और पुणे के बालेवाड़ी में छत्रपति शिवाजी महाराज खेल परिसर के पास एक फ्लैट मिलना चाहिए। स्वप्निल पिछले 72 वर्षों में (1952 में पहलवान केडी जाधव के बाद) महाराष्ट्र के केवल दूसरे व्यक्तिगत ओलंपिक पदक विजेता हैं।

#### सीनियर महिला टी-20 : बंगाल की कप्तानी करेंगी साइका इशाक

**कोलकाता।** साइका इशाक 17 अक्तूबर से शुरू होने वाले सीनियर महिला टी-20 टूर्नामेंट में बंगाल का नेतृत्व करेंगी। सोमवार को इसकी घोषणा की गई। टीम में टिटास साधु और धारा गुर्जर का भी नाम है, लेकिन उनकी मौजूदगी फिटनेस पर निर्भर होगी। तनुश्री सरकार को उपकप्तान बनाया गया है। प्रबल दत्ता टीम के मुख्य कोच हैं, जबकि भारत की दिग्गज खिलाड़ी झूलन गोस्वामी मेंटोर (मार्गदर्शक) है।




**टीम।** साइका इशाक (कप्तान), तनुश्री सरकार, प्रियंका बाला, ऋषिता बसु, मीता पॉल, स्नेहा गुप्ता, तिथि दास, अरुणा बर्मन, श्रयोशी आइच, सुष्मिता गांगुली, प्रतिवा राणा, सुजाता डे, झुमिया खातून, सष्टी मंडल, मोनिका मल, पियाली घोष, धारा गुज्जर, टिटास साधु।

## टीम इंडिया में पदार्पण के बाद मयंक का आईपीएल में 'करोड़पति' बनना तय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की युवा तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपना टी-20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 'मिलियन डॉलर क्लब' में शामिल होने के लिए तैयार हैं क्योंकि उन्हें रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) करने के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स को न्यूनतम 11 करोड़ रुपए (1.31 मिलियन डॉलर) की जरूरत होगी।

इसी तरह सनराइजर्स हैदराबाद को भी उसी मैच में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले हरफनमौला नीतीश कुमार रेड्डी की सेवाओं को रिटेन करने के लिए न्यूनतम 11 करोड़ रुपए का भुगतान करना होगा। आईपीएल रिटेंशन नियमों के अनुसार, नीलामी के आयोजन से पहले कोई भी 'अनकैप्ड खिलाड़ी' (जिसने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) तीनों प्रारूपों में से किसी एक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में


मयंक यादव

पदार्पण करता है, उसे 'कैप्ड प्लेयर' श्रेणी में पदोन्नत किया जाएगा।

आईपीएल में पहले रिटेंशन का खर्चा 18 करोड़ रुपए होगा, उसके बाद 14 करोड़ रुपए की दूसरी और 11 करोड़ रुपए की तीसरी रिटेंशन राशि होगी। अगर कोई फ्रेंचाइजी चौथे और 5वें रिटेंशन का विकल्प चुनती है तो उन्हें फिर से क्रमशः 18 करोड़ रुपये और 14 करोड़ रुपये देने होंगे।

टीमों के लिए रिटेंशन सूची की घोषणा करने की समय सीमा 31 अक्तूबर है लेकिन यह लगभग तय है कि लखनऊ की फ्रेंचाइजी के लिए मयंक शुरुआती तीन प्राथमिकता वाले खिलाड़ियों की सूची में होंगे। अनुभवी लोकेश राहुल, दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डीकॉक, वेस्टइंडीज के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस ऐसे नाम हैं, जिन पर टीम गंभीरता से विचार करेगी। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर और नए सलाहकार जहीर खान निश्चित तौर पर इस तेज गेंदबाजी सनसनी को टीम में बनाए रखना चाहेंगे।

रिटेन किए गए खिलाड़ियों की भविष्यवाणी करना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन 22 वर्षीय मयंक के बैंक खाते में धन वर्षा होना लगभग तय है। इस मामले की जानकारी रखने वाले आईपीएल के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया, ''ऐसा कोई कारण नहीं है कि एलएसजी मयंक जैसे प्रतिभाशाली गेंदबाज को नीलामी पूल में वापस रखे। उन्होंने पिछले दो सत्रों से इस युवा खिलाड़ी पर निवेश किया है।

## अनुराग ठाकुर से पैरालंपिक खिलाड़ी निषाद ने की मुलाकात



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने पेरिस पैरालंपिक-2024 में रजत पदक जीतकर विश्व में भारत और देवभूमि हिमाचल का मान-सम्मान बढ़ाने वाले निषाद कुमार का अपने आवास पर अभिनंदन कर उनकी उपलब्धियों व उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

अनुराग ठाकुर ने कहा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अंब के निवासी निषाद कुमार ने इस से पूर्व टोक्यो पैरालंपिक में भी रजत पदक जीतकर हम सबको गौरवान्वित किया था। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आगामी प्रतियोगताओं में निषाद अपनी शानदार खेल प्रतिभा से देवभूमि के मान को यूं ही बढ़ाते रहेंगे।

## पाल नौकायन में भारतीय जूनियर खिलाड़ियों ने जीते सात पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाल नौकायन के भारतीय जूनियर खिलाड़ियों ने ओमान में अंतरराष्ट्रीय रेगाटा मुस्साना रेस वीक में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य सहित सात पदक जीते।


फाइल फोटो

लड़कियों के 'ऑप्टिमिस्ट गर्ल्स अंडर-15' वर्ग में भारत का दबदबा रहा, जिसमें श्रेया कृष्णा लक्ष्मीनारायणन और कोमारवेल्ली लाहारी ने शीर्ष-2 स्थान हासिल किए। श्रेया ने 28 अंकों के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जबकि कोमारवेल्ली ने कुल 50 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

सिंगापुर की टोंग जुआन या ने कांस्य पदक हासिल किया। लड़कों के आईएलसीए-4 अंडर-16 वर्ग में भारत के शशांक बाथम और अक्षत कुमार ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। लड़कियों के आईएलसीए-4 अंडर-16 वर्ग में भारत की सौम्या सिंह पटेल और शगुन झा ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।भारत की मान्या रेड्डी लड़कियों के आईएलसीए-6 अंडर-19 श्रेणी में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गईं और यूएई की कैमेलिया अल कुबैसी के बाद दूसरे स्थान पर रही। यह प्रतियोगिता चार से सात अक्टूबर तक आयोजित की गई जिसमें ओमान, यूएई, कतर, कुवैत, थाईलैंड, सिंगापुर और भारत के कुल 106 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

## हॉकी इंडिया लीग भारतीय हॉकी की तस्वीर बदल सकती : सलीमा टेटे

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे का मानना है कि आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) युवा खिलाड़ियों के करियर को आकार देने और राष्ट्रीय टीम के लिए मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' (टीम के वैकल्पिक खिलाड़ी) बनाने में मदद करेगी।

इस साल के आखिर में शुरू होने वाली इस बहुप्रतीक्षित लीग की सात साल बाद वापसी हो रही है।

नए स्वरूप में एचआईएल में महिलाओं की अलग स्पर्धा पहली बार आयोजित होगी जो पुरुष प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी।

यह लीग 28 दिसंबर से एक फरवरी तक दो आयोजन स्थलों रांची (महिला) और राउरकेला (पुरुष) में खेली जाएगी।

पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ तो महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें शिरकत करेंगी।

## बिलासपुर बास्केटबॉल व हैंडबाल में बना चैंपियन



**अनंत ज्ञान, दधोल**

जिला कांगड़ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत में चल रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में बिलासपुर ने तीन खेलों बास्केटबॉल, हैंडबाल और फुटबाल को जीत कर राज्य स्तरीय चैंपियन का खिताब हासिल किया। बास्केटबॉल के फाइनल में बिलासपुर ने हमीरपुर को पराजित किया। अंतिम स्कोर बिलासपुर 67 और हमीरपुर 54 रहा।

हैंडबाल के खिताबी मुकाबले में बिलासपुर ने मंडी को 28-5 से करारी मात दी। इसके अतिरिक्त फुटबाल का मुकाबला बिलासपुर और शिमला के मध्य खेला गया जो बहुत रोमांचपूर्ण रहा और इस मैच का निर्णय पेनल्टीशूट से हुआ। जिसमें बिलासपुर ने शिमला को 3-0 से पराजित किया। जानकारी देते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल शारीरिक प्राध्यापक अश्वनी भारद्वाज ने बताया की ऐसा खिताब बिलासपुर ने वर्षों बाद पाया है। जिसके लिए उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लेने बाले बच्चों को बधाई दी है। इस प्रतियोगिता मे दधोल पाठशाला की 6 लड़कियों ने भाग लिया।

**टेनिस** वुहान ओपन में कतेरीना सिनियाकोवा ने फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला को दी मात

## सिटसिपास आसान जीत से अगले दौर में

**एजेंसी, शंघाई**

स्टेफानोस सिटसिपास ने शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां एलेक्जेंडर मुलर को 6-3, 7-5 से हराकर अपने कड़े प्रतिद्वंद्वी दानिल मेदवेदेव के साथ रोमांचक मुकाबले की नींव रखी।

यूनान के सिटसिपास और रूस के मेदवेदेव 14वीं बार और लगभग एक साल में पहली बार आमने-सामने होंगे। मेदवेदेव इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक खेले गए 13 मैचों में 9-4 से आगे हैं। इस बीच बेन शेल्टन ने रॉबर्टो कारबालेस बेना को 6-3, 6-4 से पराजित किया।

चौथे दौर में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। अन्य मैचों में टेलर फ्रिट्ज ने जापान के योसुके वतनुकी को 6-3, 6-4 से, ग्रिगोर दिमित्रोव ने


स्टेफानोस सिटसिपास

एलेक्सी पोपिरिन को 7-6(5) 6-3 से और गेल मोनफिल्स ने उगो हम्बर्ट को 7-6(7) 2-6 6-1 से हराया। उधर वुहान ओपन में कतेरीना सिनियाकोवा ने फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला पर 6-3, 6-1 की आसान जीत दर्ज की। वह दूसरे दौर में गत चैंपियन आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी। पोलैंड की मैग्डा लिनेट ने ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 6-2, 6-2 से और एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने अमेरिका की सोफिया केनिन को 6-1, 4-6, 6-4 से हराया।

## त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने मुंबा मास्टर्स को हराया

**एजेंसी, लंदन**

मौजूदा चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के पांचवें दिन शुरुआती मैच में अपग्रेड मुंबा मास्टर्स पर 10-8 से जीत हासिल की। अलीरेजा फिरोजा ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए टूर्नामेंट में पांचवीं जीत हासिल की। दोनों टीमों के पहले मुकाबले में कॉन्टिनेंटल किंग्स ने सफेद मोहरों से खेलते हुए फिरोजा, वेई यी और वेलेंटीना गुनिना की जीत के साथ मुंबा को 12-3 से हराया था।

इस मैच में मुंबा मास्टर्स के पास सफेद मोहरों से खेलने का मौका था। मुंबा के मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव ने फिरोजा से अपनी पिछली हार का बदला लेने की कोशिश की लेकिन उन्हें रणनीतिक गल्तियों का खामियाजा उठाना पड़ा।

विदित गुजराती ने वेई यी को



हराकर मुंबा मास्टर्स को बराबरी दिला दी। एलेक्जेंड्रा कोस्टेनीयुक ने कोनेरू हम्पी को हराकर कॉन्टिनेंटल किंग्स को बढ़त बढ़ा दी, लेकिन हरिका द्रोणावल्ली ने गुनिना को हराकर मुंबा को मैच में वापस ला दिया।

कॉन्टिनेंटल किंग्स के पास 9-7 की बढ़त थी और मैच के परिणाम का फैसला युवा खिलाड़ियों के बोर्ड पर होना था। मुंबा के रौनक साधवानी ने जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ बेहतर स्थिति में होने के बावजूद मुकाबला ड्रॉ करने पर सहमति जता दी जिससे कॉन्टिनेंटल किंग्स की 10-8 से जीत पक्की हो गई।